राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 रोहित ने लगाया करियर का...

कैंसर की वैक्सीन बनाने के ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 274 | पटना, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C
न्यूनतम तापमान 16°C

बाजार

सोना 63,405

चांदी 74,800

सेंसेक्स 72,050

निफ्टी 21,910

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री मोदी ने हरदीप पुरी को जन्मदिन की बधाई दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (गुरुवार) केंद्रीयमंत्री हरदीप पुरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए दीर्घायु होने की कामना की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल में केंद्रीयमंत्री पुरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में उनका काम सराहनीय है। वह भारत को पेट्रोलियम क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी सबसे आगे हैं। वह लंबा और स्वस्थ जीवन जिएं।

हेमंत सोरेन को भेजा गया जेल, अगली पेशी 22 को

रांची। झारखंड में जमीन घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लगातार 13 दिनों की पुलिस रिमांड के बाद गुरुवार को यहां ईडी कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले ईडी कोर्ट ने दो बार पांच-पांच दिन एवं एक बार तीन दिन की पुलिस रिमांड पर हेमंत को ईडी को सौप था। हेमंत की कोर्ट में पेशी को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कोर्ट में हेमंत सोरेन की आर से राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। आवश्यक कार्रवाई के बाद हेमंत सोरेन को केंद्रीय कारा होटवार जेल भेज दिया गया और अब 22 फरवरी को उनकी अगली पेशी होगी। उनकी पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए होगी। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

चुनावी बॉन्ड पर कोर्ट का निर्णय लोकतंत्र के लिए वरदान : चुनाव आयुक्त

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक मानते हुए इस योजना को रद्द कर दिया है। इस निर्णय के उपरांत भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने कहा कि पिछले 5-7 वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय से हमें मिला यह सबसे ऐतिहासिक निर्णय है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय लोकतंत्र के लिए एक बड़ा वरदान है। हम सभी पिछले कई वर्षों से इसके बारे में चिंतित थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र से प्यार करने वाले इसका विरोध कर रहे थे। मैंने खुद कई लेख लिखे और कई बार बात की। हमने जो भी मुद्दा उठाया था, फैसले में उसका निपटारा किया गया है। चुनावी बॉन्ड के मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट ले जाने वाली याचिकाकर्ता डॉ. जया ठाकुर का कहना है कि सूचना का अधिकार अधिनियम हमें दान के पैसे के बारे में पूछने का अधिकार देता है। यदि इसका खुलासा नहीं किया जाता है तो यह निश्चित रूप से उल्लंघन है।

सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों, सहायक प्राध्यापकों एवं व्याख्याताओं को मिला नियुक्ति पत्र

सीएम नीतीश ने 2 हजार 133 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

- उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा रहें मौजूद

प्रात : किरण

पटना। बिहार में नीतीश सरकार नौकरी व रोजगार देने की दिशा में तत्परता से काम कर रही है। विभिन्न विभागों में खाली पदों पर बहाली की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में बिहार सचिवालय सेवा अंतर्गत 1,333 सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत 228 सहायक प्राध्यापकों एवं 572 व्याख्याताओं सहित कुल 2,133 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से सहायक प्रशाखा पदाधिकारी मनीष कुमार, दीपिका कुमारी, जितेंद्र कुमार मंडल, सरिता कुमारी, सुशील कुमार, रुपा कुमारी, नीलम कुमारी तथा व्याख्याता पीयूष कुमार पाठक, शिप्रा भदानी एवं सहायक प्राध्यापक सारिका कुशवाहा को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में 50 अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री के अलावा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह ने भी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेंद्र, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अनुपम कुमार, पदाधिकारी मो सोहेल, पदाधिकारी गोपाल सिंह एवं अन्य वरीय अधिकारी एवं अभ्यर्थी उपस्थित थे।

नियोजित शिक्षकों को दो लिखित परीक्षा का मिलेगा मौका : चौधरी

पटना। बिहार सरकार ने राज्य में वर्षों से कार्यरत नियोजित शिक्षकों को राहत दी है। सरकार ने सक्षमता परीक्षा से छूट तो नहीं दी, लेकिन एक मांग मान लेने की घोषणा की है। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी बनने के लिए सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करना है। अब तक इसके लिए तीन ऑनलाइन परीक्षा का प्रावधान रखा गया था, जिससे नियोजित शिक्षक परेशान थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की तरफ से लगातार मांग की जा रही थी कि ऑनलाइन परीक्षाओं के साथ ऑफलाइन (लिखित) परीक्षा हो। पुराने शिक्षकों को कठिनाई से राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने दो बार ऑफलाइन (लिखित) सक्षमता परीक्षा भी आयोजित करने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शिक्षकों से अपील की है कि वे धैर्य रखें और किसी बहकावे में नहीं आएं। उन्होंने कहा- कुछ लोग अपना हित साधने के लिए उन्हें उकसा सकते हैं। सरकार उनके हितों का ख्याल रखेगी। हाल के दिनों में शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हुआ है तथा सुदूर इलाके के विद्यालय भी पूरे समय तक चलते हैं।

नंद किशोर यादव बने बिहार विधान सभा के अध्यक्ष

सीएम नीतीश और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी विस अध्यक्ष को आसन तक ले गए

- सीएम, डिप्टी सीएम, नेता प्रतिपक्ष व अन्य सदस्यों ने दी बधाई

प्रात : किरण

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव बृहस्पतिवार को निर्विरोध बिहार विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नए अध्यक्ष को आसन तक ले गए। मुख्यमंत्री ने नंद किशोर यादव को बधाई देते हुए कहा, आप एक अनुभवी नेता हैं। मैं आपको निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं। सभी विधायकों ने आपको समर्थन दिया है। मुझे यकीन है कि आप सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को सुनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भी जो अध्यक्ष थे उनको भी प्रणाम है। दोनों पक्ष के लोगों ने प्रस्तावित किया है।

आप खूब बढ़िया से काम कीजिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की बात सुनिएगा ऐसा हमें उम्मीद है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि आपको हमारी पार्टी की तरफ से व राष्ट्रीय अध्यक्ष की तरफ से बधाई है। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आप निष्पक्ष होकर सदन का संचालन करेंगे। आपका लंबा अनुभव है। पक्ष विपक्ष सभी के सहयोग से आप वहां बैठे हैं। तेजस्वी ने कहा कि बिहार का विपक्ष जनता के सवालों को उठाते रहेगा और आपके लिए सदन के सभी सदस्य बराबर हैं। तेजस्वी यादव ने उम्मीद जताई कि नए अध्यक्ष विपक्ष की बात भी सुनेंगे।

उन्होंने कहा, आप बहुत वरिष्ठ नेता हैं और मुझे यकीन है कि आप निष्पक्ष रहकर विपक्ष की बात भी सुनेंगे। उपमुख्यमंत्रियों सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने भी नंद किशोर यादव को बधाई दी। चौधरी ने कहा, आप हमारे वरिष्ठ नेता हैं और गुरु गोविंद सिंह जी की भूमि से संबंध रखते हैं। इसके लिए हम सभी अपने केंद्रीय नेतृत्व के आभारी हैं। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे नंदकिशोर यादव ने अपने पूर्ववर्ती राष्ट्रीय जनता दल के अवध बिहारी चौधरी के अध्यक्ष पद से हटने के बाद नामांकन दाखिल किया था। चौधरी को मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव के बाद पद छोड़ना पड़ा था। चौधरी के पद से हटने के बाद उपाध्यक्ष और जनता दल यूनाइटेड के नेता महेश्वर हजारी सदन की कार्यवाही का संचालन कर रहे थे। पटना साहिब निर्वाचन क्षेत्र का नाम उस स्थान पर स्थित सिख गुरूद्धारा के नाम पर रखा गया है जहां 10वें गुरु का जन्म हुआ था। नंद किशोर यादव ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत 1978 में 1982 में पटना नगर निगम के पार्षद के तौर पर की और बाद में पटना के उप महापौर बने। यादव 1995 में पहली बार विधायक चुने गए और कई बार नीतीश कुमार सरकार में मंत्री रह चुके हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए यादव के निर्वाचन को नई सरकार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और उच्च जातियों के बीच संतुलन बनाने के भाजपा के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

रास चुनाव : राजद उम्मीदवार मनोज झा व संजय यादव ने किया नामांकन

प्रात : किरण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार मनोज कुमार झा और संजय यादव ने बृहस्पतिवार को पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद की उपस्थिति में राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। दोनों नेताओं ने बिहार विधानसभा सचिव सह निर्वाचन पदाधिकारी राजकुमार जी के समक्ष दो-दो सेट में अपना-अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अवध बिहारी चैधरी, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, समीर कुमार महासेठ, ललित यादव, डॉ मोहम्मद शमीम अहमद, प्रोफेसर चंद्रशेखर, सुरेंद्र यादव, इसराइल मंसूरी, मुख्य सचेतक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अजय कुमार सिंह, डॉ करुणा सागर, ऋषि मिश्रा, विधायक विजय मंडल, सुदय यादव, अनिरूद्ध यादव, मुन्ना यादव, मो कारी सोहैब, विनय यादव, सतीश दास, मुकेश रौशन, भारत मंडल, राकेश रौशन, पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम, विजय प्रकाश, पूर्व विधायक रामाशीष यादव अबू दुजाना, डॉक्टर अनवर आलम, रियाज उल हक राजू सहित सैकड़ो की संख्या में राजद के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर महागठबंधन के कांग्रेस, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के विधायक भी उपस्थित थे।

हिंदुस्तान के डीएनए में मोहब्बत : राहुल गांधी

प्रात : किरण

औरंगाबाद। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि हिंदुस्तान के डीएनए में मुहब्बत होने के कारण भाजपा कभी अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाएगी। श्री गांधी ने गुरुवार को औरंगाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के क्रम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में हर रोज अन्याय हो रहा है। जिस समाज में अन्याय होता है उस समाज में हिंसा होगी ही, नफरत होगी ही। भाजपा के लोग पूरे देश में नफरत फैलाने में लगे हैं लेकिन हिंदुस्तान का डीएनए मोहब्बत का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले 40 वर्षों के दौरान सबसे अधिक बेरोजगारी अभी है। बड़े उद्योगपति चीन का सामान देश में बेच रहे हैं। ऐसे में देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

फैसला **उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार दिया**

चुनावी बांड योजना रद्द, उच्चतम न्यायालय का फैसला

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने देश में राजनीतिक दलों के चंदे लिए 2018 बनाई गई चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए गुरुवार को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ सर्वसम्मति से ये ऐतिहासिक फैसला दिया। अपने फैसले में पीठ ने चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बांड जारी करना बंद करने का निर्देश दिया। साथ ही, उसने राजनीतिक दलों को भी उन बांडों को वापस करने का निर्देश दिया, जो वैधता के 15 दिनों के भीतर के हैं और भुनाए नहीं गए हैं। संविधान पीठ ने एसबीआई को चुनावी बांड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों और बांड से संबंधित सभी विवरण तीन सप्ताह के भीतर (यानी 06 मार्च तक) चुनाव आयोग को सुपुर्द करने का भी निर्देश दिया।शीर्ष अदालत ने इसके अलावा चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया कि वह एसबीआई से बांड से संबंधित प्राप्त उन विवरणों को एक सप्ताह के भीतर (यानी 13 मार्च तक) अपनी वेबसाइट के जरिए सार्वजनिक कर दे। संविधान पीठ ने अपने फैसले में योजना के साथ-साथ इससे संबंधित आयकर अधिनियम और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में किए गए संशोधनों को भी रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनावी बांड योजना अपनी गुमनाम प्रकृति के कारण सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस प्रकार से यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा, ₹चुनावी बांड योजना, आयकर अधिनियम की धारा 139 द्वारा संशोधित धारा 29(1)(सी) और वित्त अधिनियम 2017 द्वारा संशोधित धारा 13(बी) के प्रावधान, अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह योजना सूचना के अधिकार के मुकाबले सूचनात्मक गोपनीयता के अधिकार को प्रधानता देती है। संविधान पीठ ने कहा, ₹व्यक्तियों के योगदान की तुलना में किसी कंपनी का राजनीतिक प्रक्रिया पर अधिक गंभीर प्रभाव होता है। कंपनियों द्वारा योगदान पूरी तरह से व्यावसायिक लेनदेन है। कंपनी अधिनियम की धारा 182 में संशोधन स्पष्ट रूप से कंपनियों और व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार करने के लिए मनमाना है।

संक्षिप्त खबरें

ब्रेनी एंड ब्राइट एकेडमी ने कराया क्विज प्रतियोगिता

फतुहा। गुरुवार को ब्रेनी एंड ब्राइट एकेडमी द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संबंध में कोचिंग के डायरेक्टर अमर मिश्रा ने बताया कि फतुहा में पहली बार हमारे संस्थान द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी भाषा में किया गया है। जिसमें बच्चों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं कोचिंग के प्राचार्य अभिषेक मिश्रा ने बताया कि विभिन्न ग्रूपों में प्रथम पुरस्कार - करण कुमार, आयुष कुमार, दुर्गा कुमारी, द्वितीय पुरस्कार-आदित्य कुमार, आर्यन राज, प्रशांत कुमार और तृतीय पुरस्कार - अनिशा कुमारी, ऋषिका कुमारी, हर्षित राज को दिया गया। पुरस्कार वितरण करते हुए सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर एस.एन. मिश्रा ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता से बच्चों का दिमाग उन्नत होता है। क्विज प्रतियोगिता से ही बच्चे सीखते हैं और अपनी शैक्षणिक योग्यता को मजबूत करते हैं। मौके पर सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

प्रेम प्रसंग मामले में युवक गिरफ्तार

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र केअंतर्गत दो महिने से एक युवक द्वारा नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर लेकर फरार हो जाने के मामले में पुलिस ने जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि नौबतपुर के रहने वाली एक नाबालिक लड़की के परिजन रूपसपुर इलाके में किराये का मकान लेकर रहते है। नगौली, सालिमपुर का रहने वाला युवक शाहिल कुमार नाबालिग लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और दो माह पहले उसको लेकर फरार हो गया। परिजन द्वारा युवक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत किये थे। पुलिस संज्ञान लेते हुए लड़की को सकुशल बरामद करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपित युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बदमाशों ने फूड डिलीवरी से सोने की चेन और फूड पार्सल को छीना

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लंका कालोनी में गुरुवार को बदमाशों ने फूड डिलीवरी बोवाए से सोने की चेन और फूड पार्सल छीन लिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस छानबीन करने में जुट गई।पीड़ित राजा बाजार निवासी विक्की कुमार ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत किया है।बताया कि एक फूड डिलीवरी में काम करता है। गुरुवार को सुबह में लंका कालोनी में अमन राज के आर्डर पर पार्सल लेकर पहुंचे।काल करने पर एक गली में बुलाया।उक्त आदमी ने अपना पार्सल ले लिया,जब मैं रूपए के लिए बोला तो उसने अपना मोबाइल निकला।जब तक मैं अपने मोबाइल के तरफ देखने लगे तो वहां उसके चार दोस्त जो अपने चेहरे को मुफ्लर से ढके थे,उसमें से एक ने बाइक पीछे से खींचा,जिससे मेरा संतुलन बिगड़ गया और मैं बाइक से गौर गया।फिर उनलोगों ने मेरे गले से सोने का चैन छिन लिया।

मौत मामले एक नामजद आरोपी को किया गिरफ्तार

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने मुबारकपुर कृषिफार्म निवासी शत्रुघ्न कुमार मौत मामले एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में मृतक के भाई कंचन राय ने मनीष कुमार समेत अन्य को आरोपित किया है। बता दें कि बुधवार की देर रात मुबारकपुर कृषि फार्म निवासी उजागीर राय के पुत्र शत्रुधन कुमार (24) को उसके दोस्तों ने गंभीरवस्था में देर रात को घर पर लाकर छोड़ दिया था। उपचार के ले जाने के दौरान मौत हो गई थी। मृतक ट्रैक्टर पर गिट्टी बालू लोड करने का काम करता था।बुधवार को देर शाम में दो साथी उसे बुलाकर घर से ले गये थे।

स्व पुरुषोत्तम रस्तोगी की स्मृति में महाभंडारा प्रसाद आयोजित

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता शहर में छोटे बाबू उर्फ पुरुषोत्तम रस्तोगी के नाम से प्रसिद्ध रहे कलाकार, समाजसेवी, भाजपा के स्थापना काल से जनसंघ से जुड़े थे। उनके घर अनेक दिग्गजों का आना-जाना लगा रहता था। उन्हें 17 भाषाओं के जानकार के साथ ही मृदुभाषी कहा जाता था। कम पढ़े होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन काल में दो पुस्तकें लिखीं, जो एमए के छात्रों को पढ़ाई जाती है। समाज सेवा उनके कण-कण में भरा था। वह पटना सिटी के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े थे। अपने जीवन काल में अटल बिहारी वाजपेयी, कैलाशपति मिश्र और गंगा प्रसाद जैसे अनेक लोगों से उनका सीधा संपर्क था। उक्त बातें गुरुवार को मारवाड़ी सेवा समिति पटना सिटी द्वारा आयोजित आए हुए अतिथियों ने कही।

परिजन किशोर को खोजते रहे, रात में नाला में मिला शव

मामला दर्ज, परिजनों की शिकायत पर पड़ोस का श्रवण गिरफ्तार, गया जेल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के दाउदबीघा स्थित नाला से पुलिस ने किशोर सागर का शव बरामद किया है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को मिली, लोग आक्रोशित हो गए। इसके बाद परिजनों के आरोप पर श्रवण कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इसके अलावा सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है। सागर की हत्या कर शव को नाला में डाला गया। इसकी पड़ताल की जा रही है।

हालांकि नाला इतना गहरा और बड़ा नहीं है कि उसमें डूब कर किशोर की मौत हो सके। किशोर सागर के मामा गणेश कुमार के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने फिलहाल पड़ोसी रिश्तेदार श्रवण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल दाउदबीघा के रहने वाले दीनदयाल प्रसाद के करीब 17 साल के बेटे सागर का शव पुलिस ने बुधवार की रात नाला से बरामद किया था। वह महावीर स्थान के पास स्थित नाला में था। रात में ही शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। शव को देखने से लग रहा था कि हत्या किए जाने के बाद साक्ष्य और तथ्यों को छिपाने की नीयत से ही शव को नाला में डाला गया है। मृतक के फुफेरे भाई सन्नी राज का कहना था कि बुधवार को मोहल्ले में एक वृद्ध का निधन हो गया था। इसके बाद दिन में करीब 11.30 बजे सागर घर से निकला है। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने काफी नाते रिश्तेदार और उसके मित्रों से लेकर संभावित स्थानों पर खोजबीन की, मगर कहीं उसका पता नहीं लग पाया। इसके बाद अगमकुआं थाना की पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों का आरोप और शंका पड़ोस में रहने वाले श्रवण कुमार पर है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की टीम को भी अनुसंधान में मदद के लिए बुलाया था, मगर उसका भी कोई परिणाम नहीं मिल पाया। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर आने पर माहौल गमगीन हो गया। महिलाएं शव से लिपट कर रोने लगीं। लोग जिस व्यक्ति पर उसे गायब कर हत्या किए जाने की शंका जाता रहे थे, उसकी गिरफ्तारी करने के लिए सभी गोलबंद हो गए। संयोग से श्रवण कुमार मिला भी। उसकी लोगों ने पिटाई की, मगर पुलिस ने उसे भीड़ से बचा कर अपने साथ ले गई। बताया जाता है कि पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद श्रवण कुमार से पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

नंद किशोर यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेताओं ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव को बिहार विधान सभा के अध्यक्ष बनने पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण साह, फतुहा विधानसभा प्रभारी कुंवर विजय पासवान, नगर मंडल प्रभारी हेमंत राज, भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, नगर महामंत्री अरूण झा, नगर महामंत्री अनामिका अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश नेता राणा राजेंद्र पासवान, भाजपा नेता मुन्ना सिंह, केशर प्रसाद, जिलामंत्री शोभा देवी, फतुहा नगर मंडल के वरीय उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, बबलू शाह, रंजना पटवा, अनुराधा सिंह, आजाद पासवान, नगर मंत्री रवि प्रकाश, संतोष साह, रीता पासवान, भाजयुमो अध्यक्ष सुरजीत कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजु मिश्रा, भाजयूमों जिला उपाध्यक्ष अभिषेक झा, महिला मोर्चा जिला मंत्री पूनम केसरी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीषा कुमारी आदि ने बधाई दी है।

केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं आयुष ने आंगनवाड़ी केंद्रों का किया दौरा

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की किया तारीफ

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं आयुष, डॉ. महेंद्र भाई मुंजपारा द्वारा गुरुवार को जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड के आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा किया गया. केंद्रीय समाज कल्याण मंत्री ने प्रखंड के वार्ड नंबर-30 स्थित दो आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 184, दशरथा 2 एवं केंद्र संख्या 179, भूपतिपुर 1 का दौरा व निरिक्षण किया।

उन्होंने निरिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा केंद्र पर उपस्थित बच्चों से भी बात की. इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस आभा प्रसाद, फुलवारीशरीफ प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी अर्चना सहित अन्य अधिकारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बच्चे मौजूद मौजूद रहे।

बच्चों से किया संवादः केंद्रीय राज्य मंत्री ने अपने भ्रमण के दौरान दोनों केंद्रों पर उपस्थित बच्चों से बात की और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की तारीफ की. इस अवसर पर सभी बच्चों ने मंत्री महोदय के समक्ष आकर्षक प्रस्तुति दी. उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से केंद्र पर दिए जा रहे पोषाहार की जानकारी ली और दैनिक मीनू के बारे में जाना. केंद्रीय राज्य मंत्री ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की तारीफ की और अपनी तरफ से पैसे देकर बच्चों के लिए कुछ अच्छी दिश बना कर खिलाने को कहा. इस अवसर पर दोनों केंद्रों पर सभी बच्चे अपनी साफ सुथरी पोषक में नजर आये।

आंगनवाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता बढ़ाने का निरंतर प्रयासः डॉ. कौशल किशोर, निदेशक, समेकित बाल विकास निदेशालय, बिहार सरकार ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता में इजाफा हो इसके लिए निदेशालय लगातार कार्य कर रहा है. उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि केंद्रों से बाँटने वाला पोषाहार उत्तम क्वालिटी का हो और इसके गुणवत्ता पर लगातार नजर रखी जा रही है. डॉ. कौशल किशोर ने बताया कि मातृ एवं शिशु पोषण को ध्यान में रखकर आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियमित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं और इनका सघन अनुश्रवण किया जा रहा है।

भारत में प्रतिबंधित एक करोड़ 34लाख कीमत के चाइनीच लहसुन को सीमा शुल्क ने किया जब्त

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतगर्त सीमा शुल्क मोतिहारी, प्रमंडल के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बॉर्डर चौक सिकटा में अवैध रूप से तस्करी कर भारतीय सीमा में नेपाल से लाये जा रहे आठ ट्रैक्टर के ट्रोली पर लदे लगभग 64 हजार किलोग्राम विदेशी लहसून को एस. एस.बी के अधिकारियों के सहयोग से सीमा शुल्क के अधिकारियों ने दिनांक 14.02.2024 को जब्त किया।

भारत सरकार द्वारा चाइनीज लहसून का आयात पूर्णतः प्रतिबंधित है क्योंकि इसमें हानिकारक फंगस (एम्बेलिसिया एली) पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिये काफी हानिकारक हैं। उपरोक्त जब्त किये गये लहसून चाइनीज मूल के बताए जा रहे हैं जिसका मूल्य अनुमानतः 1 करोड़ 34 लाख के करीब बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर मोतिहारी प्रमंडल के संयुक्त आयुक्त रोहित खरे के नेतृत्व में की गई जिसमें आनंद कुमार, अधीक्षक एवं अभिनव कुमार, निरीक्षक शामिल थे। आयुक्त महोदय, ने आगे बताया कि तस्करों द्वारा भारत-नेपाल की खुली सीमा का गलत इस्तेमाल कर देश को आर्थिक क्षति पहुँचाने के प्रयास को रोकने हेतु पटना कस्टम्स पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है एवं आने वाले समय में इस तस्करी निरोधी अभियान को और गति तथा सख्ती मिलेगी। साथ ही संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अन्य विभागों यथा एस.एस.बी, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्वयय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।

पूर्व जत्थेदार इकबाल सिंह को किस मद व क्यों 35 लाख किया भुगतान

तख्तश्री कमेटी के पूर्व महासचिव चरणजीत ने वर्तमान जीएस से पत्र भेज मांगी जानकारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में पदाधिकारी और सदस्यों के बीच पत्र युद्ध का दौर जारी है। ताजा मामला कमेटी के पूर्व महासचिव और सदस्य रहे चरणजीत सिंह ने महासचिव इंद्रजीत सिंह को पत्र भेज कर जानकारी मांगी है। सौंपे गए पत्र में चरणजीत सिंह ने कहा कि हमें विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि पूर्व जत्थेदार ज्ञानी इकबाल सिंह को कमेटी ने करीब 35 लाख रुपए का भुगतान किया है। इस संबंध में वह जानना चाहते हैं कि जब उनका इस्तीफा श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के आदेश पर प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की बोर्ड की मीटिंग में स्वीकार किया गया था। इसके पूर्व उन्होंने अपने पद से लिखित तौर पर इस्तीफा किया था। इसके बाद उन्हें लाखों रुपए भुगतान करने के पीछे क्या औचित्य है। किस मद से कब और किसलिए यह राशि ज्ञानी इकबाल सिंह को दिया गया है।

इस भारी भरकम राशि को दिए जाने के पहले कमेटी के द्वारा कोई प्रस्ताव पास किया गया था। उन्हें इतनी बड़ी राशि देने के साथ कोई शर्त लगाई गई है? यह सही है तो कब और क्यों लगाई गई? पत्र में यह भी पूछा गया है कि प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी को इस तरह से रुपया देने का अधिकार है। जब कमेटी के मातहत काम करने वाला कोई भी कार्यालय का पदाधिकारी, कर्मचारी या सेवादार सेवानिवृत्त होता है, तो उसे सेवानिवृत्ति का लाभ दिया जाता है। कितना और किस किस मद में देना है, यह भी तय है। इन्हें जो इतना रुपया दिया गया है, उन्हें वापस करने का या उनके पक्ष में आए पटना के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश के अनुपालन में दिया गया है। यदि ऐसा था, तो उन्हें इसकी पूरी जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाए। पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह के द्वारा वर्तमान महासचिव इंद्रजीत सिंह को पत्र दिए जाने के बाद एक बार फिर मामला सुर्खियों में आ गया है। श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा ज्ञानी इकबाल सिंह को तनखैया भी वर्ष 2022 के नवंबर-दिसंबर माह में घोषित कर दिया गया था। हालांकि अब तक वह तनखैयामुक्त नहीं हो पाए हैं।

कंगन घाट पर कल्पवास में चल रहा शांति महायज्ञ

नागा बाबा उर्फ तेल पानी बाबा विभिन्न बीमारियों का इलाज तेल-पानी से करते

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के गंगा नदी के कंगन घाट किनारे मेला सा दृश्य बना हुआ है। यहां अल सुबह से लेकर रात तक लोगों की चहलकदमी बनी रहती है। हर आयु वर्ग के महिला व पुरुष मेला का आनंद ले रहे हैं, तो दूसरी ओर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर भी अपने को धन्य कर रहे हैं। दरअसल यहां रायबाग कच्ची दरगाह के नागा बाबा उर्फ तेल पानी बाबा कल्पवास में कंगन घाट में विश्व शांति और सद्भाव के लिए श्री श्री 108 शांति महायज्ञ का आयोजन कर रहे हैं। यह 12 फरवरी से शुरू है। इसका समापन 22 फरवरी को होना है। इस संबंध में जब नागा बाबा उर्फ तेल पानी बाबा से बात की गई कि आपने कंगन घाट के स्थान का चयन ही क्यों किया, के जवाब में उनका कहना था कि कल्पवास में कंगन घाट में आए थे। श्री श्री 108 शांति महायज्ञ करने की योजना थी। इस महायज्ञ के निर्विघ्न व सही ढंग से संपन्न होने पर विश्व शांति, सद्भाव, सद्भावना, बुद्धि, सत्य पथ पर चलने, माता-पिता एवं बड़ों का आदर लोग करने लगते हैं। यह शांति महायज्ञ 22 फरवरी तक चलेगा। उस दिन प्रसाद का भंडारा बृहद पैमाने पर किया जाएगा। फिलहाल सुबह सात बजे से पूजा होमनादि शुरू होता है। पूर्वाह्न 11 बजे से रामलीला होता है। अपराह्न तीन से पांच बजे तक पूजा पाठ होता है। इसके बाद सायं 5 से 7 बजे तक प्रवचन गोपाल कृष्ण शास्त्री जी के द्वारा किया जाता है। वह खुद भी सायं सात से आठ बजे तक प्रवचन करते हैं। रात आठ बजे से रासलीला शुरू होता है। यह पूछे जाने पर कि आप विभिन्न बीमारियों का इलाज तेल और पानी की मदद से कैसे कर पाते हैं। इस पर नागा बाबा उर्फ तेल पानी बाबा का कहना है कि विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मरीज उनके पास आते हैं। वह तेल और पानी की मदद से उसका इलाज करते हैं। मरीज को शनिवार के दिन दोपहर 12 से दो बजे तक आना होता है। मरीज को अपने साथ आधा लीटर सरसों का तेल और एक लीटर पानी साथ में लाना होता है। मरीज को होने वाले लाभ के बारे में पूछे जाने पर नागा बाबा उर्फ तेल पानी बाबा ने कहा कि यह तो आप उन मरीजों से ही पूछें, जो तेल पानी की मदद से ठीक हुए हैं या नहीं ठीक हुए हैं। वही बेहतर बता सकेंगे। फिलहाल यहां मेला लगा है। लोग सुबह छह बजे से लेकर रात के 10-11 बजे तक यहां जुटे रहते हैं। यहां मेले में विभिन्न प्रकार के झूला, मौत का कुआं, ड्रैगन झूला, टावर झूला, ब्रेक डांस, इच्छाधारी नागिन, मीना बाजार आदि आबाद है। इस आयोजित श्री श्री 108 शांति महायज्ञ में मां गंगा सेवा समिति से जुड़े डॉ राजीव गंगौल, राजेश शुक्ला उर्फ टिल्लू के अलावा आर्या राय, अरुण राय, चंद्रकांत, दीपक कुमार, परमहंस सिंह, रामप्रीत दास, बृजमोहन झा आदि भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

पहले दिन सात केंद्रों पर शांतिपूर्ण रही मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिट । बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा गुरुवार को शुरू हुई। हालांकि पहले से सजग और चौकन्ना रहे परीक्षार्थियों के अभिभावक अपने बच्चों को समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचाने में सफल रहे। हालांकि अशोक राजपथ व सुदर्शन पथ में जाम की स्थिति देखी गई। फिर भी समय से पहले लोग निकल चुके थे। इस कारण से परीक्षा केंद्र पर कोई खास परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। विदित हो कि पटना सिटी के शहरी क्षेत्र में सात परीक्षा केंद्र बनाया गया है। छात्रों को परीक्षा भवन में प्रवेश के पूर्व पंक्तिबद्ध करा कर शरीर की तलाशी ली गई। इसके बाद ही अंदर प्रवेश करने दिया गया। छात्रों को सूई वाली घड़ी पहनने से नहीं रोका गया। अन्य घड़ियों को उतरवा दिया गया। इसके अलावा जूता-मोजा भी पहनने की अनुमति नहीं थी। उसे भी उतरवाया गया। परीक्षार्थी चप्पल पहनकर ही परीक्षा भवन के अंदर प्रवेश किए। हालांकि सिटी एसडीओ के द्वारा सातों परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 तहत निषेधाज्ञा लगा दिया गया था। इसके बावजूद भी परीक्षा केंद्र के बाहर भीड़ देखी गई।

96 घंटे चला सतनाम वाहेगुरु जाप के समापन पर सजा दीवान

गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के दरबार साहिब में सजा विशेष दीवान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पंजाब और हरियाणा से आए सैंकड़ो की संख्या में संगतों ने गुरुद्वारा बाललीला के दरबार साहिब में सतनाम वाहेगुरु का अखंड रूप से जाप किया। लगातार बिना क्रम तोड़े हुए दो-दो घंटा के अंतराल पर जत्था बदलता रहा और 96 घंटे तक जाप पूरा किया गया। इसका समापन गुरुवार को पूर्वाह्न दस बजे हुआ।

इसके बाद दरबार साहिब में विशेष दीवान सजा। इसमें हजूरी कथा वाचक दलबीर सिंह ने कथा कही। उन्होंने सतनाम वाहेगुरु के जाप के महत्व और इससे शरीर व मन से लेकर गुरु के प्रति समर्पण भाव पर विस्तार से व्याख्या की। वहीं हजूरी कीर्तनी ओंकार सिंह ने कीर्तन से संगतों को निहाल कराया। जत्था के प्रमुख सरदार सतनाम सिंह इस दौरान विशेष रूप से संगतों के साथ मौजूद थे।

गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत की ओर से बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा मिंटा सिंह, बाबा बलबीर सिंह, बाबा चमकौर सिंह, बाबा गुरबंत सिंह, प्रबंधक राजन सिंह, देवेंद्र सिंह, महंत बख्शीश सिंह, जोधबीर सिंह, करण सिंह आदि मौजूद थे। दीवान की समाप्ति विशेष अरदास के साथ हुई। इस दौरान गुरुद्वारा बाललीला प्रबंधन की ओर से विशेष लंगर की व्यवस्था की गई थी। वहीं जत्था के प्रमुख सतनाम सिंह के द्वारा सभी संगतों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया। धार्मिक आयोजन की समाप्ति के बाद सड़क मार्ग से दोपहर में जत्था पंजाब और हरियाणा के लिए प्रस्थान कर गया। जाते समय गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत प्रबंधन की ओर से रास्ते के लिए उन सबों को लंगर-पानी की व्यवस्था भी प्रदान की गई।

वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण पर क्लस्टर शिविर का आयोजन

उद्योग का ऑनलाइन रिटर्न भरने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । क्षेत्रीय कार्यालय, पटना की ओर से वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण पर क्लस्टर शिविर का आयोजन बियाडा फतुहा में किया गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय केराष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, पटना की ओर से शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य रूप से उद्योग का ऑनलाइन रिटर्न भरने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में औद्योगिक क्षेत्र, फतुहा के उद्यमियों ने हिस्सा लिया। देवेन्द्र कुमार, रश्मि रंजन, मनोज कुमार गुप्ता एवं डी.एन. प्रसाद वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों के द्वारा उद्यमियों को 2022-23 वर्ष के ऑनलाइन रिटर्न भरने का प्रशिक्षण परिमल उप निदेशक की अध्यक्षता में दी गयी। वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण के आंकड़े का प्रयोग भारत सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार के द्वारा संगठित क्षेत्रो के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं बनाने में इस आकडे का प्रयोग करती है। उपनिदेशक के द्वारा भी उसकी उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा उद्यमियों के साथ की गयी एवं ऑनलाइन रिटर्न भरने की जानकारी साझा की गयी । धन्यवाद ज्ञापन देवेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी के द्वारा दी गयी।

मंत्री डॉ प्रेम ने गुरु का बाग के प्रकाश पुंज का किया निरीक्षण

12.14 करोड़ की लागत से तालाब व अन्य विकास कार्य, दो माह में होगा पूरा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पर्यटन मंत्री डॉ प्रेम कुमार शुक्रवार की शाम को दीदारगंज स्थित गुरु का बाग स्थित प्रकाश पुंज का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री डॉ प्रेम ने कहा कि प्रकाश पुंज के समीप में डेढ़ एकड़ जमीन में तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। तालाब के चारों ओर पाथ-वे का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही ड्रेनेज सिस्टम और द्वार बनाने के साथ अन्य विकास कार्य को भी कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंत्री के साथ पर्यटन विभाग के महाप्रबंधक नंदकिशोर के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मंत्री ने दोहराया कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार संकल्पित होकर काम कर रही है। इसी के तहत 12 करोड़ 13 लाख 95 हजार रुपये की लागत से तालाब व अन्य विकास कार्य कराया जा रहा है। साइनेज लगाने का भी कार्य होगा। मंत्री के प्रकाश पुंज पहुंचने पर भाजपा महानगर के प्रवक्ता राजेश साह, मंडल के नेताओं में सुजीत कुशवाह, दिलीप चौधरी, हरेंद्र यादव, अरुण साह, रविंद्र सिंह, मनोज साह, राजेंद्र यादव आदि कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। मंत्री ने प्रकाश पुंज और बन रहे तालाब का भी निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने और दो माह के अंदर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

नंदकिशोर के विधानसभा अध्यक्ष के आसन पर आरूढ़ होने पर खुशी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के सात बार विधायक रह चुके भजियों में महामंत्री प्रदेश भाजपा के दो बार के अध्यक्ष एनडीए के प्रदेश संयोजक बिहार सरकार में मंत्री रहे और अब विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर अरुण होने पर नंदकिशोर यादव को उनके क्षेत्र की जनता सिर आंखों पर बैठाई है। लगातार उनके आवास के बाहर आतिशबाजी और मिठाई बांटने का दौर जारी रहा। की वे विधानसभा की कार्यवाही का संचालन करते रहे उनके विधानसभा क्षेत्र से लोग उनके सरकारी आवास पर जाकर बधाइयां देते रहे। भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मयंक कुमार जायसवाल, जिला मंत्री गुंजन कुमार, यश राज, राजन कुमार राज, अश्विनी राज यादव, मुरारी कुमार, राकेश नवरंग, आकाश कुमार केशरी, कौशल अम्बष्ठ, मनीष कुमार सिंह, रितिक हिन्द मौर्य, रंजीत राणा, अजीत यादव, अमित पांडेय आदि ने विधानसभा अध्यक्ष का पद संभालने पर खुशी जतायी है। पटना सिटी व्यापार मंडल के महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा, भगवती मोदी, दिलीप कुमार, श्री सनातनी सिख सभा के अध्यक्ष त्रिलोक सिंह निषाद, चंद्रवंशी विकास परिषद के अध्यक्ष जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, दिलीप, मुन्ना पांडेय, ललन कुमार, राजेश कुमार, गोर्बधन प्रसाद, संजय चौबे, त्रिभुवन प्रसाद अग्रहरि ने खुशी जतायी है। श्री गौरी शंकर मंदिर न्यास समिति के सचिव विश्वनाथ चौधरी दिलीप गुप्ता अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, पटना सिटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, डॉ राकेश कुमार प्रमिला श्रीवास्तव, उज्जवल सागर, राम कुमार, हेमलता शर्मा आदि ने कहा कि पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए गौरव की बात है कि स्थानीय विधायक ने हमेशा क्षेत्र की जनता का सर ऊंचा रखा है। लोगों को उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र का विधायक होने पर फख्र है।

विधानसभा में सीएम नीतीश व लालू प्रसाद मिले, एक-दूसरे का किया अभिवादन

राजद के रास उम्मीदवार के नामांकन में शामिल होने विस पहुंचे थे राजद सुप्रीमो

बधाई

भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव बृहस्पतिवार को निर्विरोध बिहार विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। विस अध्यक्ष बनने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने श्री यादव को बधाई दी।

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

सूबे में एनडीए की नई सरकार बनने के बाद पहली बार गुरूवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद की मुलाकात हुई। दोनों एक दूसरे से पूरे गर्मजोशी के साथ मिले। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को हाथ जोड़कर नमस्कार किया और फिर उनका हालचाल पूछा। उनके पास ही पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी खड़े थे। वह भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुस्कुराते हुए मिले। दोनों दिग्गज नेताओं के बीच किसी तरह की कोई तल्खी नहीं दिखाई दी। इस मौके पर लालू यादव के समर्थक लालू-तेजस्वी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। विधानमंडल में हुई मुलाकात :राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार मनोज झा और संजय यादव के नामांकन को लेकर लालू यादव गुरूवार को विधानसभा पहुंचे थे। इसी दौरान सीएम की मुलाकात राजद सुप्रीमो से हुई। वहां पहुंचने पर लालू प्रसाद यादव ने विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव के चेंबर में जाकर उनसे मुलाकात की, जहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा वहां पहले से मौजूद थे। दोनों उपमुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने हाथ जोड़कर एक दूसरे को प्रणाम किया। भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंद किशोर यादव को सर्वसम्मति से बिहार विधानसभा का स्पीकर चुना गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सदन में नेता प्रतिपक्ष बन गए हैं। विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन का नेता और तेजस्वी यादव को विरोधी दल का नेता घोषित किया है। लालू प्रसाद यादव ने नंदकिशोर यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस मौके पर तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू जी चाहते थे नंद किशोर विधानसभा अध्यक्ष बने तो निर्विरोध उनका निर्वाचन हो, इसलिए महागठबंधन ने अपना कोई उम्मीदवार नहीं दिया।

बधाई

पटना। भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव को निर्विरोध बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद राजद प्रमुख सह पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, विधान परिषद सदस्या सह पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने श्री यादव को बधाई दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहें।

तीसरे चरण में 87 हजार शिक्षकों की होगी नियुक्ति : उमेश

● कहा- नौकरी देने में बिहार सबसे अव्वल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को कहा कि नीतीश सरकार द्वारा युवाओं को नौकरी देने का सिलसिला निरंतर जारी है। नवंबर 2023 से जनवरी 2024 तक शिक्षक भर्ती के दो चरणों में करीब सवा दो लाख शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया था। अब तीसरे चरण की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है, जिसमें करीब 87 हजार नए शिक्षकों की बहाली होगी। उन्होंने कहा कि नौकरी देने के मामलें में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार की सरकार ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसकी सराहना देश के अन्य राज्यों में भी हो रही है। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय पार्ट-2 में दस लाख

सरकारी नौकरी और दस लाख रोजगार देने का वादा बिहार के युवाओं से किया था, तब बिहार में एनडीए गठबंधन की सरकार थी। राजद के लोग श्रेय लेने की कितनी भी कोशिश कर लें लेकिन बिहार की महान जनता इस सच्चाई को जानती है। राजद के नेताण सिर्फ सोशल मीडिया प्रचार और पोस्टर-बैनर में भरोसा रखते है, जब भी उन्हें काम करने का अवसर जनता ने दिया है, तब उन्होंने बिहार को लूटने का काम किया है। लेकिन हमारे नेता अपनी चिंता किये बगैर दिन-रात जनता की सेवा में जुटे रहते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नौकरी देने का जो लक्ष्य निर्धारित किया था, उसे पूरा करने की ओर हम तेज गति से आगे बढ़ रहे है। हम जनता से जो वादा करते हैं, उसे समसमय पूरा करने का काम करते है। नौकरी देने में बिहार अन्य विकसित राज्यों के मुकाबले काफी आगे है। श्री कुशवाहा ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की एनडीए सरकार बन चुकी है, अब दुगुनी रफ्तार से युवाओं को नौकरी देने का काम होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि निजी सेक्टर में रोजगार सृजन के लिए भी नीतीश सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। देश-दुनिया के निवेशकों में भी अब बिहार के प्रति विशेष रुचि दिख रही है। नए उद्योग-धंधे लगने से बिहार के युवाओं को लाखों की संख्या में रोजगार प्राप्त होगा।

लोकतान्त्रिक मूल्यों और संविधान की हुई जीत : राजद

पटना। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को रद्द करने के फैसले को राजद ने ऐतिहासिक बताया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व तमिलनाडु के पूर्व डीजी डॉ. करुणा सागर यह लोकतान्त्रिक मूल्यों और संविधान की जीत है। राजद प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 2017 में इलेक्टोरल बॉन्ड योजना की घोषणा की थी, जिसे 29 जनवरी 2018 को कानूनी तौर पर लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि तोड़-मरोड़ और गठजोड़ की राजनीति में माहिर भाजपा ने यह स्कीम अपने निजी हितों की पूर्ति के लिए बनाई थी, अन्यथा इसे सूचना के अधिकार से वंचित रखने के पीछे उनकी की क्या मंशा रही होगी? अपने पहले कार्यकाल में काला धन वापस लाने का दावा करने वाले क्या बताएंगे कि इस स्कीम से उनके पास कितना काला धन अर्जित हुआ है? राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि यह फैसला राजनीतिक दलों को जवाबदेह बनाने और चुनावी प्रणाली में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सभी 40 सीटों पर एनडीए की होगी जीत : रामकृपाल

● सांसद ने संसदीय क्षेत्र में निर्मित सड़क का किया उद्घाटन

पटना। पाटलिपुत्र लोक सभा के सांसद रामकृपाल यादव ने गुरुवार को पीएमजीएसवाई फेज दो योजना के तहत 2.54 करोड़ की लागत से निर्मित धोबिया कालापुर से नवही भाया तिसखोरा महम्मदपुर 5. 2 किमी लंबी सड़क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा की एनडीए की डबल इंजन की सरकार में पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछ गया है। पहले पालीगंज, मसौढ़ी, बिक्रम, बिहटा, मनेर से पटना पहुँचने में घंटो लगते थे परंतु अब लोग एक घंटा के अंदर में पटना पहुंचते हैं। जिसके कारण आस पास के ग्रामीण इलाकों में आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। रोजगार के अवसर बढे हैं। बेहतर इलाज के लिए लोग पटना जल्दी पहुंचने लगे हैं। इस बार एनडीए को सभी 40 सीटों पर बिहार की जनता का आशीर्वाद मिलेगा।

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, उच्च न्यायालय, पटना का कार्यालय

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–10 वर्ष 2023–24

भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 22.02.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। मुहरबंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी एवं निर्धारित के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए कोटेशन का मूल्य, ओ–ग्रास के माध्यम से एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

कार्य की विवरणी:–

क्र०सं०	कार्य का नाम/विशिष्टियां	मात्रा	ईकाई	उद्यृत दर (अंक एवं अक्षर में)
(A)	Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) at Hon'ble Judges Resi No.1,9,11 & 14 Circular Road and 16M, 17M, 20M at Strand Road Patna			
(B)	Name of Work: - S/F/F of water storage heater with accessories etc at different Hon'ble Judges Residence of Patna High Court, Patna			
(C)	Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) of A/I and A/II of newly constructed flats at Adalatganj, Patna (44 Flats)			
(D)	Name of Work: - Emergent day to day repairing work in the Centenary Building (2nd Floor), Patna High Court, Patna			
(E)	Name of Work: - Emergent Repairing of Water supply, sanitary installation and Sewerage system (Day to day work) at Hon'ble Judges Resi No. 14,17,19&21 (for 14 & 21 only) Bailey Road, Patna			
(F)	Name of Work : Cleaning & desilting of Drainage System of all Around the Main Building of Patna High Court in Summer Vacation			

PR. No. 017396 (BCD) 2023-24

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

17 महीनों के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं : तेजस्वी

● जिला अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की संयुक्त बैठक में बोलें नेता प्रतिपक्ष

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की संयुक्त बैठक नेता प्रतिपक्ष के आवास 05 देश रत्न मार्ग पटना में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव से रणविजय साहू ने की। राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने बैठक के संबंध में सारी बातों की जानकारी दी। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि आप सभी आम लोगों के बीच जाएं और पार्टी के संगठन की मजबूती के लिए जनता और जनता के सवालों को उठाने का कार्य करें।

साथ ही सभी को आमलोगों को 17 महीने में महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों को बताएं। तेजस्वी ने आगे कहा की 2020 के चुनाव में जो हमने नौकरी देने का संकल्प लिया था उस दिशा में हमने उपमुख्यमंत्री बनने के बाद महागठबंधन सरकार के द्वारा पांच लोग लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने काम किया। कहा कि हमने यह साबित कर दिया की जो हम कहते हैं,उसे पूरा करते हैं और यह हमारा संकल्प आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से मांग है कि महागठबंधन सरकार के द्वारा शिक्षकों की बहाली के साथ साथ शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने,स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों एक लाख 35 हजार को जल्द से जल्द करने सहित अन्य विभागों के रिक्त पदों को भरने का महागठबंधन सरकार का जो संकल्प लिया था, उसे पूरा किया जाए। कहा कि बिहार में हमने जातीय गणना कराकर आरक्षण की व्यवस्था को तमिलनाडु के तर्ज पर 75 प्रतिशत किया। जनता को यह भी बताना है कि लालू प्रसाद जी का सामाजिक न्याय के साथ जो गरीबों के प्रति सोच रहा है उसको हम सभी मिलकर आगे ले जाने का काम करेंगें। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों से संगठन की मजबूती के लिए मिल-जुल कर काम करने तथा प्रभारी के द्वारा दिए गए दिशा- निर्देश के अनुसार संगठन को गांव और बुथ स्तर मजबूत बनाने का संकल्प लेकर इस दिशा में अमली जामा पहनाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज झा ,राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि बैठक शुरू होते ही सभी ने एक स्वर से प्रोफेसर मनोज कुमार झा और संजय यादव को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई ।

एलेक्ट्रल बॉड की व्यवस्था समाप्त किए जाने का फैसाला स्वागत योग्य : गगन

पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भारत सरकार द्वारा बनाई एलेक्ट्रल बॉड की व्यवस्था को असंवैधानिक करार दिए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मा. सर्वोच्च न्यायालय ने न सिर्फ. एलेक्ट्रल बॉड को असंवैधानिक बताते हुए रोक लगा दी है, बल्कि इस अपारदर्शी और सत्ताधारी दल भाजपा को फायदा पहुँचाने वाली चंदा योजना को लाने के लिए हर कदम को असंवैधानिक करार दिया है। यह व्यवस्था संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(ं) का उल्लंघन है, और सूचना के अधिकार का हनन करता है।इसे लाने के लिए असंवैधानिक रूप से रिप्रजेंटेशन ऑफ पीपुल एक्ट , कम्पनीज एक्ट और आयकर कानून में बदलाव किए गए हैं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इस व्यवस्था के आड़ में भाजपा बड़े पैमाने पर काले धन को अपने राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल कर रही थी। राजद प्रवक्ता ने एसबीआई से एलेक्ट्रल बॉड से सम्बंधित सभी विवरण को शीघ्र हीं सार्वजनिक करने की मांग की है जिससे जनता को यह मालूम हो सके कि किसने किस दल को कितना पैसा दिया।

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

बिहार सरकार

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 171 वर्ष 2023–24

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 23.02.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्प्यूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

Sl No.	Name of Work/Specifiation
01.	Supply and Installation of Water cooler, R.O. UHD Display, Desktop Computer System and Sofa Set in Newly Constructed Conference Hall at Abhilekh Bhawan, Patna for the year 2023-24.
02.	Supply and Installation of Cantilever Visitor Chair For Newly Constructed Conference hall at Abhilekh Bhawan, Patna for the year 2023-24.

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 17467 (B C D) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।

जमुई रेलवे स्टेशन को मिला नया फूटओवर ब्रिज : चिराग

पटना। जमुई लोकसभा के सांसद चिराग पासवान ने बताया है कि जनता से किए गए वादे के अनुरूप लगभग 1 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत जमुई रेलवे स्टेशन को नया फूटओवर ब्रिज मिला है। उक्त जानकारी श्री चिराग पासवान ने ट्वीट के माध्यम से दी। कहा कि जमुई की देवतुल्य जनता की समस्या और परेशानी को समझता हूं। कुछ समय पूर्व मेरे संज्ञान में आया कि जमुई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा हेतु नए फुट ओवरब्रिज की आवश्यकता है। मेरे प्रयास से और रेल मंत्रालय के सहयोग से अब नया फुट ओवरब्रिज समर्पित किया जा चुका है। जल्द ही इसका शिलान्यास किया जाएगा। मैं आजीवन जमुईवासियों की सेवा एवं सुविधा के लिए प्रयत्नशील रहने को कृतसंकल्पित हूं। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

बिहार में छायी सरकारी नौकरियों की बहार: राजीव

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

बिहार में नौकरियों व रोजगार सृजन की दिशा में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आज कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरे किये जा रहे 7 निश्चयों से बिहार में सरकारी नौकरियों व रोजगारों की बहार छायी हुई है। 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देने के उनके निश्चय के तहत तेजी से काम चल रहा है। इनके तहत जहां सरकारी विभागों में लगातार नियुक्तियां निकाली जा रही हैं वहीं अन्य योजनाओं के जरिये रोजगारों का सृजन भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में शिक्षा, पुलिस प्रशासन व अन्य विभागों में तकरीबन 5 लाख नियुक्तियां हो चुकी हैं। वहीं आने वाले एक वर्ष में तीन लाख अन्य नियुक्तियों का लक्ष्य रखा गया है। सरकार की तत्परता से इस तीन लाख में से 2 लाख 64 हजार से अधिक नियुक्तियों पर काम शुरू भी हो चुका है। इसमें 2.46 लाख पदों पर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा भर्ती की जायेगी जिसमें शिक्षकों की संख्या सर्वाधिक होगी। इसके अलावा 10.37 हजार पदों पर बिहार कर्मचारी चयन आयोग बहाली करने वाला। इसके लिए विज्ञापन जारी करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। वहीं बिहार तकनीकी सेवा आयोग द्वारा 7.87 हजार पदों पर नियुक्ति होने वाली है। इसके लिए अधियाचना भेजी जा चुकी है और जल्द ही बहाली प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इनके अलावा राज्य में रोजगारों के सृजन की दिशा में भी तेजी से काम चल रहा है। बिहार लघु उद्यमी योजना द्वारा 94 लाख परिवारों को स्वरोजगार के लिए 2-2 लाख रु देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी तरह मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत युवाओं को उद्योगों की स्थापना के लिए 2450 करोड़ रु दिए गये हैं जिससे हजारों युवा अपना उद्योग स्थापित कर चुके हैं। राज्य में बढ़ रहे निवेश से भी लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। इसके अतिरिक्त सरकार के विकासपरक योजनाओं व किये जा रहे निर्माण कार्यों से भी लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

एमएसएमई ने किया एक दिवसीय उधमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

● उद्यमियों, भावी उद्यमियों को उद्यमिता के महत्व के बारे में दी गई जानकारी

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

एमएसएमई द्वारा गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग गया के सभागार मे एक दिवसीय उधमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एमएसएमई मंत्रालय के उद्यमिता सह कौशल विकास योजना के अंतर्गत कार्यालय के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख सीएसएस राव, आईईडीएस के नेतृत्व मे आयोजित की गई,जिसका उद्देश्य, उद्यमियों,भावी उद्यमियों, छात्रों-छात्राओ के बीच उद्यमिता के महत्व, प्रक्रियाओ, इस संबंध मे विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं विभिन्न प्रक्रियाओ के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सम्राट एम झा, आईईडीएस, सहायक निदेशक ग्रेड -क, एमएसएमई - ड़ीएफओ, पटना ने अपने स्वागत भाषण मे सभी अधिकारियों,अतिथियों ,उधमियों तथा उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत पौधा गमला भेंट कर किया एवं कार्यक्रम उदेश्य के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुये उन्होने उधमिता

किसान संगठन दिल्ली चलो अभियान पर निकल पड़े हैं। इससे 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। तब आंदोलन से निपटने के सरकारी उपाय किसानों का हौसला तोडे में नाकाम रहे थे। क्या इस बार सरकार सफल होगी? किसान संगठनों की मांगों का ना सिर्फ वर्तमान सत्ताधारी पार्टी, बल्कि आज की पूरी पॉलिटकल इकॉनमी के साथ तीखा अंतर्विरोध है। इसलिए इसमें कोई हैरत की बात नहीं कि चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों की टीम के साथ इन संगठनों की बातचीत नाकाम हो गई। दोनों पक्षों में सहमति सिर्फ तभी बन सकती है, जब उनमें से कोई अपने बुनियादी प्रस्थान बिंदु से हटने को तैयार हो। सरकार तो संभवतः तब तक ऐसा नहीं करेगी, जब तक किसान अपने आंदोलन को इतना बड़ा ना बना दें, जिसका असर सत्ताधारी दल की चुनावी संभावनाओं पर महसूस होने लगे। दूसरी तरफ सरकार की मौजूदा नीतियों से किसान और कृषि अर्थव्यवस्था जिस तरह बदहाल हो रहे हैं, उसके बीच इन संगठनों के पास भी लंबी लड़ाई लडे के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। यही कारण है कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद फिर एक बड़े किसान आंदोलन की शुरूआत हो गई है।कई किसान संगठन मंगलवार को अपने दिल्ली चलोइ अभियान पर निकल पड़े हैं। इसके तहत हजारों किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर दिल्ली आने की तैयारी में हैं। इस बीच 16 फरवरी को किसान संगठन देश भर में ग्रामीण बंद का आयोजन करेंगे। उस रोज ट्रेड यूनियनें भी उनकी इस लड़ाई में शामिल होंगी। दस ट्रेड यूनियनों ने उस दिन हड़ताल पर जाने का एलान किया है। इस बीच दिल्ली प्रशासन ने किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए कई उपाय किए हैं। दिल्ली की सभी सीमाओं पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती गई है। सड़कों पर सीमेंट के बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले उपकरणों को लगा दिया गया है। दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है, जिसके तहत किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन, जुलूस या यात्रा निकलना प्रतिबंधित कर दिया गया है। हरियाणा सरकार ने अलग से ऐसे उपाय किए हैं, जिससे किसानों को दिल्ली पहुंचने के पहले ही रोक दिया जाए। यानी 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। लेकिन तब ऐसे उपाय किसानों का हौसला तोडे में नाकाम रहे थे। क्या इस बार सरकार सफल होगी?

किसान मांगों के वित्तीय आयाम

यह किसान आंदोलन नहीं, हिंसक टकराव लगता है। चूंकि 2500 ट्रैक्टर और अन्य निजी गाडियां पंजाब से रवाना हुई थीं। वे दिल्ली जाने पर आमादा हैं। ऐसे में हालात हिंसक होना स्वाभाविक है। सुरक्षा बलों और पुलिस को ड्रोन से आंसू गैस के गोले दागने पड़े, क्योंकि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार का दायित्व है। किसानों को खदेडना पड़ा, तो पलट कर उन्होंने जमकर पथराव किया। शंभु बॉर्डर पर इस टकराव में 100 से अधिक किसान घायल हुए और 50 से ज्यादा बेहोश हुए, जबकि अंबाला के डीएसपी समेत 21 पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए। क्या ऐसे आंदोलन से किसानों की समस्याएं हल हो सकती हैं? मांगें मानी जा सकती हैं? दरअसल किसानों की मांगें वित्तीय और बजटीय अधिक हैं, लिहाजा आज हम उन्हीं आयामों का विश्लेषण करेंगे। सवाल है कि जब स्वामीनाथन आयोग ने नवंबर, 2006 तक अपनी छह रपटें भारत सरकार को सौंप दी थीं, तो उन्हें लागू क्यों नहीं किया गया? क्योंकि डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार जानती थी कि रपट के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय किया गया, तो वित्तीय स्थिरता डगमगा सकती है और खाद्य मुद्रास्फीति 25-30 फीसदी तक बढ़ सकती है। क्या किसान देश में ऐसे आर्थिक हालात चाहते हैं? प्रख्यात कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी का आकलन भी यही है। उनका कहना है कि मनमोहन सिंह सरीखे अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री एमएसपी गारंटी कानून का रास्ता नहीं अपनाएंगे, लिहाजा सरकार ने उन रपटों को लागू नहीं किया। यह आकलन भी है कि यदि सरकार को एमएसपी गारंटी पर ही 22-23 फसलों की खरीद करनी पड़े, तो उसे कमोबेश 10 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ेंगे। यह राशि देश के आधारभूत ढांचे के लिए तय बजट के लगभग बराबर है। हमारा कुल खर्च बजट करीब 45 लाख करोड़ रुपए का है। यदि इसका एक-चौथाई हिस्सा फसलों की खरीद पर ही खर्च किया जाता है, तो अन्य विकास परियोजनाओं का क्या होगा? मौजूदा सरकार ने अपने 10-साला कार्यकाल के दौरान 18.40 लाख करोड़ रुपए के एमएसपी बढ़ाए हैं। जाहिर है कि किसानों की फसलें बेहतर दाम पर बिक रही हैं। यदि उन्हें कम दाम मिलते हैं अथवा मंडियों में आढ़तियों के गिरोह किसान का आर्थिक शोषण करते हैं, तो वह खुले बाजार की व्यवस्था को स्वीकार क्यों नहीं करता? भारत सरकार की विभिन्न एजेंसियां 2.28 लाख करोड़ रुपए सालाना की फसलें खरीदती हैं, जबकि यूपीए सरकार के दौरान 1.06 लाख करोड़ रुपए की फसलों की खरीद ही की जाती थी। बहरहाल आंदोलित किसानों की मांगें सिर्फ एमएसपी गारंटी कानून तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आग्रह कर रहे हैं कि भारत ह्यविश्व व्यापार संगठनह्ण से बाहर आ जाए। उसके साथ समझौते को रद्द कर दे। यह कैसे संभव है? भारत ने यूपीए सरकार के दौरान इस संगठन के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। कल किसान कहेंगे कि अमुक देश के साथ कारोबार करना या नहीं करना है। वे अनाप-शनाप आग्रह कर सकते हैं। उन्हें मानना कैसे संभव है? इसके अलावा, किसान 10,000 रुपए माहवार की पेंशन और फसल बीमा की किस्त का सरकार द्वारा ही भुगतान की मांग भी कर रहे हैं। देश के अन्य समुदाय, पेशेवर और उद्यमी भी ऐसी मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। देश की सरकार क्या करेगी और बजट कहां से लाएगी? सिर्फ किसानों के लिए देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद नहीं की जा सकती।

कोटा से कैसे मिटेगा आत्महत्याओं का कलंक

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं।

रमेश सर्राफ धमोरा-
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)

कोटा में एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ का रहने वाला स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया था। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चैथा मामला है। 2 फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27) ने, 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) ने, 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी। राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानो में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। यहां पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनो के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 500-700 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित सरकार हरकत में आई है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला गया है। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए गये हैं जिन पर यदि कोई लटकने की कोशिश करेगा तो उस पर लगी डिवाइस में लगा सायरन बजने लगेगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी। कुछ दिनों पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक सुनवाई के दौरान कहा था कि कोटा में बच्चों की सुसाइड के लिए उनके माता-पिता जिम्मेदार हैं। क्योंकि परिजन अपने बच्चों से उनकी क्षमता से ज्यादा आस लगा लेते हैं।

राजनीतिक पैमाने पर रत्नों का चुनाव

दुनिया में नोबल पुरस्कारों को लेकर जैसी राजनीति होती रही है और पुरस्कार जिस तरह से भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होते रहे हैं उसी तरह भारत रत्न का भी मामला है। भारत के अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों को उनके निधन को दशकों बाद भारत रत्न दिया गया। सोचें, कैसी विडंबना है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को एमजी रामचंद्रन के दो साल बाद 1990 में भारत रत्न मिला और सरदार वल्लभ भाई पटेल व मोरारजी देसाई को राजीव गांधी के साथ 1991 में भारत रत्न दिया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण को तो और भी इंतजार करना पड़ा। उनको 1999 में भारत रत्न मिला तो मदन मोहन मालवीय को 2015 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भारत रत्न दिए जाने के इस पैटर्न को देख कर समझा जा सकता है कि किस तरह से विचारधारा के आधार पर सरकारों ने भेदभाव किया और भारत रत्नों का चुनाव किया। अब भी इस देश के सबसे मौलिक राजनीतिक-सामाजिक विचारक राममनोहर लोहिया को भारत रत्न नहीं मिला। बाबू जगजीवन राम से लेकर कांशीराम तक अनेक नेता ऐसे हैं, जिनको यह सम्मान नहीं मिला है। लेकिन इससे भारतीय राजनीति और समाज में उनक योगदान कम नहीं हो जाता है। चूंकि भारत रत्न के लिए ऐसी महान विभूतियों के नाम पर विचार नहीं होता है, जिनका निधन आजादी से पहले हो गया था इसलिए विभूतियों की सूची थोड़ी छोटी हो जाती है फिर भी ऐसी अनेक विभूतियां हैं, जो इससे वंचित रह गई हैं।

अजीत द्विवेदी-
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

दुनिया का कोई भी पुरस्कार या सम्मान किसी व्यक्ति की महानता के मूल्यांकन का पैमाना नहीं हो सकता है। पिछली सदी के सबसे महान राजनीतिक व सामाजिक विचारक और आंदोलनकारी महात्मा गांधी को शांति का नोबल पुरस्कार नहीं मिला है। लेकिन इससे गांधी की महानता में रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता है। ऐसे ही जितने लोगों को नोबल पुरस्कार मिले हैं वे सब हर कसौटी पर महान हैं ऐसा भी नहीं माना जा सकता है। दुनिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, खासकर शांति, साहित्य और अर्थशास्त्र का नोबल अक्सर भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होता है। अमेरिकी और पश्चिमी दुनिया के राजनीतिक नैरेटिव के हिसाब से ये पुरस्कार दिए जाते हैं। तभी इस सर्वोच्च पुरस्कार के विरोधाभास कई बार हैरान करने वाले होते हैं। महात्मा गांधी को शांति का नोबल नहीं मिला, लेकिन जिस व्यक्ति की कूटनीति से दुनिया के कई हिस्सों में हजारों लोग मारे गए उस हेनरी किसिंजर को शांति का नोबल मिला। अमेरिका को एक के बाद एक छह युद्धों में धकेलने वाले बराक ओबामा को भी नोबल मिला और दुनिया में युद्ध नीति के सबसे बड़े जानकार माने गए विंस्टन चर्चिल को शांति का तो नहीं लेकिन साहित्य का नोबल मिला। दुनिया में नोबल पुरस्कारों को लेकर जैसी राजनीति होती रही है और पुरस्कार जिस तरह से भू-राजनीतिक स्थितियों से प्रभावित होते रहे हैं उसी तरह भारत रत्न का भी मामला है। भारत के अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों को उनके निधन को दशकों बाद भारत रत्न दिया गया। सोचें, कैसी विडंबना है कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को एमजी रामचंद्रन के दो साल बाद 1990 में भारत रत्न मिला और सरदार वल्लभ भाई पटेल व मोरारजी देसाई को राजीव गांधी के साथ 1991 में भारत रत्न दिया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण को तो और भी इंतजार करना पड़ा। उनको 1999 में भारत रत्न मिला तो मदन मोहन मालवीय को 2015 में सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भारत रत्न दिए जाने के इस पैटर्न को देख कर समझा जा सकता है कि किस तरह से विचारधारा के आधार पर सरकारों ने भेदभाव किया और भारत रत्नों का चुनाव किया। अब भी इस देश के सबसे मौलिक राजनीतिक-सामाजिक विचारक राममनोहर लोहिया को भारत रत्न नहीं मिला। बाबू जगजीवन राम से लेकर कांशीराम तक अनेक नेता ऐसे हैं, जिनको यह सम्मान नहीं मिला है। लेकिन इससे भारतीय राजनीति और समाज में उनक योगदान कम नहीं हो जाता है। चूंकि भारत रत्न के लिए ऐसी महान विभूतियों के नाम पर विचार नहीं होता है, जिनका निधन आजादी से पहले हो गया था इसलिए विभूतियों की सूची थोड़ी छोटी हो जाती है फिर भी ऐसी अनेक विभूतियां हैं, जो इससे वंचित रह गई हैं।।अब भारत रत्न को लेकर जब भी यह बात उठती है कि पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी ने खुद प्रधानमंत्री रहते भारत रत्न ले लिया तो कांग्रेस के नेता या उसके इको सिस्टम में काम करने वाले फ्रीलांस विचारक कुछ तथ्य निकाल कर समझाते हैं कि कैसे नेहरू और इंदिरा ने खुद भारत रत्न नहीं मिला था, बल्कि राष्ट्रपति या दूसरे लोगों ने जबरदस्ती करके दिलाया था। सोचें, क्या आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू या सरकार के मंत्री जैसे राजनाथ सिंह या एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण आदि जिद करके नरेंद्र मोदी को भारत रत्न दिला दें तो कांग्रेस इसे बरदाश्त करेगी? क्या इसकी आलोचना नहीं होगी? यह एक बहुत खराब परंपरा है, जिसकी शुरूआत कांग्रेस ने आजादी के सबसे बड़े नायकों में से एक और आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित नेहरू के समय ही कर दी थी।बहरहाल, कांग्रेस ने जिस तरह भारत रत्न का इस्तेमाल किया अब भाजपा की सरकार भी उसी तरह इसका इस्तेमाल कर रही है। नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासन में 10 भारत रत्न दिए हैं, जिनमें से आठ राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले हैं। भूपेन हजारिका और एमएस स्वामीनाथन दो ही ऐसे भारत रत्न हैं, जिनका राजनीति से मतलब नहीं था। नानाजी देशमुख भी राजनीति में रहे थे और बाद में सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में ज्यादा समय दिया। खिलाड़ी मिले, जिनको भारत रत्न दिया गया। उस समय लोकसभा के साथ ही महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव भी थे तो किसी ने कांग्रेस के नेताओं को समझाया होगा कि इससे महाराष्ट्र लगातार चौथी जीत मिल सकती है। सोचें, कैसी विडंबना है कि भारत रत्न सचिन अभी तक कोल्ड ड्रिंक्स से लेकर इनवर्टर का विज्ञापन कर रहे हैं !भारत रत्न को लेकर जब भी यह बात उठती है कि पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी ने खुद प्रधानमंत्री रहते भारत रत्न ले लिया तो कांग्रेस के नेता या उसके इको सिस्टम में काम करने वाले फ्रीलांस विचारक कुछ तथ्य निकाल कर समझाते हैं कि कैसे नेहरू और इंदिरा ने खुद भारत रत्न नहीं मिला था, बल्कि राष्ट्रपति या दूसरे लोगों ने जबरदस्ती करके दिलाया था। सोचें, क्या आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू या सरकार के मंत्री जैसे राजनाथ सिंह या एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण आदि जिद करके नरेंद्र मोदी को भारत रत्न दिला दें तो कांग्रेस इसे बरदाश्त करेगी? क्या इसकी आलोचना नहीं होगी? यह एक बहुत खराब परंपरा है, जिसकी शुरूआत कांग्रेस ने आजादी के सबसे बड़े नायकों में से एक और आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित नेहरू के समय ही कर दी थी।बहरहाल, कांग्रेस ने जिस तरह भारत रत्न का इस्तेमाल किया अब भाजपा की सरकार भी उसी तरह इसका इस्तेमाल कर रही है। नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के शासन में 10 भारत रत्न दिए हैं, जिनमें से आठ राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले हैं। भूपेन हजारिका और एमएस स्वामीनाथन दो ही ऐसे भारत रत्न हैं, जिनका राजनीति से मतलब नहीं था। नानाजी देशमुख भी राजनीति में रहे थे और बाद में सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में ज्यादा समय दिया।

चुनावी बांड मामले में अपने फैसले पर अब क्या कर रहा है सर्वोच्च न्यायालय?

नित्य चक्रवर्ती-
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है। अब लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी भारी रकम खर्च करेगी। एक और किश्त अप्रैल के पहले सप्ताह में आयेगी और नियमों के अनुसार, बिक्री एक महीने से अधिक समय तक खुली रह सकती है क्योंकि यह आम चुनाव की पूर्व संध्या पर है। सर्वोच्च न्यायालय तीन महीने से अधिक समय से विवादास्पद चुनावी बांड योजना की वैधता पर अपना निर्णय देने में पूरी तरह से चुप क्यों है? कई तारीखों पर सभी पक्षों को सुनने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 2 नवंबर, 2023 को सुनवाई पूरी की थी तथा निर्णय सुरक्षित रखा था। अब तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है लेकिन रजिस्ट्रार के कार्यालय से कोई संकेत नहीं है कि फैसला जल्द दिया जा रहा है। आदेश जो भी हो, बांड को मंजूरी देना या आदेश को रद्द करना वर्तमान समय में राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में इस साल अप्रैल/मई में आम चुनाव होने वाले हैं और सत्तारूढ़ दल भाजपा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फैसले पर की जा रही देरी का पूरा फायदा उठा रही है। अब तक जारी किये गये चुनावी बांड की 80 प्रतिशत से अधिक राशि के साथ भाजपा ने खुद को समृद्ध किया है। 2 जनवरी से 11 जनवरी, 2024 तक चली चुनावी बांड बिक्री के नवीनतम चरण में 570 करोड़ रुपये से अधिक के चुनावी बांड बेचे गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होने के बाद से यह बेचा गया चुनावी बांड का दूसरा बैच था। 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा घोषित चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देते हुए, अब तक 30 किश्तें बेची जा चुकी हैं और सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा रही है जो सत्तारूढ़ पार्टी है। चूंकि कॉरपोरेट कम्पनियां बांड के मुख्य खरीदार हैं, वे ज्यादातर सत्तारूढ़ शासन का पक्ष लेने के लिए भाजपा को दान देते हैं। मूल चुनावी बांड योजना 2017 को अगले वर्ष 2018 से लागू होने के बाद से कई याचिकाकताओं द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, लेकिन पिछले साल अप्रैल में ही, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डॉ डी वाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। उसके बाद से याचिकाओं पर पिछले साल 2 नवंबर को सुनवाई पूरी हुई थी। चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने 7 नवंबर 2022 को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि उस वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके, ऐसे समय जब कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले थे। नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी थी। जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले छह वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी। भाजपा ने हाल ही में फ्लोर टेस्ट से पहले झारखंड विधानसभा में दलबदल को प्रोत्साहित करने की कोशिश की, लेकिन यह असफल रहा। बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज को 2022 में राहुल गांधी के साथ आखिरी बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की आशंका थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024

अफवाह को करें नजरंदाज अधिक से अधिक संख्या में खाएं फाइलेरिया रोधी दवाएं

● जिले के सभी बूथों पर 3,74,489 लाभुकों को खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवाएं

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री राजीव मांझी ने सारण समाहरणालय सभागार में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान (आईडीए) की उच्च स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन को लेकर सारण प्रमंडल के चार दिवसीय दौरे के अंतिम दिन जिलाधिकारी अमन समीर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, पटना के क्षेत्रीय निदेशक डॉ कैलाश कुमार और टेक्निकल हेड जयराम पारसा, डीपीआरओ रविन्द्र कुमार, सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, डीवीबीसीसीओ डॉ दिलीप कुमार सिंह, डीआईओ डॉ चंदेश्वर सिंह, डीपीएम अरविंद कुमार, डीवीबीडीसी सुधीर कुमार, डीसीएम, डीएमएनइ, डब्ल्यूएचओ के डॉ राजेश पाण्डेय और डॉ माधुरी देवाराजू, पीरामल स्वास्थ्य के विकास सिन्हा, हरिशंकर कुमार, आनंद कश्यप, पीसीआई की पंखुड़ी मिश्रा और सौरिश बनर्जी, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के एसपीएम रण विजय कुमार, डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जिले के सभी प्रखंडों से बीडीओ, एमओआईसी, बीएचएम, बीसीएम सहित कई अन्य अधिकारी ऑनलाइन जुड़े हुए थे। अफवाह को करें नजरंदाज अधिक से अधिक लोगों को खिलाएं फाइलेरिया रोधी दवाएं: संयुक्त सचिव-संयुक्त सचिव ने कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा खिलाए जाने के दौरान कुछ जगहों से अफवाहें फैलाई जा रही है कि दवा खराब है या दवा खाने के बाद तबियत बिगड़ गई है। तो इस तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें। लेकिन हाथीपांव जैसी बीमारी को ठीक करने नहीं बल्कि रोकने के लिए आप सभी दवा का सेवन करें। सावधानियां: खाली पेट में यह दवा नही खिलाना है। दवा खाने के बाद अनिवार्य रूप से एक ग्लास पानी जरूर पीना चाहिए। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चें, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा नहीं खिलाना है। पूर्ण रूप से दवा सुरक्षित है। अतः सभी लोग इसका सेवन करें और अफवाहों से बचें।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात चोरों ने आभूषण दुकान मे किया चोरी

बनियापुर (सारण) बनियापुर के पूछरी बजार स्थित आभूषण दुकान मे अज्ञात चोरो ने दुकान मे रखे आभूषण की चोरी कर लिया है। जिससे हजारों रुपये मूल्य के आभूषण की चोरी हुई है। पीड़ित ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कराकर चोरी हुई सामानो की बरामदगी का गोहर लगाया है। मामले मे पुलिस मामले की छानबीन मे जुट गयी है।

मढौरा के 7 परीक्षा केन्द्रों पर मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

मढौरा। मढौरा अनुमंडल मुख्यालय के सभी 7 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन की मैट्रिक परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। पहला दिन होने के कारण सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों में परीक्षा हॉल के अंदर घुसने के लिए बेताबी दिखाई दे रही थी। परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर जरूरी जांच करने के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल के अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा एसडीओ व डीएसपी विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील दिखे।

बच्चे के अपहरण की आशंका, नामजद पर प्राथमिकी

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के गोंहा गांव के मुकेश राम का 5 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार पिछले पांच दिनों से गायब है। वहीं उसी मोहल्ले के करीमन राम का 20 वर्षीय पुत्र गोविंद राम भी गायब है। जिसको लेकर कथित तौर पर अपहृत अंकुश की दादी चन्जोती देवी ने इसुआपुर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें बच्चों के अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए कहा गया है कि गायब गोविंद राम के घर वालों से भी पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना को जन-जन तक पहुंचा रहे है सांसद रूडी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। छपरा नगर निगम में सेवा वाहन के माध्यम से आमजन तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ पहुंचा रहे है। सांसद राजीव प्रताप रूडी योजना के तहत सांसद रुडी के सांसद निधि से जनता की सेवा में समर्पित सेवा वाहन के माध्यम से गुरुवार को पहला कैम्प छपरा नगर में वार्ड पार्षद संजीव भोदा पास मन्दिर परिषद में लगाया गया जिसका उदघाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी एवं जदयू जिला अध्यक्ष आफताब आलम राजू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी के सौजन्य से आयुषमान भारत कार्ड, विश्वकर्मा योजना एवं गैस पाइप लाइन का रजिस्ट्रेशन का पहला कैम्प दौलतगज के सुखदेव नाथ के मठिया पर जदयू महामंत्री पसुपति नाथ पटेल के नेतृत्व में लगाया गया ,इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ने कहा कि सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा आयुषमान कार्ड ,विश्वकर्मा योजना ,गैस पाइप का रजिस्ट्रेशन किया सांसद रूडी जी के माध्यम से कराया जा रहा है जो जनहित के लिये काफी उपयोगी है। हम सांसद रूडी को बधाई दे रहे है ऐसे कार्य से सबसे ज्यादा गरीबो को मजबूती प्रदान होगी। वही दूसरे मुख्य अतिथि प्राचार्य सारण जिला जदयू अध्यक्ष आफताब आलम राजू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जनकल्याणकारी योजना में प्रमुख्य योजना आयुषमान योजना, विश्वकर्मा योजना से हाथ से कार्य करने वाले समाज को उत्थान होगी।। जदयू जिला उपाध्यक्ष पसुपति नाथ पटेल ने कहा कि सांसद रूडी जी हमेशा जनता के स्वास्थ्य के ख्याल रखने पर पहले से ही ध्यान रखते है जिले में सबसे पहले एम्बुलेंस सेवा से जनता को सेवा दिया जा रहा है। कैम्प उदघाटन में किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनिल सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुशील सिंह, 6,7,8,9,10 वार्ड पार्षद, चौधरी बाबा, रंजन यादव,चंदू सिंह शामिल हुए। दूसरे कैम्प रिवीलसांसद रूडी द्वारा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री चिकित्सा कोष से पूरे जिले में हजारों लोग को मदद दिलाय है जो सराहनीय है। कैम्प का संचालन जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया। कैम्प के सहयोग में वार्ड पार्षद गुड्डू सिंह, हेमन्त कुमार,विकेश विहारी, पार्षद आरती कुमारो जिला मीडिया प्रभारी बलवन्त सिंह, विकेश विहारी, चंदन सोनी ने सहयोग किया। दोनों कैम्प में 205 आयुषमान कार्ड का पंजीयन, 411 विश्वकर्मा योजना का रजिस्ट्रेशन एवं 295 लोगो का गैस पाइप लाइन का रजिस्ट्रेशन किया गया।

माँझी पहुँचने पर आनंद मोहन का गाजे बाजे के साथ फूलमाला पहना कर किया स्वागत

प्रात : किरण, संवाददाता

माँझी। महान समाजवादी नेता व देश के पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना वर्तमान समय की माँग है तथा इससे पूर्वांचल के 20 करोड़ भोजपुरिया समुदाय के लोगों की बहू प्रतीक्षित मांग पूरी होगी। यह बातें पूर्व सांसद आनंद मोहन ने गुरुवार को माँझी के बलिया मोड़ पर पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कही। इससे पहले फ्रेंड्स ऑफ आनंद से जुड़े सैकड़ों कार्यकताओं ने माँझी पहुँचने पर आनंद मोहन का गाजे बाजे के साथ फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पाँच दशकों तक समाजवादी आंदोलन के ध्वजवाहक रहे पूर्व प्रधानमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने से देश का मान सम्मान और बढेगा। पत्रकारों के एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि अपनी जान जोखिम में डालकर देश व समाज के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने वाले देश के पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून उनका हक है। अतः इस कानून को लागू कराने के लिए वे सडक से संसद तक संघर्ष करेंगे। बिहार में जारी राजनीतिक गहमागहमी एवम उनके बेटे के पाला बदलने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वे जो कुछ भी करते हैं वह डंके की चोट पर करते हैं। उन्होंने कहा कि अहसान की कीमत वे सूद समेत चुकाते हैं तथा अपमान का हिसाब भी समय पर लेते हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर कभी संकीर्ण नही होता तथा जो संकीर्ण हो गया वह ठाकुर नही हो सकता। श्री आनद मोहन का स्वागत करने वालों में गोबरही पँचायत के पूर्व मुखिया देवेन्द्र सिंह, उमाशंकर ओझा, उदय नारायण सिंह, सुनील कुमार पाण्डेय, मुकेश सिंह, धीरज सिंह, मयंक ओझा, धर्मेन्द्र सिंह, विक्की सिंह, जगमोहन चौहान तथा नागेन्द्र ठाकुर समेत सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद थे। बाद में श्री मोहन अपने काफिले के साथ बलिया के लिए रवाना हो गए।

प्रसिद्ध गांधीवादी राज गोपाल पीवी का नेपाल पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

● जय जगत के उद्घोष से सम्पूर्ण बोर्डर क्षेत्र अभिगुंजित हुआ, माहौल बहुत ही प्रेरक बन रहा

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। प्रसिद्ध गांधीवादी नेता राजगोपाल पी. वी. के नेतृत्व में शांतिकर्मियो का एक कारवां को वीरगंज शंकराचार्य द्वार पर स्वागत किया गया है। गांधी से बुद्ध की ओर नारा के साथ दिल्ली के राजघाट से बिहार के चम्पारण होते हुए वीरगंज नाका होते हुए यह दो सौ लोगों का पदयात्री समूह को वीरगंज महानगरपालिका के नगर प्रमुख राजेशमान सिंह ने स्वागत अभिनन्दन किया है। इस अवसर पर नेपाल भारत सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार बैद और नेपाल के जाने-माने गांधीवादी चिंतक चन्द्रकिशोर भी उपस्थित थे। जय जगत के उद्घोष से सम्पूर्ण बोर्डर क्षेत्र अभिगुंजित हो रहा था जिससे माहौल बहुत ही प्रेरक बन रहा था। राजगोपाल पिभी ने नगर प्रमुख राजेश मान सिंह को काष्ठ का हल उपहार में दिया। नेपाल-भारत सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार वैद्य ने कहा कि बॉर्डर पर गांधी, बुद्ध और महावीर के अनुयायियों का महासंगम एक ऐतिहासिक उपक्रम है। इस तरह के आयोजन से नेपाल-भारत जन-जन के सम्बन्ध को और मजबूती प्रदान करेगा। राजगोपाल ने महात्मा गांधी की प्रासंगिकता पर आम जन में संदेश फैलाने का आग्रह किया। भारत नेपाल के 500 शांति कर्मियो की यह पदयात्रा वीरगंज से परवानीपुर तक गई है, फिर वे लोग काठमांडू में आयोजित वर्ल्ड सोशल फोरम में शामिल होंगे।

जेईई मेंस की परीक्षा में विनीत ने पाई सफलता

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर। प्रखंड के छपियां पंचायत की पूर्व मुखिया मीना देवी तथा समाजसेवी सुनील चौरसिया के प्रथम पुत्र विनीत कुमार चौरसिया ने जेईई-मेंस 2024 की परीक्षा में पास कर प्रखंड का नाम रोशन किया है। उसे 93.8 परसेंटाइल मार्क्स आया है। परिजनों ने बताया कि विनीत शुरू से ही पढ़ने में मेधावी रहा है। उसकी सफलता पर परिजनों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां दी हैं । बधाई देने वालों में स्थानीय विधायक जनक सिंह, विधायक केदारनाथ सिंह, वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह, वाईपीएल संयोजक युवराज सुधीर सिंह, मुखिया धनंजय पांडेय, अजय राय, अजमल रहमानी, अजय साह, अरविंद चौरसिया, डॉक्टर पी के परमार, डॉ. चंद्रशेखर सिंह, डॉ. कविता सिंह, डॉ प्रतीक कुमार लाला व अन्य शामिल हैं।

सभी मतदान केंद्रों पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था की जानी है। इसके तहत प्रत्येक मतदान केंद्र पर बिजली की उपलब्धता, पंखे की सुविधा, रेलिंग के साथ रैंप की सुविधा, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की सुविधा आदि सुनिश्चित की जानी है। इसी उद्देश्य से आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार श्री एच०आर० श्रीनिवास ने सभी जिला निर्वाचन पदधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री के०के० पाठक भी मौजूद रहे। अधिकांश मतदान केंद्र विभिन्न विद्यालय भवनों में अवस्थित हैं, इस लिये इन सभी विद्यालय भवनों में इन सुविधाओं को लेकर जो भी कमियां हैं, इसे दूर करते हुये आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। निर्वाचन कार्य मे प्रयुक्त होने वाले भवनों को निर्वाचन कार्य की समाप्ति के बाद अविलम्ब पूर्ववत स्थिति में वापस करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। अपर मुख्य सचिव श्री पाठक ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में अपरिहार्य परिस्थितियों में विद्यालय भवनों का उपयोग इस प्रकार किया जाय जिससे शैक्षणिक कार्यों में अनावश्यक व्यवधान नहीं हो। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी भी मौजूद थे।

उच्च विद्यालय कोल्हुआ के दो दर्जन छात्र छात्राओं का नही आया एडमिट कार्ड

प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर (सारण) प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय कोल्हुआ में मैट्रिक का एडमिट कार्ड नही आने से नाराज छात्रों ने डीईओ को पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी है। छात्रों ने उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि परीक्षा के एकदिन पूर्व तक उनका एडमिट कार्ड उन्हें प्राप्त नही हुआ है। बताया जाता है छह सौ छात्रों की कुल संख्या बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होना है।परीक्षा आज से शुरू होगी। छात्र एडमिट कार्ड के इंतजार में थे।लेकिन अंतिम दिन भी उन्हें एडमिट कार्ड नही प्राप्त हुआ। विद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के नियमाकुल वैसे विद्यार्थियों का परीक्षा फार्म नही भरना था जो जांच परीक्षा में शामिल नही हुए। 24 विद्यार्थी ऐसे चिन्हित किये गए थे। जो जांच परीक्षा में सम्मिलित नही हुए थे। इन्ही 24 छात्रों का परीक्षा फार्म नही भरा गया था। जिससे इन छात्रों का प्रवेश पत्र आना सम्भव नही है।हालांकि ऐसा बताया जाता है कि छात्रों के इस मामले पर दो बार जांच हो चुका है।विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि कुल बातों से जिला शिक्षा पदाधिकारी को अवगत करा दिया गया है।वही छात्रों का कहना है कि कई ऐसे छात्र थे जो जाँच परीक्षा में शामिल नही हुए थे लेकिन 24 छात्रों के भविष्य के साथ ही यह खिलवाड़ क्यो हो रहा है।वही कुछ छात्रों का कहना है कि जांच परीक्षा में शामिल होने के बाद भी उनका प्रवेश पत्र नही आया है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय शंकर तिवारी ने बताया कि इसकी जानकारी उच्च पदाधिकारियों को दे दी गई है।

रैयतों को अपनी जमीन आधार और मोबाइल से लिंक करना है जरूरी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर : बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा फरमान जारी किया गया है कि सभी रैयतों को अपनी जमीन का लिंक आधार कार्ड एवं मोबाइल से करना जरूरी है। इस बात की जानकारी देते हुए राजस्व कर्मचारी कुंदन कुमार ने बताया कि सभी रैयत अपना-अपना आधार और मोबाईल नम्बर अपने जमाबंदी से लिंक करवा लें ताकि सरकारी लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जमाबंदी से आधार लिंक हेतु अपने क्षेत्र के हल्का कर्मचारी के पास लगान रसीद का छायापति, जमाबंदी रैयत के आधार कार्ड,जमाबंदी रैयत का मोबाईल नम्बर ले कर संपर्क करके लिंक करा ले। आधार सिंडिंग के फायदे के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे अवैध खरीद-बिक्री पर रोक की सूचना जमाबंदी रैयत को प्राप्त होगी, अवैध दाखील-खारीज पर रोक की सूचना जमाबंदी रैयत को प्राप्त होगी, बिक्री करने में जमाबंदी रैयत को सहूलियत होगी तथा सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहूलियत होगी और अंचल कार्यालय में यदि जमाबंदी पंजी में किसी प्रकार का सुधार या संशोधन किया जाता है, तो इसकी सूचना जमाबंदी रैयत को प्राप्त होगी, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र का त्वरित निर्गत किया जा सकता है। उधर कर्मचारी संघ (गोप गुट) के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण मिस्त्री ने जानकारी दी कि इससे अवैध स्वामित्व प्रमाण पत्र पर निर्गत होने पर रोक लगेगी, जमाबंदी रैयत के बच्चे या पोतों के आय, जाति, निवास, इ डब्लू एस, एनसीएल, ओबीसी निर्गत किये जाने में आसानी होगी ।

युवाओं ने धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी

प्रात : किरण, संवाददाता

नवयुवक सरस्वती पूजा समिति ब्रह्म बाबा स्थान पोझी के सौजन्य से मां सरस्वती का पूजन बड़े धूम धाम से किया गया। मां शारदे के पूजन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। पुरोहित श्री पंकज पाठक के द्वारा पूजन कराया गया। पंकज पाठक ने बताया कि मां सरस्वती ज्ञान विज्ञान और वाणी की देवी है। जिसपर मां शारदे की कृपा हो जाएंगी वो कंकर से शंकर बन सकता हैं।

सीएम लघु उद्यमी योजना पर लगा ग्रहण, अंचलाधिकारी द्वारा 72 हजार से कम नहीं निर्गत किया जा रहा है आय

● अवेदनकर्ताओं ने कहा सूबे की बड़ी आबादी इस योजना से होंगे वंचित

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। गरीबों के लिए बिहार सरकार द्वारा मुख्य मंत्री लघु उद्यमी योजना नकारा साबित हो रहा है,सरकार द्वारा 72000 से कम आय की सीमा निर्धारित किया गया है। जबकि अंचलाधिकारी द्वारा 100000 से कम का आय नहीं बनाया जा रहा है। ऐसे में बिहार के गरीबों की बड़ी आबादी इस योजना से वंचित रह जाएंगे। ऐसे में ऑनलाइन की समय सीमा बढ़ाने के साथ-साथ सुबे के सभी अंचलाधिकारियों को 72000 से कम का आय बनाने की दिशा-निर्देश की आवश्यकता है। भारतीय लोक चेतना पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा ने इस संबंध में मुख्य मंत्री नीतीश कुमार को मेल कर इस दिशा में आय संबंधित विशेष निर्देश देने के साथ-साथ ऑनलाइन की समय सीमा बढ़ाने की मांग की है, साथ ही सारण के जिलाधिकारी को भी इस आशय का पत्र उपलब्ध कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जातीय जनगणना के बाद सरकार द्वारा रोजगार विहीन हर घर रोजगार देने की योजना के तहत 200000 का मुख्य मंत्री लघु उद्यमी योजना की शुरूआत किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में गरीब बेरोजगार ऋण लेकर रोजगार कर सके। जिसके लिए 5 फरवरी से 20 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि निर्धारित है। लेकिन इस योजना में सबसे जटिल समस्या है कि प्रखंड सह अंचलाधिकारी द्वारा 100000 से कम का आय बनाया ही नहीं जा रहा है, इस योजना के लाभार्थी अंचलाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाकर परेशान हैं। लेकिन 72000 से कम का आय प्रमाण पत्र ही नहीं बनाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में बिहार के बड़ी आबादी इस योजना से वंचित रह जाएंगे। इस संबंध में बेरोजगारों द्वारा बताया गया कि अंचलाधिकारी द्वारा आय प्रमाण पत्र एक लाख से कम का नहीं बनाया जा रहा है, सरकार को इस योजना का लाभ देना ही नहीं था तो इस योजना को क्यों चालू किया गया। इस योजना में सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि सरकार द्वारा 72000 से कम आय की सीमा वाले लाभार्थी ही इस योजना के पात्र होंगे, लेकिन विज्ञापन में ऐसा कोई मापदंड नहीं निर्धारित किया गया था। ऐसी स्थिति में आम लोगों में इस योजना को लेकर असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो गई है, और चर्चा का विषय बन गया है। आम लोगों का कहना है कि सरकार को इस दिशा में अविलंब स्पष्ट दिशा- निर्देश देना चाहिए। ताकि इस योजना के लाभार्थी को आय प्रमाण पत्र बनाने में सुविधा हो सके।

छत से पानी टपकने को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। स्थानीय थाना के नगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 राजापुर गांव में छत से पानी टपकने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में संजय महतो की 40 वर्षीय पत्नी बबीता देवी तथा 12 वर्षीय पुत्री लाडली कुमारी को लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया । दोनों घायलों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। जहां इलाज के दौरान घायलों ने स्थानीय पत्रकारों से बताया कि मेरे घर के छत से पानी टपक रहा था इसी बात को लेकर मेरे पड़ोसी ललित सिंह की पत्नी रानी देवी काजल कुमारी सागर कुमार आदित्य कुमार वीरू कुमार के अन्य लोगों ने मिलकर लाठी डंडे से मारपीट कर जख्मी कर दिया ।

मढौरा में अगले सप्ताह से बनेगा भव्य रथ व सद्भावना संदेश

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा के हड़बड़नाथ मंदिर परिसर में गुरुवार को हुई संत और आम लोगों की एक बैठक में संतो द्वारा तीर्थ रथ यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से एक 30 फीट लंबा रथ निर्माण करने और उसके ऊपर हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित करने का भी निर्णय किया गया। इस बैठक के दौरान मुख्य रूप से अयोध्या सहित देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों का रथयात्रा किए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान रथ पर भजन कीर्तन मंडली के साथ 25 से 30 संत व गणमान्य लोग सवार रहेंगे जो जगह जगह नुक्कड सभा आयोजित कर सभा लोगों के बीच सद्भावना का संदेश देंगे। इसकी जानकारी देते हुए इस यात्रा के प्रमुख हड़बड़नाथ मंदिर के महंत श्री श्री 1008 श्री अंबुज बाबा ने बताया कि यह तीर्थ रथयात्रा करीब 3 सालों तक लगातार देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेगा और इस दौरान भजन कीर्तन के माध्यम से लोगों के बीच आपसी सद्भाव प्रेम और राष्ट्रभक्ति का संदेश देने का काम करेगा। इस मौके पर अनिल कुमार श्रीवास्तव, महेश कुमार राय,राजेश सिंह ,सुरेश कुमार सहित अन्य कई संत बुद्धिजीवी और गणमान्य लोग मौजूद थे।

श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

प्रात : किरण, संवाददाता

डोरीगंज। सदर प्रखंड के मुसेपुर गांव स्थित शिवमन्दिर के प्रांगण में सात दिवसीय आयोजन किया जाएगा माता भगवती के विग्रह का अचल प्राण प्रतिष्ठा समारोह। जिसको लेकर आज शिवमन्दिर परिसर से भव्य जलभरी शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जलभरी शोभायात्रा मंदिर परिसर से मुसेपुर गांव से मुसेपुर बंगला, पश्चिमी बलुंआ, डुमरी अड्डा,सिंगही गांव होते नेहाला टोला घाट पर पहुंची। जहां वाराणसी से आए यज्ञाचार्य परशुराम मिश्रा, रामजी मिश्रा, कृष्णानंद मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा सरयू सोन के संगम स्थल पर मां गंगे की पूजा अर्चना कर जल उठाया गया।

भारत बंद का किया समर्थन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। अखिल भारतीय किसान संघर्ष संयुक्त मोर्चा एवम ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत 16 फरवरी को आम हरताल एवम भारत बंद का भाकपा जिला सचिव ने पर जोर समर्थन किया है और बताया कि उस दिन उक्त आंदोलन के समर्थन में एक प्रति रोध मार्च निकाला जाएगा और केंद्र सरकार का पुतला दहन करते हुए किसानों मजदूरों की मांगों को अविलंब पूरा करने की मांग की जाएगी। इस मार्च में राज्य नेता सुरेन्द् सौरभ, किसान नेता हरि बल्लभ सिंह, मजदूर नेता सुरेश वर्मा, भारत राय, सुरेंद्र राम आदि प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

40 से अधिक गानों पर बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां, देर शाम तक जम रहे दर्शक

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शहर के एसएसपी सेंट्रल स्कूल की प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से खूब धमाल मचाया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद बच्चों ने बॉलीवुड के शानदार गीतों पर जबरदस्त नृत्य किया। माधुरी और तबस्सुम के हरियाणवी गानों पर तो अभिभावक इतने झुम्मे कि वे अपने आप को नृत्य करने से नहीं रोक पाए। इसी तरह कव्वाली ह्व भर दे झोली या मोहम्मद... की प्रस्तुति दी तो पूरा माहौल तालियों से गूंज उठा। इसी तरह जब प्ले और नर्सरी के बच्चों ने जब,ह्वचंदा ने पूछा तारों से तारों ने पूछा हजारो से, पापा ओ मेरे पापा...ह्वतो पूरा माहौल भाव में बह गया, कई अभिभावक तो अपने आंसू नहीं रोक पाए और वह अपने पापा को याद करने लगे। लगभग 40 गानों पर बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी जिन बच्चों ने सबसे बेस्ट प्रस्तुति दी उनमें प्रियांशु, पवन, खुशी, दीपा, सोनाक्षी, रोशनी, दिव्या, नंदिनी, पिंकी ,आशिया, आदित्य, अंकिता ,नंदिनी,पिंकी, प्रिया ,पूजा ,साहिल ,सलोनी, फातिमा ,रितु ,परी माही ,आस्था ,आस्था 2, मनीषा, निशा, जोया ,लकी ,माधुरी, तबस्सुम ,गयानवी ,स्वस्तिका, ब्यूटी, प्रिंस, लक्ष्मी, नेहा, निशा, सृष्टि कृति,साईमा को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समय से भी चांदनी प्रकाश ने कहा कि जिस तरह से यह स्कूल गरीब बच्चों के लिए कम शुल्क में बेहतर संचालन कर रहा है और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है आने वाले दिनों में स्कूल के बच्चे सारण और राज्य का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य सुलेखा पांडे, शिक्षिका उषा कुमारी,मीना कुमारी,रंजू कुमारी, राफिया, दुर्गा,नाजिया, सबीना खातून, आशीष कुमार, मुकेश कुमार पांडे, इरशाद, नंदिनी कुमारी आदि का योगदान काफी सराहनीय रहा।

एसडीओ ने कैंप लगा कर दो हजार लोगों के बीच राशन कार्ड का किया वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैम्प लगाकर एसडीओ डॉक्टर प्रेरणा सिंह ने करीब दो हजार लोगों के बीच नए राशन कार्ड का वितरण किया। इसकी जानकारी देते हुए एसडीओ ने बताया कि गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगाए गए राशन कार्ड वितरण के विशेष कैंप में पानापुर के 353, मसरख के 294, इसुआपुर के 600, मढौरा के 123, अमनौर के 300 और तरैया के 300 लाभुकों के बीच नए राशन कार्ड का वितरण किया गया। एसडीओ ने कहा कि अन्य लोगो के लंबित राशन कार्ड को बनाने का काम भी तेजी से चल रहा है जिसका वितरण अगले सप्ताह में इसी तरह से विशेष कैंप लगाकर किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राशनकार्ड के लिए काफी संख्या में लोग आवेदन किए हुए हैं और इसके लिए लोग काफी दिनों से प्रयासरत है किन्तु उन्हें राशन कार्ड नहीं मिल पा रहा था। अब राशन कार्ड बनाकर कैंप के माध्यम से वितरित करने का काम एसडीओ ने शुरू किया है है तो राशन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले लोगों के बीच एक नई आस जगी है।

चाकू घोंपकर किया जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर थाना अंतर्गत कटहरी बाग मोहल्ला में बीती रात्रि टेंपो चालक ने एक व्यक्ति को चाकू घोंपकर जख्मी कर दिया. जिसके बाद उसे छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया. जिसके बाद एक निजी क्लीनिक में उसका उपचार चल रहा है. चाकू उसके पेट में लगी है. जख्मी युवक छपरा शहर के नगर थाना अंतर्गत कटहरी बाग मोहल्ला निवासी परमेश्वर यादव का 37 वर्षीय पुत्र शत्रुघन कुमार यादव बताया गया है. जो कि मूल रूप से मढौरा थाना क्षेत्र के भागलपुर का रहने वाला है. छपरा सदर अस्पताल में उपचार के दौरान भगवान बाजार थाना पुलिस के समक्ष दिये गये अपने फर्द बयान में उस व्यक्ति के द्वारा नगर थाना क्षेत्र के राहत रोड मौना मस्जिद मोहल्ला निवासी टेंपो चालक मुन्ना को नामजद अभियुक्त बनाया है. जिसमें उसके द्वारा बताया गया है कि टेंपो चालक मुन्ना उसे लोन दिलवाने के नाम पर 2500 लिया था और उसके द्वारा ना तो लोन दिलवाया गया ना ही पैसा ही वापस किया गया.बीती रात्रि वह घर जा रहे थे, तभी मुन्ना टेंपो लेकर आ रहा था. तब उनके द्वारा उसे रोक कर अपने 2500 की मांग की गई तो वह झगड़ा करने पर उतारू हो गया और बात-बात में पॉकेट से चाकू निकालकर उनके पेट में घोंप दिया।

संक्षिप्त खबरें

वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने काटा ऑनलाइन चालान

बिक्रमगंज (रोहतास) रोहतास एसपी के दिशा-निर्देश पर बिक्रमगंज पुलिस ने थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर थाना क्षेत्र के थाना गेट , थाना चौक और आरा रोड में पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को वाहन चालकों से साढ़े 72 हजार रुपये और गुरुवार को 45 हजार रुपये यानी कुल मिलाकर एक लाख 17 हजार पांच सौ रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया। श्री कुमार ने कहा कि वाहन जांच अभियान निरंतर चलता रहेगा। जांच के क्रम में पदाधिकारियों ने चालकों का हेलमेट , ड्राइविंग लाइसेंस,ऑनर बुक, ट्रिपल लोडिंग , डिक्की सहित अन्य बिंदुओं पर सघन जांच हुई। मौके पर स्थानीय थाना के वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान लोग मौजूद थे।

कुर्की वारंटी के छह आरोपी गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) पुलिस ने 6 कुर्की वारंटी को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बराढ़ी कला से राजेश मुसहर , मुन्ना मुसहर, ढोंढा मुसहर, राम अशीष मुसहर, दीनानाथ मुसहर एवं जय भगवान मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से वारंट निर्गत था।

आयोजित मैट्रिक परीक्षा में विद्युत आपूर्ति नहीं होगी बाधित

बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडल क्षेत्र स्थित नारायणपुर ग्रिड में 132 केवी मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण ग्रिड फीडर क्षेत्र अंतर्गत बिक्रमगंज, तरारी, सूर्यपुरा,नटवार, संझौली, दावथ, नोनहर, कोआथ, सकला क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 16 फरवरी को सुबह 11 से 14 बजे तक बन्द रखने हेतु समय निर्धारित की गई थी। परंतु आयोजित मैट्रिक परीक्षा को देखते हुए 16 फरवरी को निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति होती रहेगी। इस संबंध में सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल उपेंद्र सिंह ने बताया गया कि शीतकालीन मरम्मती का कार्य अगले आदेश तक विस्तारित रहेगा।

मां सरस्वती पूजन पर भंडारे का हुआ आयोजन

चेनारी (रोहतास) नगर पंचायत के स्थानीय दक्षिण मोहल्ला में युवा नवयुवक कमेटी संघ के द्वारा मां सरस्वती पूजन पर भंडारे का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर मां की प्रतिमा को स्थापित कर हिंदू पूजन के विधि विधान लोगों ने पूजन के साथ आरती किया। उक्त अवसर पर प्रसाद वितरण को लेकर विशाल भंडारे में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। जहां दूर दराज से भरी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कमिटी सदस्य शिवकुमार, मंतोष कुमार, मोती कुमार, यशवंत कुमार, अरविंद कुमार ,श्रीभगवान गुप्ता सहित अन्य लोगों भाग लेते हुए भंडारे को सफल बनाने अपना सहयोग दिया।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सियाडीह गांव के समीप गुरुवार की अहले सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अज्ञात 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा-तफरी मची रही। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना चरपोखरी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चरपोखरी थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है।

सड़क हादसे में अज्ञात युवक की मौत

आरा। आरा-पटना नेशनल हाईवे पर जिले के कोईलवर क्षेत्र के कोईलवर न्यू सिक्सलेन पुल पर गुरुवार की सुबह हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। इसके बाद वहां से गुजर रहा है राहगीरों द्वारा इसकी सूचना कोईलवर थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है।

यंग - इंडिया का होगा रैली, 28 फरवरी को दिल्ली चलो : आइसा - आरवाईए

18-19 फरवरी को रोजगार के सवाल पर आरवाईए करेगा यंग इंडिया जनमत संग्रह : शिवप्रकाश रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकापा माले जिला कार्यालय मे आइसा-आरवाइए ने प्रेस कॉन्फ्रेस आयोजित की , प्रेस कॉन्फ्रेस को आरवाइए के राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन,आइसा के राज्य सचिव सबीर कुमार, जिला सचिव विकाश कुमार,आरवाइए के जिला अध्यक्ष निरंजन केसरी,विशाल कुमारा,जयशंकर,रौशन कुशवाहा,आरवाइए मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता ने सम्बोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के नेताओं ने कहा कि पिछले दस साल के मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है।

नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया और ऊपर से पहले से मौजूद पदों को खत्म भी किया गया। भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है। रेलवे को नीलामी के बाजार में रख दिया गया है। ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है। 100 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का शेयर बेच दिया गया जिससे नौजवानों की नौकरियां तो प्रभावित हुई ही साथ ही साथ देश की आमदनी भी प्रभावित हुई। सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया।

जिन नौजवानों के हाथ को काम चाहिए उनके हाथ में तलवार थमा कर मुसलमानों का मोहल्ला दिखा दिया जा रहा है। रोजगार चाहने वाले हाथ में नफरत परोसा जा रहा है और इस दौर को अमृत काल बताया जा रहा है। ऐसे समय में नौजवानों की यह जिम्मेदारी है की वो इस तबाही बबादी के खिलाफ बहादुरी से खड़े हों।

इसलिए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) रोजगार की स्थिति पर 'यंग इंडिया जनमत संग्रह' करेगी। यह 18-19 फरवरी को जिले के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नौजवानों, शिक्षित बेरोजगारों के बीच चलाया जाएगा। नेताओं ने आगे बताया तमाम प्रगतिशील छात्र- युवा संगठनों एवम् आंदोलनों का संयुक्त मंच यंग इंडिया द्वारा आगामी 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर '2024 लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगा यंग इंडिया' के नारे के साथ 'चलो दिल्ली-यंग इंडिया रैली' का आह्वान किया गया है यह आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा-आरएसएस के नफरती एजेंडे के खिलाफ शिक्षा-रोजगार को केंद्रीय मुख्य मुद्दा बनाने का एक साझा प्रयास है।

सभी समान विचारधारा वाले प्रगतिशील, जनवादी संगठनों एवं छात्र-नौजवानों से इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। युवा नेताओं ने इस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन पर हरियाणा और दिल्ली पुलिस द्वारा ड्रोन के जरिए आंसू बम बरसाए जाने, रबर बुलेट से हमले एवं उनके रास्तों में किले और कंक्रीट की दीवार खड़ा कर देने की घटना की तीव्र निंदा करते हुए किसान आंदोलन को अपना समर्थन दिया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर बाजारों में सरगर्मी तेज

बिक्रमगंज (रोहतास) चुनाव के तारीख निश्चय होने के साथ हीं अधिकारी से लेकर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में चुनाव की तैयारी को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। राजनीतिक दल भी बूथ कमेटी बनाने, पंचायत और प्रखंड कमेटी बनाना चालू कर दिए है। मतदाता को लुभाने के लिए आने को ऐसे जन कल्याण योजनाओं का घोषणा चालू है। सभी राजनीतिक दल के लोग अपना अपना ताल ठोकना चालू कर दिया है। गुणा गणित करके अपने को जीत हासिल करने की भविष्यवाणी चालू कर दिए है। अपने समर्थक उम्मीदवार का जीत सुनिश्चित करने में लोग लग गए हैं। चाय की दुकान हो या पान की दुकान या नाश्ता पानी की दुकान या एक काहे की हर चौक चौराहे पर राजनीतिक चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। सभी लोग अपने पक्ष में वक्तव्य देना चालू कर दिए हैं। वहीं नेता जो जीत करके भी कुछ नहीं करते हैं, उनके चमचा अपने उम्मीदवार के पक्ष में वकालत चालू कर दिए हैं। वादों का पिटारा खोलने चालू है, जितने भी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता है। लोगों को संदेश दे रहे हैं कि हमारा नेता जीतेंगे तो आपका काम निश्चित होगा। जो कभी किसी को पूछते नहीं थे, आम जनता के दुःख दर्द को समझने का फुर्सत नहीं था। वह भी आज उनसे समर्थन लेने के लिए झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं। सबका काम चुटकी पर कर देने की वादा कर रहे हैं।

वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय में अखंड पाठ के साथ सरस्वती पूजन हुई संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में स्थापित भव्य मां सरस्वती मंदिर में 24 घंटे श्री रामचरितमानस अखंड पाठ व हवन पूजन के साथ बसंत पंचमी व मां सरस्वती पूजन संपन्न हुई। जो लगातार आठवीं बार महाविद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती पूजन तहत श्री रामचरित मानस अखंड पाठ आयोजित हुई। पूजन में भव्य मां सरस्वती मंदिर परिसर में दर्जनों पुजारियों के सानिध्य में 24 घंटे का श्री रामचरित मानस अखंड पाठ हवन पूजन और झंडा पूजा के साथ संपन्न हुई। इस मौके पर मंदिर पिरसर में महाविद्यालय के समस्त कर्मियों ने भव्य आरती में भाग लेते हुए मां सरस्वती के समक्ष क्षमा याचना करते हुए वंदन किया। दूसरी तरफ मां के प्रसाद वितरण में श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ पड़ी थी। इस पूजन में भाग लेते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा सहित महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व ज्ञान की देवी सरस्वती को समर्पित है।

जो हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार सरस्वती देवी कला बुद्धि और ज्ञान के निरंतर प्रवाह का प्रतीक भी है। इस पर्व को बच्चों सहित स्कूलों,दफ्तरों,संगीत और साहित्य की साधना करने वाले साधक भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। माना जाता है इस दिन वीणावादिनी,हंस पर विराजमान माता सरस्वती मनुष्य के जीवन में छाई अज्ञानता को मिटाकर उन्हें ज्ञान और बुद्धि का उपहार देकर उनका कल्याण करती है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रोफेसर - वीर बहादुर सिंह, उमा शंकर सिंह, बलवंत सिंह, ज्ञान प्रकाश सिन्हा,विष्णु शंकर दुबे, कुमार विवेक, दिनेश पाठक,अनिल सिंह,अजय सिंह,सरोज सिंह, सुनील तिवारी, दिनेश कुमार, रवि प्रकाश,अजय मिश्रा व वर्षा सिंह, प्रतिभा कुमारी,राम कुमार, शशि प्रसाद, रंजित कुमार, अजय मिश्रा,अखिलेश पाठक, अभय कुमार सिंह, हरेंद्र हरियाली, रामकुमार मिश्र, प्रियतम कुमार,परवेज खां सहित समस्त महाविद्यालय कर्मी उपस्थित थें।

कड़ी सुरक्षा के बीच बिक्रमगंज में प्रारंभ हुई मैट्रिक की परीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिक्रमगंज में गुरुवार से मैट्रिक की परीक्षा शुरू हो रही है। प्रशासन के द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के उद्देश्य से कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसके साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सभी परीक्षा केंद्रों, दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे भी लगा दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लगा दी गई है। सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से पहले निर्धारित समय 9:30 बजे तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर गए । इसके बाद किसी भी कीमत पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि किसी भी परीक्षा केंद्र पर देर होने के कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित होने की कोई सूचना नहीं है। गुरुवार 15 फरवरी से प्रारंभ यह परीक्षा 23 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा का आयोजन दोनों पालियों में किया गया है। परीक्षार्थियों को जूता मौजा पहनकर परीक्षा केंद्र में जाने की इजाजत है, लेकिन किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को लेकर जाने पर पूरी तरह से रोक रही। परीक्षा केंद्र वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय के केन्द्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस बार इंटर की परीक्षा में देर से आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं करने दिया गया था। इस कारण कई परीक्षा केंद्रों पर हंगामा भी हुआ था। इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मैट्रिक परीक्षा 2024 के लिए अनुमंडल मुख्यालय बिक्रमगंज में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें एक मॉडल परीक्षा केंद्र भी बनाए गए हैं। इनको आकर्षक ढंग से सजाया गया है और परीक्षार्थियों को मुंह मीठा करा कर परीक्षा केंद्र में अंदर भेजा गया । रोहतास जिला में मैट्रिक परीक्षा 2024 में 56375 परीक्षार्थी शामिल हुए।

प्रथम पाली में 28523 वहीं दूसरी पाली में 27852 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में नकल पर नकेल के लिए 62 स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ 12 उड़न दस्ता टीम और 15 मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात किए गए थे। पहले दिन सभी परीक्षा केंद्रों पर शांति पूर्वक परीक्षा संपन्न हुई।

ग्रामीण चिकित्सक का शव मिलने से मची अफरा-तफरी

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करबंदिया के पास एक ग्रामीण चिकित्सक का शव बरामद हुआ है।

मृतक केशव पाल राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता भी था। स्थानीय लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक का नाम केशव कुमार पाल था, जो गायघाट गांव का निवासी था। बताया जाता है कि कल शाम हुआ। जो अपने क्लीनिक को बंद कर जब अपने घर गायघाट की तरफ बाइक से लौट रहे थे। इस दौरान की यह घटना बताई जाती है। लेकिन गुरुवार की सुबह-सुबह लोगों के द्वारा शव को बरामद किया। जिस घटना के बाद से ही कोहराम मच गया है। स्थानीय लोगों ने मृतक के शव को अमरा तालाब के निकट सड़क पर रखकर सासाराम से डेहरी जाने वाले सड़क को जाम कर दिया है। सूचना मिलने पर सासाराम के एसडीएम आशुतोष रंजन तथा स्थानीय पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची है। तथा लोगों को समझाने बुझाने की मांग कर रही है। जिसे लोग हत्या मामले की त्वरित जांच करने की मांग कर रहे हैं। बता दे की ग्रामीण चिकित्सक केशव कुमार पाल राजद के भी कार्यकर्ता थे तथा राष्ट्रीय जनता दल से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे।

विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में सरस्वती पूजा के पंडाल में किया दर्शन

आरा। बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपने गांव में धमार देवी मां के दर्शन किए पूजा पाठ किया और सरस्वती पूजा पंडाल में जाकर पूजा अर्चना करते करते हुए बड़ा हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह मैं क्षेत्र के खुशहाली के लिए मां शेयर्ड से प्रार्थना किया और मां हमर दिल से आराधना किया इस क्षेत्र हमेशा खुशहाल रहे और सभी लोग स्वस्थ और निरोग रहे वहां पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष दुगार्राज जी भाजपा सलेमपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी एवं धमार गांव के प्रिंस यादव सोनू यादव नीतीश यादव नरेंद्र यादव मंतोष यादव सुनील यादव दीपक यादव प्रकाश यादव जय किशोर शर्मा राहुल यादव सभी लोगों ने बड़हरा विधायक को सम्मानित किया और प्रसाद वितरण किया।

सर्वानंद सोनोवाल संयुक्त रूप से करेंगे शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह स्थानीय सांसद आर के सिंह और केन्द्रीय पतन,पोत,परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल 20 फरवरी मंगलवार को भोजपुर जिला मे तीन रिवर स्टेशन (कम्यूनिटी जेटी) सहित आधुनिक पीपा पुल और रिवर फ्रंट का शुभारंभ करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ई.धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि 20 फरवरी को केन्द्रीय जलमार्ग मंत्री सवार्नंद सोनोवाल और केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह द्वारा बड़हरा विधानसभा के महुली घाट पर 3:00 बजे सायं को महुली घाट,ख्वासपुर और सिन्हा घाट के लिए भोजपुर जिला के लिए पहली बार रिवर स्टेशन (कम्यूनिटी जेटी) सहित महुली घाट से ख्वासपुर को जोड़ने वाली आधुनिक पीपा पुल सहित रिवर फ्रंट का शिलान्यास करेंगे। राष्ट्रीय जलमार्ग हल्दिया-वाराणसी पर यह भोजपुर जिला के लिए तीन कम्यूनिटी जेटी का निर्माण सौभाग्य की बात है।इससे जलमार्ग द्वारा बंगाल से उतरप्रदेश तक यात्रा, माल-ढुलाई सुलभता से किया जा सकता है,जिससे जिले का आर्थिक व्यवस्था और रोजगार सुदृढ़ होगा। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि 20 फरवरी को ही आरा से छतीसगढ़ को जोड़ने वाली ट्रेन जो आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस के नाम से जानी जाएगी का लोकार्पण केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह स्थानीय सांसद आर के सिंह द्वारा सायं:5:30 बजे किया जाएगा। उक्त दोनो महत्वपूर्ण कार्यक्रमो के दौरान महुली घाट और आरा स्टेशन पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा जनसभा को भी संबोधित किया जाएगा। जनसभा मे भोजपुर जिला के नागरिक आमंत्रित है।

सरस्वती पूजा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर में बुधवार को धूमधाम से बसंत पंचमी के साथ ही सरस्वती पूजा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भक्ति विद्या के देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा अर्चना कर रहे हैं आरा शहर के गायत्री चौक विष्णु नगर में मां गायत्री युवा क्लब के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है इस दौरान क्लब की सदस्यों में काफी उत्साह देखने को मिला मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर सरस्वती पूजा मनाने वाले मां गायत्री युवा क्लब के अध्यक्ष निखिल राय ने बताया कि हम लोग सालों से माता सरस्वती की पूजा अर्चना करती आ रहे हैं और इस साल भी माता के प्रतिभा को स्थापित कर पूजा अर्चना कर रहे हैं हमने माता को अच्छे से सजाया है और बड़े ही हर्ष के साथ पूजा कर रहे हैं, साथ ही सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। वही माता की भक्ति वी मां गायत्री युवा क्लब के अध्यक्ष उपाध्यक्ष बिट्टू राय ने बताया कि हम माता से यही आशीर्वाद चाहते हैं की माता हमें ज्ञान बुद्धि विद्या दे ताकि हम हर वर्ष उनकी पूजा अर्चना इसी तरह करते रहें हमारे युवा ब्रिगेड में सरस्वती पूजा को लेकर काफी जोश है जहां हम सभी एकत्रित होकर हर वर्ष मां सरस्वती की प्रतिभा स्थापित कर पूजा अर्चना करते हैं और माता से विद्या बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान मौके पर अध्यक्ष निखिल कुमार राय उपाध्यक्ष बिट्टू कुमार सहयोगी राजीव रंजन राय सदस्य में रोहित मोहित आकाश उत्तम राकेश गोलू हरिओम हर्ष सहित कई लोग उपस्थित रहे।

भोजपुर में अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत मतवनिया गांव स्थित बहरदरा रेल पुल के समीप बनास नदी से मंगलवार की रात एक अज्ञात 42 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से लोगो के इलाके में अफरा-तफरी का आलम रहा। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना गजराजगंज ओपी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत पानी में डूबने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। वही खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

आरा में पैसे के विवाद को लेकर मारपीट के दौरान महिला जख्मी

आरा। भोजपुर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में गुरुवार की सुबह पैसे के विवाद को लेकर हुए मारपीट के दौरान एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद स्थानीय पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी सत्यदेव उपाध्याय की 40 वषीर्या पत्नी मंजू देवी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंजू देवी की शादी 20 वर्ष पूर्व हुई थी और और उसका पति सत्यदेव उपाध्याय मणिपुर के इंफाल में व्यापार करता है। जिसके कारण वह दोनों वहीं रहते हैं। छह माह पूर्व जख्मी महिला का भतीजा बली उसके मायके भागलपुर गया था। जहां उसका एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद वह वापस गांव चला आया था जहां उसका इलाज कराया गया। इसके बाद मंजू देवी वापस इंफाल चली गई।

भोजपुर में दो ट्रक, एक स्कॉर्पियो एवं एक कार की आपसी भिड़ंत में आधा दर्जन लोग जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव के समीप फोरलेन पर कोहरा होने के कारण दो ट्रक,एक स्कॉर्पियो एवं एक कार की आपसी भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि कार पर सवार अन्य लोग भी मामूली रूप से जख्मी हो गए। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी रही। देखते ही देखते आसपास के गांव वाले भारी संख्या में वहां जुट गए। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही बिहिया थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ फॉरेन घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से चालक को कार के अगले हिस्से को काट कर बाहर निकल गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी लाया गया। जबकि कार पर सवार अन्य लोगों का इलाज स्थानीय स्तर से कराया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भोजपुर में करीब तीन दिनों से मौसम काफी खराब चल रही और गुरुवार की अहले सुबह अत्यधिक कोहरा भी था। अत्यधिक कोहरा होने के कारण अमराई नवादा गांव के समीप फोरलेन पर दो ट्रक,एक स्कॉर्पियो एवं एक कार में आपसी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त था कि दो ट्रक एवं स्कॉर्पियो के के बीच रहे कार के पचखड़े उड़ गए। जबकि दो ट्रक एवं स्कॉर्पियो भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा कार चालक का पैर स्टेरिंग में फस गया। जिसके बाद कार के अगले हिस्से को काटकर उसे बाहर निकल गया। इसके बाद जख्मी चालक का इलाज बिहिया पीएचसी लाया गया। वही कार पर सवार अन्य लोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया जा रहा है।

राहुल व तेजस्वी के आगमन को लेकर डीएम व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

दुर्गावती। स्थानीय प्रखंड के धनेछा इंटरस्तरीय विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का आगमन हो रहा है । जिसको लेकर जिलाधिकारी सावन कुमार व पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के द्वारा स्थल का जायजा लिया गया। बता दे की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर शुक्रवार को कैमूर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का आगमन हो रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। दुर्गावती के धनेछा इंटरस्तरीय विद्यालय में राहुल गांधी व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव हजारों की संख्या में मौजूद जनसभा को संबोधित करेंगे।वहीं कोई कमी न रह जाए जिसको लेकर रामगढ़ विधानसभा के राजद विधायक सुधाकर सिंह के द्वारा भी स्थल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया।

किसानों ने 45 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना रखा जारी

प्रात : किरण संवाददाता

चांद। उचित मुआवजा को लेकर पिछले 45 दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसानों की सुध नहीं लेने पर किसान संगठनों ने एकता चौक भभुआ में चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। भारत माला परियोजना में बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में अधिग्रहण की गई भूमि की उचित मुआवजा के लिए किसान 2 जनवरी 2024 से ऐतिहासिक 20 किमी लंबी पदयात्रा के बाद पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेस कैंप स्थल मसोई पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कैमूर जिले में एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए टेंडर मिला हुआ है। बेस कैंप स्थल मसोई पर किसान पीएनसी कम्पनी के निर्माण कार्य का किसान विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना है भूमि अधिग्रहण में किसानों को बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा नहीं मिल जाता है। बिना उचित मुआवजा की घोषणा किए बेस कैंप का निर्माण अनैतिक है। इसी को लेकर किसान पिछले 45 दिन से लगातार ठंडक एवं बरसात से तकलीफ होने के वावजूद अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। वृहस्पतिवार को कैम्प स्थल मसोई में दर्जनों किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। मसोई मोरवा दुलहरा आदि गांवों के सैकड़ों किसान धरना पर बैठे रहे। धरना पर बैठे किसान अवधेश कुमार सिंह श्याम सुन्दर सिंह भुपेंद्र सिंह अरविंद सिंह ने कहा उचित मुआवजा जंगली जानवरों एवं एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर किसान संगठनों के समर्थन में शुक्रवार को भभुआ एकता चौक पर जाम किया जाएगा। किसानों ने कहा सरकार का ध्यान खिंचने के लिए भारतीय किसान यूनियन कैमूर एवं किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के द्वारा साढ़े ग्यारह बजे एकता चौक पर जाम किया जाएगा। किसानों ने कहा जाम से परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए किसी तरह की असुविधा नहीं हो ध्यान रखा जाएगा।

भोजपुर में ठनका गिरने से किशोरी की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव स्थित खेत में ठनका गिरने से किशोरी की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत किशोरी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव निवासी तपेश्वर पांडेय की 13 वषीर्या पुत्री रिया कुमारी है एवं वह सातवीं कक्षा की छात्रा थी। इधर मृत किशोरी के चाचा सत्यम पांडेय ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन गांव के सभी लोग गांव में ही स्थित खुटहा बाबा के मंदिर में पूजा करने के लिए जाते है। बुधवार की शाम वह भी अकेले घर खुटहा बाबा मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। लौट के क्रम में बारिश शुरू होने लगी और बिजली कड़कने लगा। उसी दौरान जब वह खेत से होकर घर आ रही थी। तभी ठनका उसे पर गिर पड़ा। लेकिन जब घर वह काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजनों ने गांव एवं आसपास के लोगों के घरों में उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद परिजन जब खुटहा बाबा के मंदिर की ओर गए। तभी वहां मौजूद एक चरवाहे ने बोला कि वह खेत की ओर उसे शाम में मैंने जाते देखा था और उसमें बिजली भी कड़क रही थी। उसी के कहने पर जब परिजन खुटहा बाबा मंदिर के समीप खेत में खोजने गए तो उन्होंने देखा कि वह घायल अवस्था अधमड़ा में पड़ी है। इसके बाद परिजन अपनी संतुष्टि को लेकर उसे इलाज के लिए आरा अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पद स्थापित पुलिस पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृत किशोरी अपने तीन बहन व एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां गुड़िया देवी व दो बहन सलोनी,छोटी एवं एक भाई नीरज कुमार हैम घटना के बाद मृत किशोरी के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत किशोरी की मां गुड़िया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

संक्षिप्त खबरें

एक महिला समेत तीन अभियुक्तों को हुई सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट जज सुनील कुमार सिंह ने कासमा थाना कांड संख्या 77/20 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एक महिला समेत तीन अभियुक्तों को सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त सोनू कुमार लोहरा को 4 पोक्सो एक्ट में दस साल की सजा, पच्चीस हजार जुमार्ना, जूमार्ना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी और भादंवि धारा 366 ए में पांच साल की सजा, पच्चीस हजार जुमार्ना, जूमार्ना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी। अभियुक्त रोहित कुमार को भादंवि धारा 366 ए में पांच साल की सजा पच्चीस हजार जुमार्ना, जुमार्ना न भर सकें तो छः माह अतिरिक्त कारावास होगी और मानमति देवी चंद्रोली को 366 ए में पांच साल की सजा पच्चीस हजार जुमार्ना, जूमार्ना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्तों को 08 फरवरी 2024 को दोषी ठहराया गया था। अभियुक्त सोनू कुमार घटना के समय से जेल में बंद हैं। प्राथमिकी सूचक पीड़िता के पिता ने 13 सितम्बर 2020 को प्राथमिकी में बताया था कि शादी और गलत काम के नियत से तीनों ने मिलकर 08 सितंबर 2020 को कासमा बाजार से अपहरण किया था।

जवानों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया : डॉ. मनीष पंकज मिश्र

गया।कायरतापूर्ण पुलवामा हमले के पांचवीं बरसी पर भाजपा नेता डा. मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, क्षितिज मोहन सिंह, सुनील बम्बई, बाला सिंह, गोपाल पटवा, पिंटू सिंह, बबलू सिंह, दुखन पटवा, अशोक भारती एवं अभिवावक कृष्ण कुमार सिंह उर्फ कुमार बाबू 14 फरवरी 2019 को आंतकवादीयों के हमले में शहीद हुए 40 जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता डा.मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि आज के ही दिन पुलवामा हमले में 40 जवानों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था इसके लिए देश इन्हें हमेशा याद रखेगा। मालूम हो कि कि इस हमले के बाद भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान को नानी याद दिला दिया था।

पूर्व विधान पार्षद से सांसद ने की भेट

गया।एनडीए गठबंधन की सरकार बनने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधान पार्षद कृष्ण कुमार सिंह आवास पर सम्मानित गठबंधन के साथियो के साथ औपचारिक मुलाकात करते सांसद विजय कुमार मांझी एवं गया महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार और वरिष्ठ एण्डीए नेता लोग उपस्थित थे।

एयरपोर्ट पहुचें राहुल गांधी कोग्रेसी नेताओं ने किया स्वागत

गया। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे गया मे देरी से पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इन दिनों लगातार भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो रहे है। उनके द्वारा कई राज्यों में भारत जोड़ो यात्रा के तहत दौरा किया जा चुका है। वे लगातार यात्रा कर लोगो से संपर्क बना रहे है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गया एयरपोर्ट पहुंचे हैं। जहाँ कांग्रेस के कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया है। 12 बजकर 50 मिनट पर फ्लाइट थी। लेकिन तकनीकी समस्या के कारण वे दो घंटे लेट पहुंचे राहुल गांधी। उन्हें हवाई मार्ग से औरंगाबाद जाना था। जहाँ वे भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने जा रहे थे। लेकिन मौसम खराब होने की वजह से वे आधा घंटा लेट हेलीकॉप्टर से निकले। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि गया एयरपोर्ट पर राहुल गांधी पहुंचे और फिर हवाई मार्ग से औरंगाबाद के लिए रवाना हो गए हैं। औरंगाबाद में भारत के मौलिक अधिकारों को बचाने के लिए राहुल गांधी जनसभा करेंगे। इसके बाद कल सासाराम में जनसभा को संबोधित करेंगे।

किसानों के ऊपर कार्रवाई की घोर निंदा : बिहार राज्य किसान सभा

पटना। मोदी सरकार के इशारे पर शंभू बॉर्डर पर किसानों के ऊपर क्रूर दमनात्मक कार्रवाई की घोर निंदा करते हुए बिहार के किसानों एवं मजदूरों से अनुरोध है कि 16 फरवरी को सार्वजनिक एवं सेकटोरल हड़ताल के साथ ग्रामीण भारत को बंद करने सड़कों पर उतरे, प्रतिरोध मार्च निकाले और नरेंद्र दामोदर दास मोदी का पुतला जलाकर अपने गुस्से का इजहार करें। जिस बेरहमी के साथ गैर कानूनी कार्रवाई भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ की जा रही है।उसे देख आज पूरा देश स्तब्ध है।किसान भीषण लाठीचार्ज और आँसू गैस को याद रखेगा। भारत सरकार ने चीनी एवं पाकिस्तानी बॉर्डर पर देश की सुरक्षा के लिए जिस ड्रोन को खरीदा था।उसी ड्रोन को शंभू बॉर्डर पर किसानों के ऊपर आंसू गैस का गोले बरसाने में इस्तेमाल कर रही है। देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर तथा सुरक्षा को खतरे में डालकर, बॉर्डर पर से ड्रोन मंगवाकर किसानों पर ड्रोन से हमला करवाना, देशद्रोही कार्य है।

राज्यपाल द्वारा नमामि निरंजना अभियान का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

गया। 20 फरबरी को महाबोधि संस्कृति केंद्र बोधगया में राज्यपाल बिहार द्वारा नमामि निरंजना अभियान का शुभारंभ एव जल चेतना कार्यक्रम प्रस्तावित है इस निर्धारित कार्यक्रम के सफल आयोजन के दृष्टिकोण को समाहरणालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में तैयारी के संबंध में संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस कार्यक्रम में नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के डायरेक्टर जनरल जो 1991 बैच के आई०ए०एस० जी० अशोक कुमार, संजय सज्जन सिंह संयोजक निरंजना रिवर रिचार्ज मिशन, नलिन कुमार श्रीवास्तव उप महानिदेशक नमामि गंगे भारत सरकार, विजेंदर स्वरूप कार्यकारी निदेशक नमामि गंगे भारत सरकार, योगेंद्र अंडले पर्यावरणविद एव नदी विशेषज्ञ, प्रोफेसर विनोद तारे आईआईटी कानपुर, आई०ए०एस० संतोष कुमार मल्ल सहित अन्य वरीय अधिकारी भी शामिल होंगे। बोधगया मठ के पूर्वी द्वार के ठीक सामने भी राज्यपाल सहित अन्य अधिकारियों द्वारा निरंजना नदी पहुच कर नदी दर्शन कार्यक्रम आयोजित होगा। नदी का ओवरव्यू दिखाते हुए कैसे निरंजना नदी के पुनर्जीवित किया जाए, इसपर फोकस किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के अवसर पर बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को कार्यो का प्रदर्शनी के रूप में गया जी डैम, माँ सीता पथ, मिथला पेंटिंग, घाट के दोनों तरफ सौंदरीकरण, विष्णुपद पहुच अप्रोच सड़क सहित मनरेगा एव वन विभाग द्वारा गया फल्गु नदी निरंजना नदी के किनारे किनारे करवाये गए पौधरोपण के संबंध में भी प्रदर्शित कराया जाएगा। जिले में ऑर्गेनिक खेती को कैसे बढ़ावा दिया जाए इस पर भी कार्ययोजना बनाने को कहा गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में आईआईएम, आईएचएम, बुद्धिस्ट कॉउंसिल के आदरणीय सदस्य, जीविका इत्यादि के लोग शामिल होंगे। डीएम ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया कि इस कार्यक्रम के अवसर पर बोधगया के ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त के साथ साथ कार्यक्रम स्पॉट का निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे।

चतरा जिले के सिमरिया ब्लॉक के बेलगड्डा के समीप फल्गु नदी जो आगे जहानाबाद होते हुए आगे की ओर बहती है उस पूरी नदी को संरक्षण करने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता सिचाई प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, निदेशक डीआरडीए, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पदाधिकारी, मुखिया ग्राम पंचायत शादीपुर, पर्यावरणविद गया श्री बृजनंदन पाठक, पर्यावरणविद सिकंदर एवं श्री अनूप केडिया उपस्थित थे।

सरस्वती पूजा के मौके पर दानिका परिवार ने भजन संध्या का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका परिवार के तत्वावधान में सरस्वती पूजा के निमित्त दानिका परिवार के प्रबंध निदेशक डॉ रविंद्र कुमार के भवन जीर्णोद्धार कार्यक्रम के मौके पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया दानी बिगहा के समीप डॉ रविंद्र कुमार के अपने नवनिर्मित आवास पर मां सरस्वती की षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की एवं भजन संध्या का शुभारंभ समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र के आशीर्वचन के साथ की गई।

संबोधन के क्रम में डॉ मिश्रा ने कहा कि ऋतुराज बसंत के आगमन प्रकृति के नवोन्मेष वातावरण को प्रकट करने का दिवस है। बसंत पंचमी के दिन से ही प्रकृति में हर्ष और उमंग की शुरूआत हो जाती है। भजन सम्राट सुनील पाठक ने मां शारदे को समर्पित भजन की शुरुआत के क्रम सूर की देवी मां शारदे गाकर उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। भजन संध्या का संचालन करते हुए डॉ रविंद्र कुमार ने कहा कि दानिका परिवार औरंगाबाद जिले के ऐसी संस्था है जो गरीब तबके के विद्यार्थियों को संगीत की मुफ्त शिक्षा देने के लिए तत्पर रहती है। कार्यक्रम के मौके पर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी,विजय गोप,देवबली सिंह,मास्टर विकास मुंबई से सत्यजीत कुमार,सोनू कुमार, संतोष कुमार,वीरेंद्र कुमार वेद प्रकाश शिव प्रसाद की गरिमामई उपस्थित रही।

बिहार बजट गरिब समाज के चौमुखी विकास में सहायक होगा : कुमार गौरव

प्रात : किरण संवाददाता

गया।युवा जदयू के जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ने बिहार के बजट की आम जनता के लिए लाभकारी बताया है बिहार की सबसे ज्यादा जरूरत है नौकरी और रोजगार है इस पर मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस बजट पर विशेष ध्यान दिया है न्याय के साथ विकास का सरकार का मंत्र है और इसकी पूरी तरह साबित किया गया है इस बजट में साथ नीचे के तहत बिहार राज्य को विकसित राज्य किया जा रहा है हर समाज के सभी वर्गो के विकास करना सरकार का लक्ष्य और वित्तीय संतुलन को पूरा ध्यान में रखा गया है बिहार के विकास की दर 10 पॉइंट 4% है जो देश में सबसे अधिक है तेज विकास दर राज के लिए घर की बात है औद्योगिक क्षेत्र में लगातार बेहतर काम हो रहा है सकल घरेलू उत्पाद डेढ़ गुना में इजाफा है यह अभी एक हर्ष की बात है आगे शिवसेना ने बताया कि गरीबी दर में 8% से ज्यादा गिरावट आना शुभ का संकेत है वही शिक्षा पर इस बजट में आशा ध्यान दिया गया है।

उदय, क्षितिज और सुर्दशन बने उपाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में कार्यसमिति चुनाव के दुसरे दिन के मतगणना में उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, अंकेक्षक और निगरानी पद का रिजल्ट घोषित किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर उदय कुमार सिन्हा को 351 मत प्राप्त हुए। क्षितिज रंजन को 270 वोट, सुर्दशन यादव को 241 वोट, अशोक कुमार सिंह को 193 वोट, संजय कुमार सिंह को 157 वोट, अमित कुमार को 124 वोट, औंकार सिंह को 119 वोट, उपाध्यक्ष पद पर उदय कुमार सिन्हा, क्षितिज रंजन और सुर्दशन यादव विजयी घोषित किए गए हैं। अंकेक्षक पद पर अनिल कुमार सिन्हा को 452 मत पड़े और राजेश कुमार सिंह को 250 वोट पड़े, सर्वाधिक वोट लाकर अनिल कुमार सिन्हा विजयी घोषित किये गये। वहीं निगरानी सदस्य पद पर अनिल आशुतोष को 264 वोट, हरेंद्र कुमार को 260 वोट,अभय कुमार सिंह को 175 वोट, सर्वाधिक वोट लाकर अनिल आशुतोष विजयी घोषित किए गए हैं। संयुक्त सचिव पद पर देवीनंदन सिंह को वोट 178 मिले, प्रमोद कुमार सिंह को 199 वोट मिले, दिलीप कुमार सिंह को वोट 208 मिले, काली प्रसाद को 172 वोट मिले, शम्भू नाथ मिश्रा को 193 वोट मिले, अनिल कुमार सिंह को 137 वोट मिले, सियाराम पांडेय को 198 वोट मिले, रामपरिक्षा सिंह को 134 वोट मिले, धिरेंद्र कुमार सिंह को 82 वोट मिले, संयुक्त सचिव पद पर दिलीप कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह और सियाराम पांडे विजयी घोषित किए गए हैं। बाकी बचे सीटों पर मतगणना आज समाप्त होगी।

श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में मां शारदे की गई आराधना

प्रात : किरण संवाददाता

गया।नैलीरोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में सरस्वती पूजा के अवसर पर मां शारदे की आराधना की गई है। जहां सबसे पहले पूरे विद्यालय परिसर को बच्चों एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा रंगीन गुब्बारे एवं तरह-तरह की झालरों से सजाया गया। वहीं माँ शारदे की आदमकद प्रतिमा की स्थापना कर पूरे भक्तिभाव से पूजा अर्चना किया गया। प्राचार्य पूनम सिन्हा के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने पूजा किया है। पूजा अर्चना के उपरांत पुष्पांजली एवं आरती के बाद सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया है। वहीं प्राचार्य श्रीमति सिन्हा एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को अबीर गुलाल लगा कर माँ का आशीर्वाद दिया। कल गुरुवार को आरती के बाद रुक्मिणी सरोवर में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के पूर्व बच्चों के द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश संयोजक ने जिला निकाय प्रकोष्ठ संयोजक बने ओम प्रकाश सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भारतीय जनता पार्टी गया जिला के नगर निकाए प्रकोष्ठ के संयोजक पद पर ओम प्रकाश सिंह वार्ड पार्षद गया नगर निगम को प्रदेश संयोजक पूर्व मेयर पटना संजय कुमार के द्वारा मनोनीत किए जाने पर । गया जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू लोक सभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह ने ओम प्रकाश सिंह को बधाई देते हुए कहा की संयोजक के पद पर मनोयन से भाजपा संगठन मजबूती प्रदान करेगा। नगर निकाय में काफी मजबूती से प्रतिनिधित्व करेंगे, संगठन के कार्य कुशलता को देखते हुए प्रदेश संयोजक के द्वारा मनोनीत किया गया है। इन्हें मनोनीत करने पर प्रदेश संयोजक संजय कुमार को बधाई एवं शुभकामनायें दी है ।ओम प्रकाश को बधाई एवं शुभकामना देने वालों में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा एवं जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर हैं।

मानपुर आईआईटी जेईई मेस परिक्षा सफल अभ्यर्थी से मिले जदयू प्रवक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

गया।एनटीए द्वारा आयोजित आईआईटी जेईई मेंस प्रवेश परीक्षा का परिणाम कल जारी हुआ है।जिसमें मानपुर प्रखंड के ग्राम सुरहरी न्यू कॉलोनी के निवासी रौनक राज को 99.45 परसेंटेज प्राप्त होने पर जनता दल यू के नेताओं द्वारा उनके घर जाकर बधाई दिया गया है। जनता दल यू मानपुर के प्रखंड अध्यक्ष अजीत शर्मा, जिला प्रवक्ता अवधबिहारी पटेल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश राव , जिला कार्यान्वयन समिति के पूर्व सदस्य अरविंद वर्मा द्वारा उन्हें अंगवस्त्र देकर एवम मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया एवम उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना दिया गया है। उनके इस परिणाम से समस्त ग्रामवासी सहित परिजन बहुत खुश हैं।रौनक राज ने बताया कि इस परीक्षा में बेहतर परिणाम उनकी माता अनुराधा देवी, पिता विजय कुमार सिन्हा और बड़ी बहन रिमझिम कुमारी के आशीर्वाद एवम सहयोग से प्राप्त हुआ है। रौनक राज ब्रिटिश इंग्लिश स्कूल गेरे मानपुर से दसवीं की परीक्षा वर्ष 2022 में उत्तीर्ण हुआ था और उसी विद्यालय से बारहवीं की पढ़ाई कर रहा है जिसका परीक्षा आगामी 22 फरवरी से होनेवाला है ।

कुर्था नपं कार्यालय के स्थानांतरण को लेकर वार्ड पार्षदों ने डीएम को सौपा ज्ञापन

प्रात : किरण संवाददाता

कुर्था,अरवल। कुर्था प्रखंड के नगर पंचायत का कार्यालय जो किराये के मकान में चल रहे उसे प्रखंड मुख्यालय में स्थानांतरण करने को लेकर कुर्था नगर पंचायत के कई वार्ड पार्षदों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन अरवल जिलाधिकारी वर्षा सिंह को देकर स्थानांतरण करने की मांग की है जिसमें वार्ड पार्षदों में मो0 तनवीर आलम, रविंद्र कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार, सीमा देवी, सोहरी देवी, नीतीश कुमार,रजनी कुमारी संजू कुमारी, नगीना राम, राजेश यादव, ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है दिए गए आवेदन में वार्ड पार्षद व नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार प्रसाद मैं इस बार नगर पंचायत चुनाव में उपमेयर के रूप में निर्वाचित हुए हैं हम सभी बार्ड पार्षदों ब कुर्था नगर पंचायत के आम जनमानस को नगर पंचायत कार्यालय राणानगर जो कुर्था से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है वहां आने-जाने में हम लोगों के साथ-साथ कुर्था नगर पंचायत के आम जनमानस को दो किलोमीटर की दूरी तय करना काफी कठिन हो गया है जिससे हमलोग चाहते हैं कि कुर्था नगर पंचायत का कार्यालय प्रखंड मुख्यालय में स्थानांतरित किया जाए जिससे प्रति माह किराए के रूप में जो राजस्व की क्षति हो रही है उसे भी बचाया जा सकता है साथ ही कुर्था नगर पंचायत के आम जनमानस को भी नगर पंचायत के विभिन्न प्रकार की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होगी नगर पंचायत के कार्यालय जो कुर्था से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर किराए के मकान में चल रहे हैं जिसके प्रथम तल पर कार्यालय चलती है जिस पर दिव्यांग वार्ड पार्षदों ब नगर पंचायत के वृद्ध लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है उक्त कार्यालय अगर कुर्था प्रखंड मुख्यालय में संचालित होती तो आम लोगों को कई प्रकार की सुविधाएं आसानी से मिलती उक्त मांगों का ज्ञापन वार्ड पार्षदों ने अरवल जिलाधिकारी ,कुर्था प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर पंचायत से संबंधित प्रधान सचिव, बिहार के मुख्यमंत्री को भी पत्र प्रेषित कर स्थानांतरण की मांग की है ज्ञात रहे की विगत वर्ष राज्य सरकार के निर्देश पर कुर्था खेमकरण सराय को नगर पंचायत का दर्जा दी गई थी इसके बाद नगर पंचायत का कार्यालय प्रखंड मुख्यालय में न चलकर निजी मकान में किराए पर संचालित हो रही थी जिससे राजस्व का भी घाटा हो रहा था साथ ही कुर्था प्रखंड मुख्यालय से दूर राणानगर गांव में स्थित नगर पंचायत कार्यालय के वजह से आम लोगों को भी काफी कठिनाइयां उत्पन्न हो रही थी।

अखिलेश सिंह को राज्यसभा के लिए नामित किए जाने पर लोगों ने दी बधाई

अरवल। बिहार के जाने-माने राजनीतिक चेहरा डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जिनका राजनीतिक सफर अरवल विधानसभा सदस्य के रूप में शुरू होकर मोतिहारी लोकसभा सदस्य के रूप में चुनकर केंद्रीय मंत्री साथ ही कांग्रेस से प्रांतीय अध्यक्ष तक पहुंच कर दूसरी बार राज्यसभा के लिए कांग्रेस सदस्य के रूप में पार्टी की ओर से उन्हें नामित किए जाने पर अरवल विधानसभा क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी का माहौल देखा जा रहा है ! विधायको की संख्या बल के आधार पर बिहार कांग्रेस से एकमात्र सीट जिस पर अखिलेश प्रसाद सिंह को नामित किये जाने को उनकी बहुत बड़ी राजनीतिक सफलता मानी जा रही है !क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता केयाल पंचायत के पूर्व मुखिया रामाधार शर्मा सहित सैकड़ो लोगों ने कांग्रेस पार्टी के डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह को धन्यवाद दिया है।

मैट्रिक मे पहले दिन प्रथम पाली मे 253 एवं द्वितीय पाली में 283 विद्यार्थी गायब

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 का सफल संचालन किया गया। जिले में कुल 13 परीक्षा केंद्र शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। प्रथम पाली में एसएसएसजीएस कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 951 के विरूद्ध 926 उपस्थित 25 अनुपस्थित, बालिका उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 510 के विरूद्ध 503 उपस्थित 07 अनुपस्थित, जी ए उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 388 के विरूद्ध 377 उपस्थित 11 अनुपस्थित, उमैराबाद उच्च विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 734 के विरूद्ध 727 उपस्थित 07 अनुपस्थित, फतेहपुर संडा कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 1093 के विरूद्ध 1060 उपस्थित 33 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय इटवाँ से कुल विद्यार्थियों की संख्या 603 के विरूद्ध 580 उपस्थित 23 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय दरियापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 451 के विरूद्ध 445 उपस्थित 06 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय करपी से कुल विद्यार्थियों की संख्या 760 के विरूद्ध 756 उपस्थित 04 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय किंजर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 916 के विरूद्ध 882 उपस्थित 34 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय मिजार्पुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 428 के विरूद्ध 424 उपस्थित 04 अनुपस्थित, एसजेएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 1012 के विरूद्ध 975 उपस्थित 37 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 757 के विरूद्ध 741 उपस्थित 16 अनुपस्थित, आरसीएस कॉलेज कुर्था से कुल,विद्यार्थियों की संख्या 741 के विरूद्ध 695 उपस्थित 46 अनुपस्थित रहे।

वहीं द्वितीय पाली में एसएसएसजीएस कॉलेज अरवल से कूल विद्यार्थियों की संख्या 938 के विरूद्ध 924 उपस्थित 14 अनुपस्थित, बालिका उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 527 के विरूद्ध 522 उपस्थित 05 अनुपस्थित, जी ए उच्च विद्यालय अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 362 के विरूद्ध 343 उपस्थित 19 अनुपस्थित, उमैराबाद उच्च विद्यालय से कुल विद्यार्थियों की संख्या 734 के विरूद्ध 723 उपस्थित 11 अनुपस्थित, फतेहपुर संडा कॉलेज अरवल से कुल विद्यार्थियों की संख्या 1089 के विरुद्ध 1074 उपस्थित 15 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय इटवाँ से कुल विद्यार्थियों की संख्या 558 के विरूद्ध 535 उपस्थित 23 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय दरियापुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 451 के विरूद्ध 448 उपस्थित 03 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय करपी से कुल विद्यार्थियों की संख्या 738 के विरूद्ध 706 उपस्थित 32 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय किंजर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 773 के विरूद्ध 746 उपस्थित 27 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय मिजार्पुर से कुल विद्यार्थियों की संख्या 438 के विरूद्ध 421 उपस्थित 17 अनुपस्थित, एसजेएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 1084 के विरूद्ध 994 उपस्थित 90 अनुपस्थित, उच्च विद्यालय कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 756 के विरूद्ध 736 उपस्थित 20 अनुपस्थित, आरसीएस कॉलेज कुर्था से कुल विद्यार्थियों की संख्या 623 के विरूद्ध 616 उपस्थित 07 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 9344 के विरूद्ध 9091 उपस्थित रहे एवं 253 अनुपस्थित पाये गये। द्वितीय पाली में कुल विद्यार्थियों की संख्या 9071 के विरूद्ध 8788 उपस्थित रहे जबकि 283 अनुपस्थित रहे।

32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने किया बकरी पालन प्रशिक्षण का शुभांरभ

प्रात : किरण संवाददाता

गया। 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट ललित कुमार मुख्य अतिथि के उपस्थति में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत नक्सल प्रभावित ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा, गया के माध्यम से 32वीं वाहिनी के ह्लजीह्न समवाय गुरपा के द्वारा 06 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ कृषि भवन, बिहार सरकार, फतेहपुर में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है। शुभारंभ मुख्य अतिथि कमांडेंट ललित कुमार के द्वारा किया गया है। कमांडेंट ने प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की और उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण

और कौशल विकास के महत्व के बारे में जागरूक किया गया है। इस प्रशिक्षण में 50 युवाओं ने भाग लिए हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा मुकेश कुमार अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर,गया, अनिकेत कुमार - सहायक तकनिकी प्रबंधकआत्मा ट्रेनर डॉ० प्रवीण रंजन, रविकांत घुड़सवार, अरुण कुमार यादव व पवन कुमार, थाना प्रभारी फतेहपुर प्रशांत कुमार सिंह,लोधवे पंचायत के मुखिया श्री संजय शर्मा, कठौतिया केवल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि के पति रणजीत कुमार, व अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। 32 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा इस प्रशिक्षण को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा, गया के माध्यम से कराया जायेगा। इस मौके पर समवाय प्रभारी - निरीक्षक मनीष कुमार चौबे व समवाय के बलकार्मिक एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

पीएम समृद्धि योजना के तहत लोन देने में तेजी लाये बैंक : पुष्कर पुष्प

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।पीएम समृद्धि योजना के तहत में लाभुकों को देने में तीव्रता लाने के लिए नगर कार्यपालक पदाधिकारी पुष्कर कुमार पुष्प की अध्यक्षता में सभी संबंधित बैंक मैनेजर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, पीएनबी, ग्रामीण बैंक , बैंक ऑफ इंडिया , यूको बैंक आदि के शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना के तहत छोटे अस्थायी दुकानदारों को बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋण की अब तक की प्रगति की बिंदुसार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान संतोषजनक प्रदर्शन करने वाले बैंकों की सराहना की गई वहीं कमतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों को प्रदर्शन सुधारने की हिदायत दी गई। यह निर्णय लिया गया कि आगामी 23 फरवरी को स्ट्रीट विन्ड्रोस के लिए योजना संबंधी जागरूकता शिविर लगाया जाये। जिसमें सभी ब्रांच मैनेजर्स स्वयं उपस्थित रहकर लाभूकों को योजना के लाभों से परिचित करायें। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा लगातार इस योजना की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। इसके तहत बैंक के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक कर प्रगति सुनिश्चित करने के आदेश प्राप्त हैं।

पर्यटन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया 'बेकरारी' एवं 'कसक' हिन्दी एल्बम सॉन्ग रिलीज

पटना। बिहार के पर्यटन मंत्री प्रेम कुमार ने याशिका म्यूजिक इंटरटेनमेंट बैनर तले निर्मित व रविन्द्र कुमार द्वारा निर्देशित बेकरारी एवं "कसक" हिन्दी लव सॉंग को रिलीज किया। उक्त जानकारी देते हुए रविन्द्र कुमार ने बताया कि उक्त अवसर पर बिहार के पर्यटन मंत्री प्रेम कुमार,पूर्व विधायक (एम एल सी) रणवीर नंदन प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी राजीव रंजन, याशिका म्यूजिक इंटरटेनमेंट के निमार्ता विजय कुमार, निर्देशक रविन्द्र कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रेम कुमार, रणवीर नंदन, राजीव रंजन एवं अतिथियों को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में याशिका म्यूजिक इंटरटेनमेंट सिनेमा से जुड़े हिन्दी फिल्म निमार्ता सुरेश चौधरी, फिल्म निर्देशक रविन्द्र कुमार, एक्टर विजय रॉकस्टार, गायक रोहित कुमार, संगीतकार राजकमल सिंह, एक्ट्रेस स्मृति ठाकुर, डीओपी बंटी राज, एडिटर पवन यादव, मेकअप आर्टिस्ट विजय कुमार, एक्ट्रेस खुशी सिंह एवम सौम्या पोखरेल, प्रोडक्शन विनय कुमार, संतोष कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों को पर्यटन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सम्मानित किया। "बेकरारी" और "कसक" सॉन्ग में नेपाल के खूबसूरत वादियों में फिल्माया गया बेकरारी को देखकर उपस्थित अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की फिल्म नीति की तर्ज पर बिहार में भी कलाकारों के लिए एक फिल्म नीति बननी चाहिए, इसके लिए सरकार से चर्चा कर अनुशंसा करने का पहल किया जायेगा।रणवीर नंदन ने कहा कि बिहार में फिल्म सिटी का निर्माण होना चाहिए ताकि बिहार के कलाकारों को काम की तलाश में इधर-उधर जाना नहीं पड़े। भाजपा प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि आने वाले समय में बिहार भोजपुरी फिल्म के लिए ही नहीं, बल्कि हिन्दी फिल्मों के निर्माण के लिए भी जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि सॉन्ग के सिंगर रोहित कुमार हैं जो पटना के जाने-माने सिंगर हैं और गायकी के क्षेत्र में कई सम्मान एवम अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं। याशिका म्यूजिक इंटरटेनमेंट के निमार्ता विजय कुमार ने कार्यक्रम में आए हुए नए क्रिएटरो को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने आप को रील और इंस्टाग्राम तक ही सीमित नहीं रखें, इन सब से एक कदम आगे बढ़कर एलबम में डांस और अभिनय को सशक्त करने का प्रयास करें।बेकरारी सॉन्ग के निर्देशक रविन्द्र कुमार ने कहा कि बिहार में शूटिंग की व्यापक संभावनाएं हैं, बिहार में टैलेंट की भी कमी नहीं है, कमी है तो बस एक फिल्म नीति बनाने की। सरकार के सहयोग के बिना बिहार में सिनेमा का विकास हो पाना संभव नहीं है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

विधा की देवी मां शारदे की आराधना के बाद नम आंखो से दी गई विदाई

संग्रामपुर (मुंगेर) ।बसंत पंचमी पर विधा की देवी मां शारदे की अराधना के बाद गुरुवार को नम आंखों से उन्हें विदाई दी गयी। न्यू होप कोचिंग संस्थान,साक्षरता कम्युटर सेन्टर,सुरज क्लिनिक,एसटीएस कम्प्युटर सेन्टर के अलावे विभिन्न सरकारी गेर सरकारी शिक्षण संस्थान में स्थापित मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। सरस्वती पूजा के मौके पर कही राम कथा तो कही श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है ।विसर्जन के दौरान विभिन्न जगह के युवा नीतीश राणा राजेश,मोहन,बंमबंम,नीतीश सूरज, शिवम, रोहित,ऋतिक,शुभम,अंकित,कुश सुजीत, रंजन, राकेश, अनुज,अनिता सुनीता रागिनी, बिनीत आदि छात्र छात्रा शामिल थे।

बाजार से चोरी हुई बेलोरो बेगुसराय से हुई बरामद

नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों नवगछिया बाजार के मुशहरी पट्टी के नवीन कुमार साह की बाजार से हुई चोरी बेलोरो को पुलिस ने बेगुसराय से बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में पीड़ित नवीन साह ने थाना में दिये आवेदन में बताया है कि उसकी गाड़ी बैंक ऑफ बरौदा के पास खड़ी थी, जहाँ से अज्ञात चोरों ने गलत तरीके से ब्लोरो को उड़ा ले गया है। घटना की प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद नवगछिया पुलिस द्वारा उक्त बेलोरो को बेगुसराय इलाके से बरामदगी करने में सफल रही हैं। इस मामले को लेकर पुलिस ने एक युवक को मौके पर हिरासत में लिया है। वही पुलिस गिरफ्तार युवक से अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतू पूछताछ करने की कवायद में जुट गई हैं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ शुभारंभ

नवगछिया (भागलपुर)। श्री श्री 108 भोला दुःख हरनेश्वर पार्वती मंदिर का वरीय कांग्रेसी प्रदेश प्रतिनिधि शीतल प्रसाद सिंह निषाद ने सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। इसके पूर्व जहाज घाट से तिनटंगा करारी गांव से कलश शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया था। जहां महिलाओं व युवतियों ने कलश में जलभरी कर पवित्र गंगाजल को लाया गया था। जिसके बाद विद्वान पंडित विशंभर झा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से गांव इलाके में स्थित मंदिर प्रांगण में शिव पार्वती की मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा पूजन को संपन्न किया। इस मौके पर ग्रामीण सह समाजसेवी अर्चना देवी व विजय कुमार सिंह अपने स्वजनों के साथ मौजूद थी। वही सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक विगत वर्षों में मंदिर का निर्माण सुनैना सिंह व तूफानी सिंह द्वारा कराया गया था। जहां ग्रामीणों के सहयोग से बसंत पंचमी के शुभ मुहूर्त में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ मंदिर प्रांगण में शिव पार्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पूजा हेतु विधि विधान से सम्पन्न किया गया। इस मौके पर ग्रामीण रौनक सिंह, रोहित सिंह, रीमा कुमारी, विवेक सिंह, शंकर सिंह, राहुल सिंह, धीरेन्द्र सिंह, रामस्वरूप सिंह, मनोनीत सिंह, अशोक कुमार सिंह, विन्देश्वरी सिंह व अमरेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना सहित बडी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही थी।

महिला मतदाताओं की संख्या में बढोत्तरी करने का दिया निर्देश: एसडीओ

नवगछिया (भागलपुर)। गोपालपुर विधान सभा में महिला मतदाताओं की संख्या में कमी होने की सूचना पर एसडीओ उत्तम कुमार प्रखंड मुख्यालय गोपालपुर पहुंचे। जहां उन्होंने गोपालपुर बीडीओ निशांत कुमार के साथ बातचीत कर महिला मतदाताओं की संख्या में बढोत्तरी करने का निर्देश दिया है। बीडीओ गोपालपुर ने एसडीओ को जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हेतु बीएलओ को निर्देश दिया गया है। उन्होंने अठारह वर्ष की युवतियों को आधार कार्ड व पासपोर्ट फोटो के साथ अपने बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने को कहा है। इसके लिए कार्य तेजी से किया जा रहा है।

भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का चला दूसरा चरण

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरुवार (15-02-2024) को भी भागलपुर नगर निगम क्षेत्र में निरंतर जारी रही । इसके माध्यम से प्रत्येक दिन दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भागलपुर जिले के नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा में आज नगर के उर्दू बाजार क्षेत्र तथा टीएनबी कॉलेजिएट के आसपास के इलाके में पहुंची। दोनों ही कार्यक्रमों में आम जनता के लिए भागलपुर नगर निगम द्वारा नगर निगम क्षेत्र की आम जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की गईं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राह्व का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता का लक्ष्य हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक तरीके से आसानी से पहुंचे। कार्यक्रम के लिए प्रतिनियुक्त नगर निगन के नोडल अधिकारी श्री जयप्रकाश यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के लिए रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिदिन नए लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है। इस यात्रा के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अनेक लाभार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार का आभार व्यक्त किया । इन लाभार्थियों में रेणु देवी तथा और सोनी कुमारी शामिल थे । कैंप में भागलपुर नगर निगम की ओर से पंकज कुमार भट्टाचार्य, अमरेंद्र कुमार, मृत्युंजय सिन्हा, चुन्नू कुमार तथा गौरव कुमार शामिल थे । स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गयी तथा दवा तथा परामर्श प्रदान किया गया ।उज्जवला योजना का भी कैंप लगाकर स्थानीय जनता को लाभ पहुंचाया गया एवं जागरूक किया गया । स्वास्थ्य जांच टीम में लखपत योगी, साक्षी प्रिया , पूजा कुमारी, प्रभाष कुमार राय, देवाशीष पांडेय, मनीष कुमार तथा रामरतन मंडल शामिल थे। यात्रा कार्यक्रम उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई तथा उन्हें प्रोत्साहित किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से राजीव कुमार चौरसिया तथा उमेश कुमार ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी । उज्ज्वला योजना तथा प्रयोग के दौरान सुरक्षा उपायों के बारे में भी इंडेन गैस की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि रविकांत द्वारा जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्राह्व के एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित विशेष रथ को देख कर आम लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का वीडियो संदेश भी प्रचारित किया गया , साथ ही बिहार के विकास की कहानी भी वीडियो व आंकड़ों के माध्यम से प्रस्तुत की गई । इस अवसर पर सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने , भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गयी ।

जिला नियोजनालय कैंपस में जॉब कैम्प का हुआ आयोजन

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय मुंगेर के प्रांगण में आगामी 16 फरवरी 2024 को जॉब कैंप का आयोजन किया गया है। इस दिन 11:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैंप में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन जमा कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इस की जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी मोहम्मद तौसीफ क्याम ने दी है उन्होंने बताया कि जॅब कैंप में भाग लेने वाले आवेदक कार्यालय में आकर एनसीएस पोर्टल पर निबंध आवश्यक कर लें। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि सुजुकी मोटर केयर ट्री कंपनी के द्वारा अप्रेंटिस ट्रेड के लिए आईटीआई पास ऑल ट्रेड्स आयु सीमा 18 से 26 वर्ष इनका वेतनमान 16900 से 21500 तक निर्धारित होगा जो मानदेय के रूप में दिया जाएगा इसके लिए सुजुकी मोटर ग्रीन ट्री रिक्ति पद 50 के विरुद्ध आवेदन मांगा है जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि चयनित उम्मीदवार को हसनपुर गुजरात में रहना होगा। इसके लिए कंपनी की ओर से सभी फैसिलिटी दी जाएगी। मोहम्मद क्याम ने आगे बताया कि नियोजनालय परिसर में आयोजित जॉब कैंप में अधिक से अधिक अभ्यर्थी आए और इस कैंप का लाभ उठाएं।

एसपी पब्लिक स्कूल, संग्रामपुर में सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर) ।वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर क्षेत्र के अनेकों जगह मां सरस्वती की प्रतिमा बड़े धूमधाम से सजाकर श्रद्धापूर्वक सरस्वती पूजा मनाया जा रहा है। एवं अनेकों जगह अनेक तरह के सांस्कृतिक प्रोग्राम भी करवाया जा रहा है। प्रखंड के संग्रामपुर गंगटा रोड स्थित एसपी पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जहां पर कुल 16 ग्रुप में बच्चों ने नृत्य पेश किया। और अपने प्रतिभाओं से प्रोग्राम को काफी खूबसूरत अंजाम दिया। बताते चलें कि मुख मार्ग स्थित स्कूल में बच्चों का प्रोग्राम देखने के लिए काफी लोग वहां पर जुड़े। वही इस संदर्भ में स्कूल के डायरेक्टर शिवनंदन शाह ने बताया कि स्कूल के तरफ से हर बसंत पंचमी पर यह प्रोग्राम आयोजित करवाया जाता है। बच्चों को हर क्षेत्र में ले जाना एवं उनके कला को पहचाना ही हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य है। इस प्रकार के सांस्कृतिक प्रोग्राम से बच्चों के शारीरिक और मानसिक रूप से भी विकास होता है। आने वाले समय में इससे बेहतर करने की प्रयास रहेगी। स्कूल में मौजूद तमाम शिक्षक, माधव कुमार सिंह , विकाश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, सभ्यता कुमारी इन तमाम लोगों के मेहनत से यह सार्थक हो पाया। आरती कुमारी, सोनम कुमारी, रुसी कुमारी, आर्या कुमारी, संगम कुमारी, ऐसे तमाम छात्रों ने अपने कलाकारी से सबका दिल जीत लिया।

पूर्व विधायक सह प्रोफेसर भागवत प्रसाद यादव की मनाई गई 38 वीं पुण्यतिथि

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। गांधी पुर बरियारपुर निवासी पूर्व विधायक सह समाजवादी नेता प्रोफेसर डा भागवत प्रसाद यादव की 38 वीं पुण्यतिथि सी वी एल के इंटर कालेज बरियारपुर में मनाई गई। इस अवसर पर समाजवाद एवं भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर विषय पर संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू भवेश चंद्र पांडेय, विशिष्ट अतिथि मुंगेर विश्वविद्यालय के कुल सचिव कर्नल विजय कुमार ठाकुर ,पूर्व सांसद विजय कुमार विजय ,जय नारायण सिंह मधु थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उनके पुत्र पूर्व आयुक्त ललन एवं मंच संचालन चंद्रशेखर चौधरी ने किया। इसके पूर्व बरियारपुर तीन बंटिया चौक एवं कालेज परिसर में स्थापित प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं आम लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था महात्मा गांधी भी देश में समाजवाद लाना चाहते थे जिसमें समाज के निचले तबके को ऊपर लाना चाहते थे लेकिन उसमें भी एक गैर बराबरी थी। आजकल समाजवाद की परिभाषा घूम फिर कर आरक्षण पर आ जाती है। आरक्षण हमारे समाजवाद की कुंजी नहीं है आजकल अंबेडकर का नाम सभी लोग लेते हैं लेकिन उनके विचारों को धरातल पर उतरने के लिए कोई नहीं है। समाज तभी आगे जाएगा जब समाज के अंदर से लोग आकर समाज की उन्नति का काम करेंगे विशिष्ट अतिथि कुलसचिव ने कहा की भागवत प्रसाद यादव हमेशा टापर विद्यार्थी रहे। हर क्षेत्र में अग्रणी रहे। उनकी कीर्ति आज भी है। शिक्षा उनका मूल काम था। प्रचार प्रसार ज्यादा महत्वपूर्ण है उन्होंने काम करना सीखा है इसलिए वह कर्म योद्धा थे जिन्होंने शिक्षा के लिए बातें की। समाज की बराबरी के लिए बात की इसलिए उनको लोग याद करते हैं मौके पर डा देवराज सुमन, यूवा राजद नेता विकाश राय पूर्व प्राचार्य वीरेंद्र कुमार,प्रो अभय कुमार ,रतन कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

अपराधियों ने 60 वर्षीय वृद्ध की धारदार हथियार से गला रेत की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ।बारियारपुर थाना क्षेत्र के विजयनगर निवासी स्वर्गीय महादेव मंडल का 60 वर्षीय वृद्ध पुत्र नागे मंडल का किसी धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई है घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार ने घटनास्थल पर पी एस आई रोशन कुमार को पुलिस बल के साथ भेज कर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेज

दिया और मामले की छानबीन करने में जुटे अभी तक किसी से दुश्मनी की बात सामने नहीं आई है ।बताया जाता है कि विजयनगर निवासी मृतक नागे मंडल विजयनगर गांव के पीछे बहियार में जखराज बाबा स्थान के नजदीक एक बासा बनाकर अपने मवेशी के साथ रहता था वह चापानल मिस्त्री था मृतक की पत्नी रंका देवी ने बताई कि बुधवार की रात 10 बजे वह अपने पति को खाना पहुंचाकर अपने विजयनगर स्थित आवास पर चली आई परंतु जब गुरुवार की सुबह 5 बजे अपने अपने मवेशियों को खाना देने के लिए गई तो देखा कि मेरा पति लहु लुहान अवस्था में मृत पड़ा हुआ है किसी ने धारदार हथियार से मेरे पति का गला रेत कर हत्या कर दी है

हत्या की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी रंका देवी एवं पुत्र पुत्री के आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे और वह सभी दहाड़ मार कर रो रहे थे मृतक अपने पीछे पांच पुत्री एवं दो पुत्र छोड़ गए जिनमें से चार पुत्री एवं एक पुत्र की शादी हो चुकी है इस घटना से गांव वाले भी हैरान है कि इसका तो किसी से दुश्मनी भी नहीं था फिर हत्या का क्या कारण हो सकता है

शहादत दिवस के मौके पर युवाओं ने निकाली कैंडल मार्च

भागलपुर। कुछ साल पहले पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को याद में शहर के मुख्य सड़कों पर सैकड़ो युवाओ ने सैंडिस कम्पाउंड मैदान प्रांगण से कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च सेंडिस कंपाउंड से लेकर घंटाघर भगत सिंह चौक तक युवाओं से हांथो में मोमबत्ती लेकर शहीद जवानों के याद में भारत माता उद्घोष के गुजनजयमान रहा था। इस दौरान युवाओं ने भारत माता के प्रतिमा स्थल पर पहुंच कर सभी युवाओं ने कैंडिल अर्पित कर शाहिद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

भाकपा माले ने प्रतिवाद सभा का किया आयोजन

- अगिआंव विधायक कामरेड मनोज सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ की प्रतिवाद सभा

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। भाकपा-माले के चर्चित युवा नेता व अगिआंव विधायक कामरेड मनोज सहित 23 लोगों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा दिये जाने के खिलाफ नवगछिया में भाकपा माले के कार्यकताओं ने प्रतिवाद सभा की। साथ ही राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने वैशाली चौक के समक्ष विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रतिवाद सभा की। वही प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव कॉमरेड विंदेश्वरी मंडल ने कहा कि आरा व्यवहार न्यायालय द्वारा अगिआंव से माले विधायक कॉ. मनोज मंजिल सहित 23 लोगों को आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की गई है, जो राजनीतिक स्तर पर दुर्भावना से प्रेरित है। विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले जेपी सिंह की हत्याकांड मामले में भाजपा के स्थानीय नेताओं के इशारे पर झूठा मुकदमा थोप दिया गया था।

उस घटना के कुछ दिन पहले ही हमारी पार्टी के स्थानीय नेता कॉ. सतीश यादव की हत्या भाजपाइयों ने कर दी थी। उनके हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन दलित व गरीबों की लड़ाई लड़ने और सड़क पर स्कूल आंदोलन के चर्चित नेता मनोज मंजिल को एक गहरी साजिश के तहत फंसाकर सजा करवा दी गई है। भाजपाई और इलाके की सामंती ताकतें मनोज मंजिल की बढ़ती लोकप्रियता से काफी घबराई हुई दिख रही थी। इंकलाबी नौजवान सभा के राज्य सह सचिव कॉमरेड गौरीशंकर राय ने कहा कि एक तरफ जहां माले नेताओं को सजा सुनाई गई, तो वहीं दूसरी तरफ न्यायालय ने दलित गरीबों के हत्यारे को लगातार बरी करने का काम किये जाने में लगी हुई है। न्यायालय पालिका का व्यवहार किसी के इशारे पर नही बल्कि जनता के लिए निष्पक्ष होनी चाहिये बिना किसी भेदभाव के हर किसी के साथ न्याय पूर्वक फैसला करना चाहिए।

लेकिन सत्ता के समर्थन में इस तरह का न्याय व्यवस्था आम जनता के लिए सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है जो नही होना चाहिये था। वही दूसरी तरफ बिहार की सत्ता में परिवर्तन होते ही भाजपाई अपने रंग में आ चुके हैं, लेकिन उनके नापाक मंसूबे को हमारी संगठन कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। वही प्रतिवाद सभा सह प्रदर्शन में कॉमरेड विंदेश्वरी मंडल, रामदेव सिंह, गौरीशंकर राय, रंजीत शर्मा, शुशील भारती, अशोक मंडल, रविंद्र कुमार रवि, सत्यनारायण यादव, शिकेंदर यादव, सुरेंद्र शर्मा, महेश मंडल सहित दर्जनों माले कार्यकर्ता मौजूद थे।

लोडेड देशी कट्टा को पुलिस ने किया बरामद

- आरोपी चौकीदार पुलिस को चकमा दे मौके से हुआ फरार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पुलिस जिलांतर्गत भवानीपुर ओपी थाना क्षेत्र अंतगर्त एनएच 31 मुख्य सड़क मार्ग स्थित पेट्रोल पंप बलाहा के समीप चकरामी टोला से भवानीपुर ओपी थाना पुलिस ने गुप्त सुचना पर स्थानीय बजरंगबली मंदिर में चल रहे रामधुन के क्रम में स्थानीय चकरामी गांव के निलंबित चौकीदार मिथिलेश कुमार के हाथ में लोडेड देशी कट्टा को लहराते हुए देखा गया था। जिसके बाद मामले की सत्यता जांच सत्यापन हेतु मौके पर पहुंची भवानीपुर थाना के पुलिस टीम ने मौके से चौकीदार को एक लोडेड देशी कट्टा बरामदगी करने में सफलता प्राप्त की है। जबकि निलंबित आरोपी चौकीदार पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार होने में सफल हो गया है। वही मामले को लेकर पुलिस ने भवानीपुर ओपी थाना में फरारी चौकीदार मिथिलेश कुमार के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। उक्त मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि आरोपी चौकीदार के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज हो गया है। वही आरोपित चौकीदार पूर्व में निलंबित कर दिया गया था जो विगत दिनों में नशा के कारोबार में संलिप्त चल रहा है उसे शराब बेचने के आरोप में भी पूर्व में जेल की हवा खा चुका है। वही शराब के मामले में कुछ समय पूर्व में जेल से जमानत पर बाहर आया है। इसके बाद वह अपराध की दुनिया में कदम रखने लगा है, और समाज में दहशत फैलाकर लोगों के बीच अपना खौफ कायम करना चाहता है। उसे पुलिस टीम द्वारा जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने की कवायद में जुट गई है।

प्रवाह ने उत्सव की तरह मनाया प्रकृति नमन दिवस

- कुल्हड़िया गांव में आयोजित हुआ कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)। प्रवाह की पहल से प्रखंड के गोबड्डा गांव स्थित कुल्हड़िया गांव में नेचर नेटवर्क के पद्मविभूषण डा. अनिल जोशी के निर्देश में प्रकृति नमन दिवस का आयोजन किया गया. संस्था सचिव दिलीप दुबे ने बिहार एवं झारखण्ड के कई जिलों में इस कार्यक्रम का आयोजन कर प्रकृति के उपहारों को नमन करने एवं संरक्षण करने के लिए रचनात्मक दिशा में कदम उठाया. इसी कड़ी में मुंगेर व लखीसराय में भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रकृति सब में है और प्रभु प्रकृति का सानिध्य भी है. पृथ्वी, वन, जल पर्यावरण जैसे दिवस इन विषयों पर केंद्रित रहते हैं. लेकिन सबके साथ हम प्रकृति को लेकर कभी चिंतन नहीं करते. प्रकृति पृथ्वी तक ही सीमित नहीं, बल्कि यह ब्रह्मांड से भी आगे है, और हमारे सोच की सीमाओं से भी ऊपर है.अपने देश में प्रकृति की समझ कुछ बसंत पंचमी में दिखाई देती है जब भोजन वस्त्र मौसम सब बदलते हैं.इसलिए आवश्यक हो जाता है कि दुनिया को देश का यह परिचय प्रकृति नमन दिवस के रूप में दिया जाना चाहिए .जिसमें इस प्रकृति दिवस के रूप में अगर नमन करेंगे तो इसकी समझ व्यापक होगी और यह दिन मात्र एक पाव ही नहीं होगा बल्कि सबके समझने का एक कारण भी बनेगा. बसंत पंचमी में प्रकृति के किये गये उपकारों को हम नमन करें. इस कार्यक्रम में प्रवाह के समाज सेवी कार्यकर्ता प्रदीप कुमार पंकज, मंजू कुमारी , प्रीति कुमारी, नवीन कुमार सिंह, राजेश कुमार चौधरी, रौशनी, यशोदा, चंद्रशेखर, राजाराम एवं सागर कुमार और कुल्हड़िया के ग्रामीण आदिवासियों ने इस हिस्सा लिया।

शिक्षिका हुई दुर्घटना की शिकार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। गोपालपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय तिरासी की शिक्षिका संगीता देवी अपने पति के साथ स्कूटी से अपने आवास भागलपुर से विद्यालय आने के दौरान मालपुर के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर दुर्घटना का शिकार हो गयीं। वही घटना के बाद मौजूद ग्रामीणों ने आनन फानन में उन्हे त्वरित इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालपुर में लेजाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद त्वरित बेहतर इलाज हेतु मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। वही घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार अचानक रक्तचाप के बढने के कारण वे स्कूटी से अचानक शिक्षिका अनियंत्रित होकर चलती स्कूटी से गिर पड़ी जिससे वह गम्भीर रूप से जख्मी हो गयीं

है। वही इस घटना में स्कूटी के गिर जाने के कारण स्कूटी चला रहे शिक्षिका के पति भी चोटिल हो गये है। शिक्षिका के खतरे से बाहर होने की बात को लेकर जानकारी मिली है।

घरेलू विवाद को ले जमकर हुई मारपीट, दो लोग जख्मी

नाथनगर (भागलपुर)। मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के मंसर गांव इलाके में घरेलू विवाद को लेकर जमकर हुई मारपीट की घटना में में दो लोग गम्भीर रूप से चोटिल होने के साथ जख्मी हो गए थे। वही दूसरी तरफ घटना को लेकर स्थानीय थाना पुलिस को किसी बड़ी घटना की सूचना मिली थी। उक्त सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई के तहत मधुसूदनपुर ओपी थाना इंचार्ज सफदर अली सदलबल के साथ मौके पर पहुंचे, तो पता चला कि पारिवारिक विवाद का मामला में मारपीट की घटना घटित हुई है। वही मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय गांव के एक ग्रामीण के सौतेले बेटे के द्वारा पिता और भाई से मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।

1932 तारापुर गोलीकांड में शहादत हासिल करने वालों के लिए सम्मान

स्वतंत्रता सेनानी ने शहीद स्मारक पर किया गया झंडोत्तोलन

- झंडोत्तोलन के बाद शहीद हुए वीरों के सम्मान में सशस्त्र बल ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) ।15 फरवरी 1932 को तारापुर थाना भवन पर तिरंगा झंडा फहराने के क्रम में अंग्रेजों द्वारा चलाई गई गोलीकांड में शहादत हासिल करने वाले वीरों के सम्मान में गुरुवार की सुबह 8:30 पर स्वतंत्रता सेनानी शशिधर प्रसाद सिंह ने समारोह पूर्वक झंडोत्तोलन के बाद राष्ट्रीय गान किया। समारोह के मौके पर पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी गणेश पासवान मिथिलेश कुमार सिंह चंद्रर सिंह राकेश इंजीनियर धर्मवीर हरे कृष्णा वर्मा मनमोहन चौधरी जय कृष्ण सिंह मोहम्मद भोलू मुख्य रूप से मौजूद रहे। गौरतलब है कि शहीद हुए वीरों की याद में लगाए गए मूर्ति एवं खूबसूरत पार्क का जिला पदाधिकारी आरक्षी अधीक्षक ने घूम घूम कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया । सुबह से ही समारोह स्थल के आसपास बज रहे गीत जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी के बीच समारोह में आए लोगों की यादें ताजा हो जा रहे थे। बता दें कि 15 फरवरी 1932 को अंग्रेज सरकार की क्रूरता एवं गोलीकांड में कुल 34 वीरों ने अपनी शहादत दिया । जिसमें 13 वीरों की पहचान की गई । वहीं 21 अमर शहीदों जिनके नामों की जानकारी नहीं हो पाई ।

झंडोत्तोलन के बाद अवनीश कुमार जिला पदाधिकारी ने कहा कि शहीद स्मारक जीर्णोद्धार के कामों को लेकर क्षेत्र के नौजवानों समाजसेवियों ने लगभग 70 से 75 वर्षों से आवाज उठाते आ रहे थे । जिसे देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी कॉलटेंशन किया था । जिसके बाद 2 वर्ष पहले राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीर शहीदों की मूर्ति एवं खूबसूरत पार्क का लोकार्पण एवं उद्घाटन कर तारापुर की जनता को समर्पित किया था । आगे वीर शहीदों को नमन करते हुए सैयद मसूद आलम आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर राज्य सरकार को पत्राचार किया जाएगा ।आगे कहा कि 15 फरवरी 1932 तारापुर गोलीकांड की घटना देश के जलियांवाला बाग कांड के बाद दूसरी सबसे बड़ी घटना तारापुर की रही है ।पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी ने कहा कि तारापुर का शहीद स्मारक को और बेहतर खूबसूरत कैसे बनाया जाए इसके लिए इन्होंने जिला पदाधिकारी को अपने उद्बबोधन में कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर प्रकाश डाला । पूर्व विधायक गणेश पासवान लोजपा नेता मिथिलेश कुमार सिंह चंद्रर सिंह राकेश ने भी 15 फरवरी 1932 तारापुर थाना पर हुई गोलीबारी की घटना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला । इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने किया । तो वहीं तारापुर शहीद दिवस परिचर्चा अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार एवं डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने अपनी बातों को विस्तार पूर्वक रखने का काम किया । समारोह को उप विकास आयुक्त ने भी संबोधित किया ।इस मौके पर मेयर नीलम देवी जिला परिषद सदस्य पिंकी कुमारी अनिल कुमार सिंह जितेंद्र कुशवाहा भाजपा नेता धर्मवीर कुमार मंटू यादव हरे कृष्ण वर्मा मनमोहन चौधरी जय कृष्ण मंगल सिंह विनीत कुमार सिंह मोहम्मद भोलू सहित सैकड़ों से अधिक की संख्या में क्षेत्र के शिक्षाविद समाजसेवी युवा मौजूद थे ।

यात्रियों की सुरक्षा के नाम चल रहा खिलवाड़

- रेल पुलिस की मौजूदगी नही रहने के कारण लोग करते हैं अपनी मनमानी: ग्रामीण

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों पुलिस जिला के कई रेलवे स्टेशनों पर कानून नाम का कोई भय नहीं है। वही यात्री रेल परिचालन को लेकर सारे नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए रेल लाइन को पार कर मौत की खुली चुनौती भरा दृश्य साफ तौर पर देखने मिलती नजर आ रही हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर कटिहार-बरौनी रेलखंड के नारायणपुर रेलवे स्टेशन पर रेल पुलिस जीआरपी या आरपीरफ के नियमित रूप से तैनात नही रहने के कारण रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले यात्री व अन्य लोग रेल नियमों का पालन किये बिना मौत को खुली चुनौती दे रेल लाइन की पटरी को पार करते दिख रहे हैं। इससे कई तरह की गतिविधियों से साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह मौत को चुनौती दे खतरों के

बीच यात्री खुद को असुरक्षित महसूस करते चल रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए इस स्टेशन पर एक भी रेल पुलिस किसी भी समय ड्यूटी पर मौजूद नही रहते जिस कारण चोर, पॉकेटमारों व नशेड़ियों के साथ साथ परिचालन करने वाले यात्री बिना किसी भय के रेल लाइन की पटरी को पार कर दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंचने की जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। वही स्टेशन पर आस पास क्षेत्र के यात्रियों की काफी भीड़ स्टेशनों पर अपने गंतव्य स्थान पर परिचालन हेतू जमा होती है। इस स्टेशन पर छोटे छोटे बच्चे भी प्लैटफॉर्म पर आकर क्रिकेट फुटबॉल खेलते नजर आते हैं। इस तरह की गतिविधियों को लेकर आगन्तु यात्रियों को कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है तो वही स्थानीय रेल यात्रियों को भी आस पास के ग्रामीण बच्चों की हड़कत को लेकर विवाद के साथ अन्य परेशानी भी उत्पन्न होती नजर आ रही है। वही दूसरी तरफ स्टेशन प्रांगण में बने सुरक्षा के मद्देनजर एक प्लैटफॉर्म से दूसरे पर जाने के लिए बने फुटओवर ब्रिज का उपयोग कोई भी यात्री नही करता साफ तौर पर दिख रहा हैं। जबकि स्टेशन प्रांगण में रेल प्रशासन द्वारा अनाउंसमेंट करके यात्रियों को फुटओवर ब्रिज का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जाता रहा है फिर भी अधिकांश लोग जान जोखिम में डाल खतरो का सामना करने के साथ रेल ट्रैक पार कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लैटफॉर्म पर जाते दिख रहे हैं। आलम यह है कि हर दिन लोग इस चुनौती भरे मंजर के बीच किसी न किसी ट्रेन की चपेट में आने से बचते नजर आते हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर सुबह करीब 10:18 बजे 5933 अप डिब्रुगढ़-अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से नारायणपुर रेलवे स्टेशन से सटे एक निजी विद्यालय के दो बच्चे कटने से बाल-बाल बचते दिखाई

रोहित ने लगाया करियर का 11वां शतक

जडेजा ने 13 पारियों बाद सेंचुरी लगाई

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का तीसरा मैच राजकोट में खेला जा रहा है। निरंजन शाह स्टेडियम में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने डेब्यू किया। भारत ने पहले दिन स्टंप्स तक पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 326 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा 110 और कुलदीप यादव 1 रन पर नाबाद हैं।

रोहित शर्मा का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 47वां शतक है और वह सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। सबसे अधिक 80 शतक विराट कोहली शीर्ष पर और डेविड वॉर्नर के नाम 49 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। बतौर ओपनर भी रोहित के नाम 42 शतक हो गए हैं। इस सूची में डेविड वॉर्नर 49 शतकों के साथ नंबर वन तो सचिन तेंदुलकर 45 शतकों के साथ दूसरे नंबर पर बने हुए हैं।

30 साल की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक

43 - कुमार संगकारा, श्रीलंका
36 - मैथ्यू हेडन, ऑस्ट्रेलिया
36 - रिकी पोंटिंग, ऑस्ट्रेलिया
35 - सचिन तेंदुलकर, भारत
34 - रोहित शर्मा, भारत
34 - तिलकरत्ने दिलशान, श्रीलंका
30 - सनथ जयसूर्या, श्रीलंका

रोहित बतौर कप्तान टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल में शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

टेस्ट में शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय कप्तान

36 साल, 291 दिन - रोहित शर्मा बनाम इंगलैंड
36 साल, 278 दिन - विजय हजारे बनाम इंगलैंड
36 साल, 236 दिन - विजय हजारे बनाम इंगलैंड
36 साल, 73 दिन - रोहित शर्मा बनाम विंडीज
35 साल, 321 दिन - मोहम्मद अजहरुद्दीन बनाम न्यूजीलैंड
35 साल, 285 दिन - रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया
35 वर्ष 38 दिन - मोहम्मद अजहरुद्दीन बनाम ऑस्ट्रेलिया

सरफराज खान के इंटरनेशनल करियर की पहली फिफ्टी

टीम इंडिया के लिए अपना डेब्यू टेस्ट खेल रहे सरफराज खान ने 48 बॉल अर्धशतक लगाया। उन्होंने टॉम हार्टले के खिलाफ 1 रन लेकर अपनी फिफ्टी पूरी की। यह उनके इंटरनेशनल करियर की पहली फिफ्टी रही।

जडेजा-सरफराज ने की फिफ्टी पार्टनरशिप

रोहित शर्मा के आउट होने के बाद डेब्यू टेस्ट खेल रहे सरफराज खान ने जडेजा के साथ मिलकर भारत की पारी संभाली। दोनों के बीच 50 रन की साझेदारी हो गई है।

सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को मिली भारतीय टेस्ट कैप, हुए भावुक

राजकोट। इंगलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से सरफराज खान और ध्रुव जुरेल डैब्यू करने में कामयाब रहे। मुंबई की तरफ से घरेलू स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज पिछले लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। इस अवसर पर कुंबले ने कहा कि सरफराज आप जिस तरह से आगे बढ़े उस पर वास्तव में हमें गर्व है। आपने जो कुछ हासिल किया मुझे विश्वास है कि उस पर आपके पिता और परिवार को बहुत गर्व होगा। मुझे पता है कि आपने कड़ी मेहनत की है। यह आपके लंबे करियर की शुरुआत है। आपसे पहले केवल 310 लोग खेले हैं।

आपको ढेर सारी शुभकामनाएं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। पिता नौशाद भी भावुक दिखे।

चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू: जहीर खान

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर 5 टेस्ट की श्रृंखला 1-1 से बराबरी की।

जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी। और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा।

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। उन्होंने कहा कि मुख्य मुकाबला जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा। शाह ने कहा कि जब वह पुरानी गेंद से गेंदबाजी करता है तो इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। क्योंकि वह विकेट लेता है और रन नहीं देता।

इसी को देखते हुए इंग्लैंड ने अनुभवी जेम्स एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड को भी टीम में जगह दी है। भारत अपनी टीम की घोषणा गुरुवार को टॉस के दौरान करेगा। जहीर का मानना है कि स्पिनर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की घरेलू मैदान पर अंतिम एकादश में वापसी को देखते हुए भारत को कुछ 'जटिल फैसले करने की जरूरत है।

भारत ने शतरंज ओलंपियाड की मशाल हंगरी को सौंपी

खेल मंत्री अनुराग और आनंद का दिलचस्प अंदाज

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में शतरंज ओलंपियाड की मशाल इसके 45वें संस्करण के आधिकारिक मेजबान हंगरी को सौंपी। भारत ने चेन्नई में 2022 में चेस ओलंपियाड की मेजबानी की थी और पहली बार इसकी मशाल देश के 75

शहरों में निकाली थी। इसी मशाल को खेल मंत्री ने शतरंज की शीर्ष वैश्विक संस्था फिडे के अध्यक्ष आर्केडी ड्वारकोविच और दुनिया की शीर्ष महिला ग्रैंड मास्टर रहीं जूडिथ पोल्गर को सौंपी। इस मौके पर पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष संजय कपूर भी मौजूद रहे।

शतरंज खेल नहीं एक बौद्धिक विरासत

खेल मंत्री ने इस मौके पर विश्वनाथन आनंद के साथ मिलकर ड्वारकोविच और जूडिथ पोल्गर के खिलाफ दोस्ताना शतरंज की बाजी भी खेली। खेल मंत्री ने इस मौके पर कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने शतरंज ओलंपियाड की मशाल निकालने का जो फैसला लिया था, वह वास्तव में मशाल हैंडऑफ समारोह के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि शतरंज एक बौद्धिक विरासत है, जो संभवत~ भारत ने दुनिया को प्रदान की है। यह खेल मात्र नहीं बल्कि रणनीतिक गहराई और दार्शनिक ज्ञान का प्रतिड्क्षबब है।

बुडापेस्ट में होना शतरंज ओलंपियाड

चेन्नई में हुए 44वें शतरंज ओलंपियाड में ढाई हजार से अधिक खिलाड़ियों ने शिरकत की। अगला चेस ओलंपियाड फिडे की ओर से बुडापेस्ट (हंगरी) में कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून, 2022 को प्रथम शतरंज ओलंपियाड मशाल की शुरुआत की थी।

पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण नडाल ने कतर ओपन से नाम लिया वापस

दोहा। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अगले सप्ताह से शुरू होने वाले कतर ओपन से हट गए हैं, क्योंकि उनका मानना है कि कोर्ट पर वापसी के लिए अभी वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मैं दोहा में खेलना पसंद करता

जहां आयोजकों के साथ दर्शकों ने भी मेरा भरपूर समर्थन किया। दुर्भाग्य से मैं अभी प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हूं और इस कारण दोहा नहीं आ पाऊंगा।

मैं वास्तव में 2014 की अविस्मरणीय जीत के बाद दोहा में खेलना चाहता था।'' उन्होंने कहा, ''मैं लास वेगास में होने वाले प्रदर्शनी मैच और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट मेंखेलने के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान दूंगा।'' स्पेन के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी को 3 मार्च को कार्लोस अल्कराज़ के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलना है और इसके बाद वह कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। नडाल ने जनवरी में एक साल बाद प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की थी। उन्होंने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन मैच खेले थे लेकिन इसके बाद वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गए थे। इसके बाद उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इस साल का पहला गोल दागा, अल फाहया पर 1-0 से जीत

स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 2024 के पहले गोल की बदौलत अल नासर ने एशियाई चैम्पियंस लीग के राउंड 16 के पहले चरण के मैच में अल फाहया पर 1-0 से जीत हासिल की। रोनाल्डो ने 81वें मिनट में इंटर मिलान के पूर्व मिडफील्डर मार्सेलो ब्रोजोविच की मदद से यह गोल दागा। अल नासर फुटबॉल क्लब अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीतने की कोशिश में जुटा है। राउंड 16 के दूसरे चरण का मैच अगले बुधवार को खेला जायेगा। सऊदी अरब की चार टीम नॉकआउट दौर में पहुंची हैं जिसमें अल नासर और अल फाहया के अलावा अल हिलाल और अल इतिहाद शामिल हैं।

जय शाह की खिलाड़ियों को दो टूक, कहा- | रणजी ट्रॉफी खेलना अनिवार्य, बीसीसीआई नहीं सहेंगे किसी के नखरे

नई दिल्ली। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ कर दिया है कि सभी केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा है कि आगे से घरेलू रेड बॉल क्रिकेट में भाग लेना इन खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट से पहले राजकोट में एक कार्यक्रम में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के घरेलू मैचों में भाग ना लेने के मुद्दे पर बात की और कहा कि बोर्ड किसी के नखरे नहीं सहने वाली है।

जय शाह ने राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम का नाम निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम रखे जाने के बाद कहा कि उन्हें फोन पर पहले ही सूचित कर दिया गया है। और मैं पत्र भी लिखने जा रहा हूं कि अगर आपको मुख्य चयनकर्ता आपके कोच और आपके कप्तान इसके लिए कह रहे हैं तो आपक रेड बॉल क्रिकेट खेलना होगा। भारत इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के दौरान कई खिलाड़ियों की चोटों और कुछ के उपलब्ध नहीं होने की वजह से प्रभावित हुआ है।

साथ ही कुछ खबरों में कहा गया कि रणजी ट्रॉफी में नहीं खेलना चाहते हैं और वे आईपीएल की तैयारियों में जुटे हैं। यहां तक कि उनके पास अन्य कोई कमिटमेंट नहीं है। जय शाह ने उल्लेख किया कि बीसीसीआई सभी केंद्रीय अनुबंधित

खिलाड़ियों, विशेषकर युवाओं से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के दिशानिर्देशों के अनुसार घरेलू क्रिकेट खेलने की उम्मीद करेगा। उन्होंने कहा कि हमें एनसीए से जो भी सलाह मिलती है, मान लीजिए कि किसी का शरीर सफेद गेंद और लाल गेंद दोनों क्रिकेट को संभालने में सक्षम नहीं हैं, तो हम उस संबंध में कुछ भी थोपना नहीं चाहते।

जय शाह ने आगे बाताया जो भी फिट और यंग है, उसके दूसरे नखरे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये संदेश सभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए है। हर किसी को खेलना होगा, अन्यथा चयन समिति के अध्यक्ष ने मुझे अपने सुझाव दिए हैं और मैं उन्हें खुली छूट देने जा रहा हूं कि वे अपने फैसले स्वतंत्र रूप से ले सकें। गौरतलब है कि ईशान किशन ने पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले मानसिक थकान का हवाला देते हुए ब्रेक मांगा था और अभी तक खुद को चयन के लिए उपलब्ध नहीं कराया है।

वहीं जय शाह ने उनका नाम लिए बगैर कहा कि वह एक युवा खिलाड़ी हैं। उनके नाम का उल्लेख करने की कोई आवश्यकता नहीं है। ये निर्देश अनुबंधित खिलाड़ियों सहित सभी घरेलू खिलाड़ियों पर लागू होता है। आगे चलकर सभी खिलाड़ियों के पास घरेलू क्रिकेट में भाग लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

दिल्ली के छह बड़े अस्पतालों में सेहत से खिलवाड़, एसीबी का एक्शन; घटिया दवा सप्लाई करने वाले 10 गिरफ्तार

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने राजधानी के छह बड़े अस्पतालों को कथित तौर पर निम्न गुणवत्ता की दवा और सामान आपूर्ति करने वाले दस लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सात आपूर्तिकर्ता, तीन लैब और फार्मा कंपनियों के मालिक शामिल हैं। विजिलेंस विभाग की जांच में गड़बड़ी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया। जांच में कुछ डॉक्टरों, अफसरों और स्टोरकीपर की भूमिका भी सामने आई है। जांच के बाद रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ कर फर्जी लैब रिपोर्ट भी बनाई गई थी। छह अस्पतालों में एलबीएस, एलएनजेपी, डीडीयू, एसजीएम, जेएसएसएच और जीटीबी अस्पताल शामिल हैं। दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली के छह बड़े अस्पतालों को घटिया दवा और सामान सप्लाई करने वाले दस आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया। एसीबी के ज्वाइंट कमिश्नर मधुर

वर्मा ने बताया कि पिछले साल गत 18 अगस्त को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सतर्कता शाखा ने दिल्ली सरकार के इन छह अस्पतालों का दौरा किया था। इस दौरान रोल्ड बैंडेज, आईवी सेट आदि के नमूने एकत्र किए थे। फिर इन नमूनों को विभिन्न जीएनसीटी-अनुमोदित प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजा था। इनमें से अधिकांश नमूने परीक्षण के दौरान या तो घटिया पाए गए या फेल हो गए थे। एसीबी के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत जोशी, राहुल चौरसिया, कपिल मखीजा, कमलदीप सिंह, अरजिंदर पाल सिंह, राजेश मल्होत्रा, हरनीत सिंह बिंद्रा, शेखर, शाहिद चौधरी और बिपिन कुमार पाठक शामिल है। टीम ने 14 फर्मों का दौरा और निरीक्षण किया है। आपूर्ति विवरण वाले लैपटॉप, सीपीयू, मोबाइल फोन के साथ प्रासंगिक दस्तावेज जब्त किए हैं। साथ ही आपूर्तिकर्ताओं से इस सामान की आपूर्ति को लेकर पूछताछ की गई है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि कुछ मामलों में आपूर्तिकर्ता की ओर से दिया गया लाइसेंस नंबर उनका नहीं है और न निर्माता का है। अधिकांश मामलों में वितरित वस्तुओं की बैच संख्या में भी गड़बड़ी मिली है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों की ओर से वस्तुओं की रिसीविंग शून्य डिलिवरी या कम डिलिवरी पर भी दी गई थी। इस जालसाजी का खुलासा होने के बाद विजिलेंस ने अस्पतालों के अधिकारियों और आपूर्तिकर्ता ने पिछली तारीखों के साथ लैब रिपोर्ट की जांच की तो कई गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कॉटन बैंडेज, डीलक्स इन्फ्यूजन सेट, रोल्ड बैंडेज, एब्जॉर्बेंट कॉटन आईपी, लेटेक्स एग्जामिनेशन ग्लव्स (सेनोमिक), इन्फ्यूजन सेट (ट्राई फ्लेक्स), रोल्ड बैंडेज, नॉन स्टरलाइज्ड, वेल्प्रो डिस्पोजल सर्जिकल रबर ग्लव्स, सेफाइजर हैंड सैनिटाइजर, इन्फ्यूजन सेट से संबंधित हैं। विजिलेंस के उप सचिव राज कुमार ने संबंधित फर्म, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए एसीबी में छह शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिसके आधार पर इस साल एक जनवरी को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

आगरा से रुपये भरा एटीएम उखाड़ ले गया राजस्थान का गैंग, चलती गाड़ी में निकाला था कैश बॉक्स

आगरा, एजेंसी। आगरा के कागारौल क्षेत्र से 30 लाख रुपये से भरा स्टेट बैंक का एटीएम राजस्थान का गैंग उखाड़कर ले गया था। पुलिस और एसओजी ने वारदात का खुलासा किया है। तीन बदमाश पकड़े गए हैं। चार फरार हैं। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक कार और 3.67 लाख रुपये बरामद हुए हैं। बदमाश वारदात के लिए गूगल मैप से एटीएम चिह्नित करते थे। ऐसे एटीएम को चिह्नित करते थे जहां आने-जाने वाले रास्ते में कोई टोल नहीं पड़े।

सात जनवरी की रात कागारौल थाने से महज 800 मीटर दूर वारदात हुई थी। बदमाश एटीएम उखाड़कर ले गए थे। खाली एटीएम फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में सिकरौदा नहर में मिला था। उसमें भरा कैश बदमाश निकाल ले गए थे। डीसीपी पश्चिम सोनम कुमार ने बताया कि बदमाशों को पहले ही चिह्नित कर लिया गया था। उन्हें पकड़ने में इतना समय लग गया। गैंग ने आगरा से पहले चुरू और नागौर में इसी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया था। एसीपी पश्चिम सोनम कुमार ने बताया कि बदमाशों ने चलती गाड़ी में एटीएम से कैश बॉक्स निकाल लिया था। शेष एटीएम सिकरौदा नहर में फेंक गए थे।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल मिलने के बाद पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की यह धमकी एक ईमेल के जरिए दी गई है। इस ईमेल के मिलने के बाद से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली हाई कोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अदालत को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल अथॉरिटी को मिला जिसके बाद यहां सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। हालांकि, धमकी भरा यह ईमेल किसने भेजा है अभी इसे लेकर संशय बना हुआ है। फिलहाल एहतियात के तौर पर दिल्ली हाई कोर्ट की सुरक्षा में इजाफा कर दिया गया है। धमकी भरे इस ईमेल की भी गहन छानबीन की जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि बुधवार को हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को धमकी भरा यह ईमेल मिला था। यह ईमेल बलवंत देसाई के नाम से लिखा गया था। इस ईमेल में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट में धमाका गुरुवार को होगा। इस ईमेल में लिखा गया है, 15/02/2024 को बम से उड़ाऊंगा। देख लेना यह धमाका दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। जितनी हो सके उतनी सुरक्षा लगा लो, सभी मंत्रियों को भी बुलाओ, एक साथ उड़ेंगे। इस ईमले के बाद पुलिस-प्रशासन ने इसपर कार्रवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल की जांच की जा रही है। दिल्ली हाई कोर्ट में सुरक्षा ड्रिल भी की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस नजर रख रही है। दिल्ली हाई कोर्ट के साथ-साथ जिला अदालतों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

इंडिया गठबंधन जल्द ही खत्म हो जाएगा, इसके नेता अकेले चलेंगे : गोवा के मंत्री

पणजी, एजेंसी। भाजपा नेता और गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने बुधवार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडिया गठंधन जल्द ही खत्म हो जाएगा और इसके नेता को अकेले चलना होगा। उत्तरी गोवा में पार्टी बैठक में खौंटे ने भरोसा जताया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, मैंने चार महीने पहले कहा था कि भारत जल्द ही खत्म हो जाएगा। वैसा ही हुआ है। एक-एक कर गठबंधन के साथी गठबंधन से बाहर होते जा रहे हैं। यह फरवरी है, और मार्च तक उन्हें (राहुल गांधी को) अकेले चलना पड़ सकता है। गोवा के इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के बारे में खौंटे ने कहा कि वे सभी सीटें साझा करने के बारे में अपने-अपने फैसले ले रहे हैं।

बिना साड़ी वाली देवी सरस्वती की मूर्ति पर बवाल, त्रिपुरा में खूब हंगामा

अगरतला, एजेंसी। त्रिपुरा के एक सरकारी कॉलेज में बसंत पंचमी का उत्सव हंगामे और उपद्रव में तब्दील हो गया। यहां कार्यक्रम में देवी सरस्वती की जो मूर्ति लगाई गई थी, उसे साड़ी नहीं पहनाई गई थी। इसे भद्दा और आपत्तिजनक बताते हुए छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इस पूरे विवाद ने तब जोर पकड़ा, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें देवी सरस्वती को बिना परंपरागत साड़ी के दिखाया गया था। इससे छात्र संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। उनके साथ ही बजरंग दल के कार्यकर्ता भी उतर आए और आयोजकों के खिलाफ आंदोलन करने लगे। इस विरोध की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने यह कहते हुए की थी कि मूर्ति को भारतीय परंपरा वाली साड़ी न पहनाना बेहूदगी है। त्रिपुरा में एबीवीपी के महासचिव दिबाकर आचार्जी ने कहा कि इस रूप में देवी सरस्वती को प्रस्तुत करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पता है कि पूरे देश में देवी सरस्वती की मान्यता है।

प्रकृति से सामंजस्य रख प्रसन्नतापूर्वक जीना आदिवासी समाज से सीखें : मुर्मु

बेणेश्वर धाम में राष्ट्रपति ने लखपति दीदी सम्मेलन में संबोधित किया

जयपुर, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समाज के अन्य वर्गों के लोग आदिवासी समाज से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जनजातीय समुदायों ने स्वशासन के अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर प्रसन्नतापूर्वक कैसे जीवन जिया जाता है यह आदिवासी समाज से सीखा जा सकता है। आदिवासी समाज से हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना न्यूनतम संसाधनों में बेहतर जीवन जीना भी सीख सकते हैं। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में भी आदिवासी समाज ने देश को दिशा दिखाई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में आयोजित 'लखपति दीदी सम्मेलन' को संबोधित कर रही थी। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं को नेतृत्व प्रदान करते हुए विकास की अवधारणा को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए पूरे समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने महिलाओं में शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया जिससे महिलाएं देश और दुनिया की प्रगति में बराबर की भागीदार बन सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

किसानों को 3100 दे सकते हैं तो देश के किसानों को क्यों नहीं

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसान आंदोलन को लेकर दिल्ली की केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। भूपेश बघेल ने पूरे देश में किसानों के लिए एमएसपी लागू करने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 3100 रुपए किसानों को दिया जा रहा है तो फिर देश में किसानों को एसपी क्यों नहीं मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली के लिए रवाना हुए। राजधानी रायपुर के एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि एमएसपी की मांग को लेकर दिल्ली में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब हमारी सरकार थी तो हमने 2500 रुपए समर्थन मूल्य में धान खरीदी की बात की थी, जो वादा हमने किसानों से किया था वह वादा हमने पूरा करके दिखाया है। हमने 2500 के बजाय उसे 2600 रुपए करते हुए प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की है।

दिल्ली में ठंड के तेवर हुए कम, खिली धूप से वसंत का आनंद ले रहे लोग

नईदिल्ली, एजेंसी। राजधानी में वसंत पंचमी के दिन यानी बुधवार को दिनभर खिली हुई धूप निकलने के कारण अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, अभी इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है। गुरुवार को दिन में आसमान साफ रह सकता है। वायुमंडल की निचली सतह पर मौजूद हल्के बादलों और लगातार चलने वाले कोहरे के चलते लोगों को इस बार कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ा। लेकिन, अब दिनभर खिली हुई धूप निकल रही है और लोग वसंत के मौसम का आनंद लेने लगे हैं।

दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में बुधवार सुबह हल्का कोहरा देखने को मिला, जोकि दिन चढ़ने के साथ ही साफ हो गया। सुबह करीब आठ बजे तक ज्यादातर जगहों पर धूप निकल आई। दिनभर तेज धूप निकली रहने से अधिकतम तापमान में इजाफा हुआ। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जोकि सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य एक डिग्री कम था। यहां पर आर्द्रता का स्तर 97 से 45 फीसदी तक रहा।

इस सीजन में बुधवार को पहली बार अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस पहुंचा है। इससे पहले 12 फरवरी को अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रहेगा। सुबह हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा देखने को मिल सकता है। गुरुवार को दिन में आसमान साफ रहेगा।

राजधानी के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। बुधवार को दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषक कणों का औसत स्तर मानकों से तीन गुना ज्यादा रहा। हवा की रफ्तार कम होने के चलते अगले दो दिन के दौरान हवा की गुणवत्ता खराब रहने के आसार हैं। मौसम के अलग-अलग कारकों की वजह से सर्दी के इस सीजन में दिल्ली के लोगों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। लगातार चौथे दिन दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में रहा। सीपीसीबी के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली का सूचकांक 341 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। मंगलवार को यह सूचकांक 342 के अंक पर रहा था। वहीं, मानकों के मुताबिक, हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से कम और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है।

भारतीय सशस्त्र बल की टीम ने ब्रिटिश रक्षा अकादमी का किया दौरा

लंदन, एजेंसी। भारत के उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम सशस्त्र बलों के प्रतिभागियों ने इस सप्ताह ब्रिटेन के अंतर्राष्ट्रीय रणनीतिक प्रबंधन दौरे के तहत ब्रिटेन के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों से मुलाकात की। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने कहा कि यह यात्रा भारत में अपने समकक्षों के साथ मजबूत संबंधों को दर्शाती है और इस तरह की शैक्षिक यात्राओं तथा संयुक्त वार्ता के माध्यम से ब्रिटेन-भारत रक्षा साझेदारी को बढ़ावा मिल रहा है। पिछले महीने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यात्रा के दौरान ब्रिटेन ने 2025 में हिंद महासागर क्षेत्र में अपना 'कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) तैनात करने की योजना का ऐलान किया था जिसके बाद भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा हो रही है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रणनीतिक कमान में रणनीतिक मामलों के निदेशक मेजर जनरल जेम्स रोडिस ने भारत के उच्च रक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों से मुलाकात की। बयान के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक प्रबंधन दौरे के तहत प्रतिभागियों को रणनीतिक कमान की भूमिका और सहायक अभियानों में स्थायी संयुक्त मुख्यालय (पीजेएचक्यू) की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। भारत के एचडीएमसी के सदस्यों ने रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नेवी और विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालयके प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब पहुंचा रूस, राष्ट्रपति पुतिन ने किया बड़ा दावा

मास्को, एजेंसी। रूस कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी के लिए वैक्सीन बनाने पर काम कर रहा है, और इसे बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। ये दावा रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने किया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूसी वैज्ञानिक इसपर काम कर रहे हैं और वे अंतिम चरण में हैं।



मॉस्को फोरम में अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, हम तथाकथित कैंसर के वैक्सीन और नई पीढ़ी की इम्यूनोमॉड्यूलेटरी दवाओं के निर्माण के बहुत करीब हैं। पुतिन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि जल्द ही वैक्सीन लोगों के इलाज के लिए प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा सकेगा।

हालांकि पुतिन ने यह नहीं बताया कि ये कैंसर की वैक्सीन किस तरह के कैंसर के इलाज में इस्तेमाल की जाएगी। ये कब तक मरीजों के लिए उपलब्ध होगा ये भी जानकारी पुतिन ने नहीं दी है।

बाकी देशों में भी चल रहा काम: कई देश और कंपनियां कैंसर के टीके पर काम कर रही हैं। पिछले साल यूके सरकार ने 2030 तक 10,000 रोगियों तक पहुंचने के लिए कैंसर उपचार के लिए नैदानिक परीक्षण करने के लिए जर्मनी स्थित बायोएनटेक के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। फार्मास्युटिकल कंपनियां मॉडर्ना और मर्क एंड कंपनी एक प्रायोगिक कैंसर वैक्सीन बना रही हैं, जिसमें एक अध्ययन से पता चला है कि तीन साल के उपचार के बाद त्वचा कैंसर मेलेनोमा की पुनरावृत्ति या मृत्यु की संभावना आधी हो जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वर्तमान में ह्यूमन पैपिलोमावायरस के खिलाफ छह लाइसेंस प्राप्त टीके हैं, जो सर्विकल कैंसर सहित कई कैंसर का कारण बनते हैं, साथ ही हेपेटाइटिस बी के खिलाफ भी टीके हैं, जो लिवर कैंसर का कारण बन सकते हैं। कोरोना वायरस महामारी के दौरान, रूस ने कोविड-19 के खिलाफ अपना स्वयं का स्पुतनिक वी वैक्सीन विकसित किया था औ इसे कई देशों को बेचा। पुतिन ने खुद कहा था कि उन्होंने लोगों को इसकी प्रभावकारिता और सुरक्षा का आश्वासन देने के लिए स्पुतनिक लिया है। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और सबसे जानलेवा बीमारियों में से एक है। एक अनुमात के मुताबिक दुनिया भर में हर साल लगभग 1 करोड़ लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है।

अमेरिकी सुपर बाउल परेड में सामूहिक गोलीबारी में 1 की मौत

वाशिंगटन, एजेंसी। कैनसस सिटी चीफ्स की सुपर बाउल जीत का जश्न मनाने के लिए बुधवार की परेड के अंत में गोलीबारी में की मौत हो गई जबकि 22 लोग घायल हो गइ जिसमें आठ बच्चे भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा, भयभीत प्रशंसक कवर के लिए भाग रहे थे और एक और यह एक हाई-प्रोफाइल सार्वजनिक कार्यक्रम था। गोलीबारी की ये घटना कैनसस सिटी में चीफ्स की सुपर बाउल जीत के बाद निकाली गई परेड के दौरान हुई।

कैनसस सिटी पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में गोलीबारी में मरने वालों की संख्या के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सुना है कि प्रशंसक किसी संदिग्ध को पकड़ने में शामिल हो सकते हैं लेकिन वह तुरंत इसकी पुष्टि नहीं कर सकीं। आज जो हुआ उससे मैं नाराज़ हूं। इस जश्न में आए लोगों को सुरक्षित

माहौल की उम्मीद करनी चाहिए. कब्र ने कहा. पुलिस ने हिरासत में लिए गए लोगों के बारे में या गोलीबारी के संभावित मकसद के बारे में तुरंत कोई विवरण जारी नहीं किया।

यह अमेरिका में नवीनतम खेल उत्सव है जो गन फायर हिंसा से प्रभावित हुआ है, पिछले साल नगेट्स के एनबीए चैंपियनशिप जीतने के बाद डेनवर शहर में हुई गोलीबारी में कई लोग घायल हो गए थे, और पिछले साल टेक्सास रेंजर्स वर्ल्ड सीरीज़ के पास एक पार्किंग स्थल पर गोलीबारी हुई थी।

सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने पुलिस के चौंकाने वाले वीडियो पोस्ट किए, जिसमें वे भीड़भाड़ वाले स्थान से गुजर रहे थे और वहां मौजूद लोग छिपने के लिए जल्दबाजी कर रहे थे और भाग रहे थे। एक वीडियो में किसी को स्पष्ट रूप से गोलीबारी के शिकार व्यक्ति की छाती दबाते हुए दिखाया गया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति, दर्द से कराहता हुआ, पास में जमीन पर पड़ा हुआ है।

जरदारी दूसरी बार बन सकते हैं पाकिस्तान के राष्ट्रपति, शहबाज शरीफ संभालेंगे प्रधानमंत्री की कुर्सी

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के अगले राष्ट्रपति बन सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पीएमएल-एन और पीपीपी में गठबंधन के बाद अगर स्थिति में बदलाव नहीं होता है तो देश में पीएमएल-एन पार्टी का प्रधानमंत्री और पीपीपी का राष्ट्रपति देखने को मिलेगा। मंगलवार रात को सभी को चौंकाते हुए नवाज शरीफ ने अपने भाई शहबाज शरीफ को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का एलान किया। आठ फरवरी को पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में खंडित जनादेश मिला था और किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। ऐसे में पाकिस्तान में गठबंधन सरकार का बनना तय था। इमरान खान की पार्टी पीटीआई द्वारा समर्थित उम्मीदवारों की संख्या सबसे ज्यादा है, लेकिन नेशनल असेंबली की सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद पीटीआई की सरकार नहीं बन पाएगी। पीपीपी अध्यक्ष जरदारी (68 वर्षीय) साल 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रह चुके हैं। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया में बीते दिनों ऐसी खबरें आ रहीं थी कि पीएमएलएन के साथ गठबंधन सरकार बनाने को लेकर पीपीपी में दो फाड़ है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129